RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 164
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 20 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

मादक पदार्थ तस्करों से कठोरता से निपटें
राष्ट्रीय-11

जनसंख्या में चीन से आगे निकला भारत

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार हमारी आबादी 142 करोड़ के पार, चीन के मुकाबले जनसंख्या 30 लाख ज्यादा

- केरल और पंजाब में बुजुर्ग आबादी ज्यादा, जबकि बिहार और उत्तर प्रदेश में युवा आबादी अधिक
- रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक जनसंख्या 1950 के बाद सबसे धीमी दर से बढ़ रही है, जो 2020 में एक प्रतिशत से कम हो गई है

मुंबई में बुधवार को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (सीएसएमटी) पर लोकल ट्रेन का इंतजार करते बड़ी संख्या में दैनिक यात्री। ज्ञात रहे कि भारत चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है।

एजेंसी। नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार भारत की आबादी बढ़कर 142.86 करोड़ हो गई है और वह चीन को पीछे छोड़ दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व जनसंख्या डैशबोर्ड (मंच) के अनुसार, चीन की आबादी 142.57 करोड़ है।

वैश्विक स्तर पर आबादी के आंकड़े 1950 से एकत्र किए जा रहे हैं और पहली बार भारत सबसे अधिक आबादी वाले देशों की संयुक्त राष्ट्र सूची में शीर्ष पर है। संयुक्त राष्ट्र की विश्व जनसंख्या संभावना 2022 के अनुसार, 1950 में भारत की जनसंख्या 86.1 करोड़ थी जबकि चीन की जनसंख्या 114.4 करोड़ थी। भारत की आबादी 2050 तक बढ़कर 166.8 करोड़ होने की उम्मीद है, जबकि चीन की जनसंख्या घटकर 131.7 करोड़ हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक जनसंख्या 1950 के बाद सबसे धीमी दर से बढ़ रही है, जो 2020 में एक प्रतिशत से कम हो गई है। विश्व जनसंख्या संभावना 2022 के अनुसार, भारत की आबादी पिछले साल 141.2 करोड़ थी, जबकि चीन की आबादी 142.6 करोड़ थी। रिपोर्ट के अनुसार, 15 नवंबर को वैश्विक आबादी के आठ अरब तक पहुंचने का अनुमान है।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 25 प्रतिशत जनसंख्या 0-14 (वर्ष) आयु वर्ग की है जबकि 18 प्रतिशत 10 से 19 साल आयु वर्ग, 26 प्रतिशत 10 से 24 आयु वर्ग, 68 प्रतिशत 15 से 64 आयु वर्ग की और सात प्रतिशत आबादी 65 वर्ष से अधिक आयु की है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की जनसांख्यिकी एक राज्य से दूसरे राज्य में भिन्न है। केरल और पंजाब में बुजुर्ग आबादी अधिक है, जबकि बिहार और उत्तर प्रदेश में युवा आबादी अधिक है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की भारत की प्रतिनिधि और भूटान की कंट्री डायरेक्ट एंड्रिया वोज्नार ने कहा, भारत के 1.4 अरब लोगों को 1.4 अरब अवसरों के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, देश की 25.4 करोड़ आबादी युवा (15 से 24 वर्ष के आयुवर्ग) है... यह नवाचार, नई सोच और स्थाई समाधान का स्रोत हो सकती है। वोज्नार ने कहा कि सतत भविष्य के लिए लैंगिक समानता, सशक्तीकरण और महिलाओं तथा लड़कियों के लिए अपने शरीर पर उनका अधिकार सुनिश्चित करना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत अधिकारों तथा विकल्पों का सम्मान किया जाना चाहिए और सभी को यह फैसला करने में सक्षम होना चाहिए कि बच्चे कब (यदि हों) और कितने हों। संयुक्त राष्ट्र की अधिकारी ने कहा, महिलाओं और लड़कियों को यौन तथा प्रजनन संबंधी नीतियों तथा कार्यक्रमों का केंद्र होना चाहिए। सभी लोगों के अधिकारों, विकल्पों और समान मूल्यों का सही मायने में सम्मान करके ही हम भविष्य की अनंत संभावनाओं का रास्ता खोल पाएंगे।

अगले तीन दशक तक बढ़ने के बाद घटेगी भारत की आबादी

नई दिल्ली। भारत के दुनिया में सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र का पूर्वानुमान है कि देश की जनसंख्या अगले तीन दशक तक बढ़ती रह सकती है और उसके बाद यह घटना शुरू होगी। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की भारत की प्रतिनिधि और भूटान की निदेशक एंड्रिया वोज्नार ने कहा, भारत की 1.4 अरब आबादी को 1.4 अरब अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए।

हमारे लिए जनसंख्या और प्रतिभा दोनों महत्वपूर्णः चीन

बीजिंग। भारत की आबादी 142.86 करोड़ हो गई है और वह चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है, लेकिन चीन ने इस रिपोर्ट को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि उसके पास अब भी 90 करोड़ से अधिक लोगों का गुणवत्ता वाला मानव संसाधन है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि जनसंख्या लाभांश संख्या पर नहीं, गुणवत्ता पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन के लिए जनसंख्या महत्वपूर्ण है और प्रतिभा भी महत्वपूर्ण है।

जातिगत जनगणना पर सियासत हुई तेज

- भाजपा ने राहुल पर पाखंड का आरोप लगाया, कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों के रुख की याद दिलाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जातिगत जनगणना की मांग को लेकर सियासत गरम हैं। केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए जातिगत गणना कराने की मांग का मजबूती से समर्थन करने के कारण राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए भाजपा सूत्रों ने बुधवार को उन पर पाखंड का आरोप लगाया और इस मुद्दे पर उन्हें कांग्रेस की पूववर्ती सरकारों के रुख की याद दिलवाई। भाजपा सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस नेता और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने 2010 में तत्कालीन राज्यसभा सदस्य अली अनवर को पत्र लिखकर कहा था कि जाति के आधार पर समुदाय भेद को हतोत्साहित करने का फैसला भारत के संविधान की प्रस्तावना में निहित धर्मनिरपेक्ष राज्य की भावना को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

उन्होंने कहा कि 2018 में कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले जाति आधारित जनगणना के निष्कर्षों को प्रकाशित नहीं किया था। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने 1990 में संसद में एक बहस के दौरान मंडल आयोग को लागू करने के लिए तत्कालीन वी पी सिंह सरकार पर निशाना साधा था। इस आयोग ने अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सिफारिश की थी। सूत्रों ने बताया कि राजीव गांधी ने इसे जाति के आधार पर देश को बांटने का प्रयास करार दिया था और आरोप लगाया था कि अंग्रेजों ने जो किया, यह उससे बहुत अलग नहीं है।

भाजपा सूत्रों ने बताया कि 2010 में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री प्रणब मुखर्जी की अध्यक्षता में मंत्रियों का एक समूह जातिगत जनगणना के मुद्दे पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाया था क्योंकि कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता इस तरह की जनगणना के खिलाफ थे। उन्होंने जातिगत जनगणना के खिलाफ देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रुख का भी हवाला दिया और कहा कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने सत्ता में रहने के दौरान मंडल आयोग को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। भाजपा ने जातिगत जनगणना के मुद्दे पर अब तक कोई आधिकारिक रुख नहीं अपनाया है। इस मांग को पहले राष्ट्रीय जनता (शेष पेज 9)

शाह को फोन करना साबित हुआ तो इस्तीफा दे दूंगीः ममता बनर्जी

- टीएमसी के राष्ट्रीय दर्जे का मामला, पार्टी ने शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

पीएनएस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि अगर यह साबित हो जाता है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा गंवाने के बाद उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को फोन किया था, तो वह इस्तीफा दे देंगी।

वहीं तृणमूल कांग्रेस ने एक पत्र लिखकर भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी से उनके झूठे और छवि खराब करने वाले दावों को वापस लेने को कहा है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय में संवाददाताओं से बातचीत में बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी का नाम ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस बना रहेगा।

बंगाल के नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी के इस दावे पर कि उन्होंने (ममता ने) फोन किया था, को खारिज करते हुए बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा, अगर यह साबित होता है कि मैंने टीएमसी के राष्ट्रीय दर्जे को लेकर अमित शाह को फोन किया था तो मैं इस्तीफा दे दूंगी। अधिकारी ने मंगलवार को दावा किया था कि निर्वाचन आयोग ने जब टीएमसी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खत्म कर दिया था तो बनर्जी ने अमित शाह को फोन कर उनसे फैसले को निरस्त कराने (शेष पेज 9)

स्थानीय भाषाओं में परीक्षा देने की अनुमति दें विविः यूजीसी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देश के विश्वविद्यालयों से आग्रह किया है कि वे छात्रों को स्थानीय भाषाओं में परीक्षा लिखने की अनुमति दें, भले ही पाठ्यक्रम अंग्रेजी माध्यम में हो। आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है।

आयोग ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थान पाठ्य पुस्तकें तैयार करने और मातृभाषा/स्थानीय भाषाओं में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोग ने जोर देकर कहा कि इन प्रयासों को मजबूत करना और मातृभाषा/स्थानीय भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों को लिखने और अन्य भाषाओं से मानक पुस्तकों के अनुवाद सहित शिक्षण में उनके उपयोग को प्रोत्साहित करने जैसी पहल को बढ़ावा देना आवश्यक है। कुमार ने पत्र में लिखा, आयोग (शेष पेज 9)

अतीक-अशरफ के तीनों हत्यारों की चार दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

- हत्याकांड के समय लापरवाही बरतने के आरोपी इंस्पेक्टर सहित पांच पुलिस कर्मी निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अतीक अहमद और अशरफ को अंधाधुंध गोलियां चला कर मौत के घाट उतारने वाले सनी, अरुण और लवलेश की पुलिस कस्टडी रिमांड कोर्ट ने मंजूर कर ली है। सीजेएम कोर्ट से एसआईटी ने तीनों आरोपियों की 7 दिन की कस्टडी रिमांड मांगी थी लेकिन सीजेएम ने 4 दिन की रिमांड मंजूर की। रिमांड मंजूर होने के बाद एसआईटी तीनों आरोपियों को लेकर प्रयागराज, पुलिस लाइन गई।

अब उनको मौकाए वारदात पर ले जाकर क्राइम सीन री-क्रिएट करा कर वारदात को कैसे और किस तरह से अंजाम दिया गया? पुलिस ये पता लगाने की कोशिश करेगी। आरोपियों की कस्टडी रिमांड बुधवार दोपहर 2 बजे शुरू हो गई और 23 तारीख तक शाम 5 बजे तीनों आरोपी पुलिस कस्टडी में रहेंगे। इस दौरान एसआईटी शूटरों से ये पता लगाएगी की उनको हत्या करने के लिए किसने कहा? वारदात को अंजाम देने के लिए पिस्टल और कारतूस किसने और कब दिए और घटना से पहले वो किसके सम्पर्क में थे और कहा कहा रुके थे? इस बीच उनकी मदद किन लोगों ने की? जिस वक्त ये वारदात हुई और आरोपियों की गिरफ्तारी हुई उस वक्त उनके पास से कोई मोबाइल और कोई बाइक बरामद नहीं हुई, तो पुलिस ये भी पता लगाएगी की आखिर उनको अतीक अहमद व अशरफ की ये जानकारी कैसे मिली कि दोनों का पुलिस काल्विन अस्पताल लाकर मेडिकल चेकअप कराएगी।

इसके अलावा पुलिस उनसे ये भी पूछेगी की मीडिया कर्मी बनने के लिए उनको कैमरा माइक और आई कार्ड किसने उपलब्ध कराए थे। एसआईटी को इन सवालों का जवाब अगर मिल गया तो माफिया ब्रदर की हत्या के (शेष पेज 9)

डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को बरी करने का आदेश रद्द

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने माओवादियों से संबंध के मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जी.एन. साईबाबा को बरी करने संबंधी बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को बुधवार को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने बंबई उच्च न्यायालय को चार महीने के भीतर मामले पर गुण-दोष के आधार पर नए सिरे से विचार करने का निर्देश भी दिया। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह और न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को साईबाबा और अन्य आरोपियों की अपील उसी पीठ के पास नहीं भेजने का निर्देश दिया, जिसने उन्हें आरोपमुक्त किया था। न्यायालय ने कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधों को मंजूरी देने सहित कानून से संबंधित सभी प्रश्नों पर उच्च न्यायालय द्वारा विचार किए जाने का विकल्प खुला रहेगा।

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता

केंद्र का सुनवाई में राज्यों को पक्ष बनाए जाने का आग्रह

- सरकार उस विशेषता के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकती जिस पर व्यक्ति का नियंत्रण न होः सुप्रीम कोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि सरकार उन यौन विशेषताओं के आधार पर किसी व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं कर सकती, जिस पर उस व्यक्ति का कोई नियंत्रण नहीं है। न्यायालय ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के पास इस दावे के समर्थन में कोई आंकड़ा नहीं है कि समलैंगिक विवाह अभिजात्य या शहरी है।

वहीं केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से आग्रह किया कि इस मामले में सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को पक्ष बनाया जाए। शीर्ष अदालत समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी देने के अनुरोध वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने सुनवाई के दूसरे दिन कहा, यह बहुत आसान है, सरकार किसी व्यक्ति के साथ उस विशेषता के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकती, जिस पर उस व्यक्ति का कोई नियंत्रण नहीं है। केंद्र ने शीर्ष अदालत में दायर अपने एक हलफनामे में याचिकाओं को सामाजिक स्वीकृति के उद्देश्य से शहरी अभिजात्य (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

सीबीआई ने ऑक्सफैम इंडिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

नई दिल्ली। सीबीआई ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक शिकायत के आधार पर विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के कथित उल्लंघन के लिए ऑक्सफैम इंडिया और उसके पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। शिकायत, जो अब प्राथमिकी का हिस्सा है, में आरोप लगाया गया है कि हालांकि ऑक्सफैम इंडिया का एफसीआरए पंजीकरण समाप्त हो गया, इसके बावजूद उसने अन्य माध्यमों से धन के लेनदेन के लिए कानून का उल्लंघन किया। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के कथित उल्लंघन को लेकर दिल्ली में ऑक्सफैम इंडिया के कार्यालय में तलाशी ली। शिकायत में आरोप लगाया गया है, सीबीडीटी द्वारा आईटी सर्वेक्षण के दौरान मिले ईमेल से ऐसा प्रतीत होता है कि ऑक्सफैम इंडिया सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च (सीपीआर) को अपने सहयोगियों/कर्मचारियों के माध्यम से दलाली के रूप में धन उपलब्ध करा रहा है। यह ऑक्सफैम इंडिया के टीडीएस डेटा से भी परिलक्षित होता है जो वित्तीय वर्ष 2019-20 में सीपीआर को 12.71 लाख रुपए का भुगतान दर्शाता है।

अजित पवार भाजपा के साथ आए तो हम सरकार में नहीं रहेंगेः शिवसेना

- प्रवक्ता संजय शिरसाट ने कहा, हम राकांपा के साथ मिलकर शासन नहीं करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

शिवसेना के प्रवक्ता संजय शिरसाट ने कहा कि अगर अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेताओं के समूह के साथ भाजपा से हाथ मिलाते हैं तो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिव सेना महाराष्ट्र में सरकार का हिस्सा नहीं रहेगी। शिरसाट ने मंगलवार को मुंबई में पत्रकारों से कहा कि उन्हें लगता है कि राकांपा प्रत्यक्ष रूप से भाजपा से हाथ नहीं मिलाएगी। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और भाजपा की गठबंधन सरकार है।

शिरसाट ने कहा कि हमारी रणनीति स्पष्ट है। राकांपा वह पार्टी है जो धोखा देती है। हम राकांपा के साथ मिलकर शासन नहीं करेंगे। अगर भाजपा, राकांपा के साथ जाती है तो महाराष्ट्र को यह पसंद नहीं आएगा। हमने (उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना से) बाहर होने का फैसला किया क्योंकि लोगों को हमारा कांग्रेस और राकांपा के साथ होना पसंद नहीं था। शिरसाट ने कहा कि अजित पवार ने कुछ नहीं कहा है इसका मतलब है कि वह राकांपा में नहीं रहना चाहते।

शिवसेना के नेता ने कहा, हमने कांग्रेस और राकांपा को छोड़ा, क्योंकि हम उनके साथ नहीं रहना चाहते थे। अजित पवार को वहां पूरी आजादी नहीं है। इसलिए अगर वह राकांपा को छोड़ते हैं तो हम उनका स्वागत करेंगे। अगर वे राकांपा के नेताओं के समूह के साथ आएंगे तो हम सरकार का हिस्सा नहीं रहेंगे। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के अलावा कांग्रेस और राकांपा महाराष्ट्र (शेष पेज 9)

दिल्ली के शास्त्री पार्क में तीन बच्चे तालाब में डूबे

नई दिल्ली(पीएनएस)। उत्तर पूर्व दिल्ली के शास्त्री पार्क में बुधवार को यमुना खादर के पास एक तालाब में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय टिर्की ने कहा कि एक हत्याकांड के सिलसिले में इलाके में आए पुलिसकर्मियों ने दोपहर करीब 12:30 बजे बच्चों को डूबते हुए देखा और उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि बाद में तीनों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिए गए। तीनों बच्चे भगवानपुर खेड़ा गांव, शाहदरा के थे। मृतकों में दो बच्चों की पहचान हिमांशु (12) और कृष्ण चौहान (13) के रूप में की गई है। दोनों के अभिभावकों का दावा है कि उनके बच्चे पहले कभी इस इलाके में नहीं गए थे। हिमांशु के पिता गोवर्धन ने कहा कि (शेष पेज 9)

अयोध्या मंदिर में धनुर्धारी के रूप में विराजमान होंगे राम लला

भाषा। अयोध्या

अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर के मूल गर्भगृह में राम लला की बाल्यकाल की पांच फुट ऊंची, धनुर्धारी रूपी प्रतिमा स्थापित की जाएगी जो कर्नाटक से लाई गई कृष्ण शिला को तराश कर बनाई जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की मंगलवार देर शाम संपन्न हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रामलला की नई मूर्ति को लेकर विचारविमर्श करने के लिए अयोध्या में ट्रस्ट की दो दिवसीय बैठक सोमवार से आयोजित हुई थी।

ट्रस्ट के सदस्य, उडुप्पी के संत स्वामी तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बुधवार को बताया, भगवान राम की नई प्रतिमा पांच फुट ऊंची होगी। खड़ी मुद्रा वाली यह प्रतिमा धनुष बाण लिए हुए पांच साल के बच्चे के रूप में होगी। प्रसन्नाचार्य ने कहा, मैसूरु के मूर्तिकार अरुण योगीराज, अयोध्या में कर्नाटक के करकर गांव और हेगे देवेन कोटे गांव से लाई गई कृष्ण शिलाओं को प्रतिमा बनाने के लिए तराशेंगे। योगीराज तय करेंगे कि वह किस पत्थर पर मूर्ति बनाएंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया, हमें शीर्ष संतों और हिंदू विद्वानों से सुझाव मिले हैं कि राम लला की प्रतिमा उनके बाल्यकाल की, करीब 5-6 साल के बच्चे की तरह होनी चाहिए। विचार यह है कि केवल एक, खड़ी मुद्रा वाली प्रतिमा बनाई जानी चाहिए। राय ने कहा, शीर्ष संतों, भूवैज्ञानिकों, मूर्तिकारों, हिंदू धार्मिक ग्रंथों के विशेषज्ञों, इंजीनियरों और मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के एक उच्च स्तरीय दल ने चट्टानों पर गहन तकनीकी और धार्मिक अध्ययन किया जिसके बाद प्रतिमा निर्माण के लिए कृष्ण शिला का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि अगले साल मकर संक्रान्ति पर्व पर मंदिर के मूल गर्भगृह में राम लला की नई प्रतिमा की स्थापना के लिए श्रद्धालु बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

प्रतीकात्मक चित्र

अयोध्या में मंदिर के निर्माण के लिए पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भूमिपूजन किया गया था। राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। उच्चतम न्यायालय ने 9 नवंबर, 2019 को दिए गए अपने फैसले में व्यवस्था दी थी कि 2.77 एकड़ की उस जगह पर राम मंदिर बनाया जाए, जहां कभी बाबरी मस्जिद थी। न्यायालय की व्यवस्था में कहा गया था कि उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के भीतर एक मस्जिद के निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन अलग रखी जाए।

नीलम का सपा से कटा टिकट, पूनम बनीं प्रत्याशी

संशोधित सूची में गाजियाबाद और मेरठ समेत 9 जनपदों में महापौर पद के प्रत्याशी घोषित

पूनम यादव

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम चुनाव में गाजियाबाद की महापौर सीट पर बड़ा उलटफेर हुआ है। समाजवादी पार्टी ने अपना महापौर प्रत्याशी बदल दिया है।

समाजवादी पार्टी की ओर से जारी संशोधित सूची में पीएन गर्ग की पत्नी नीलम गर्ग का टिकट काट दिया गया है और उनके स्थान पर बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में गए सिकंदर यादव की पत्नी पूनम यादव को गाजियाबाद से समाजवादी पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है। नीलम गर्ग का टिकट काटे जाने की पुष्टि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाजी राशिद मलिक द्वारा की गई है। गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व समाजवादी पार्टी ने नीलम गर्ग को गाजियाबाद से सपा का महापौर प्रत्याशी घोषित किया था। नीलम गर्ग के पति पीएन गर्ग विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोडकर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे।

तीन दिन पूर्व समाजवादी पार्टी की ओर से जारी सूची में पीएन गर्ग की पत्नी नीलम गर्ग को महापौर पद का कैंडिडेट बनाया गया था। पीएन गर्ग लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय जाकर अपनी पत्नी नीलम गर्ग के लिए सिंबल भी ले आए थे, लेकिन आज समाजवादी पार्टी की ओर से एक सूची जारी की गई। इस संशोधित सूची में गाजियाबाद और मेरठ समेत 9 जनपदों में महापौर पद के प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। गाजियाबाद से सिकंदर यादव की पत्नी पूनम को समाजवादी पार्टी का कैंडिडेट बनाया गया है।

गौरतलब है कि सिकंदर यादव बसपा के कद्दावर नेता रहे हैं। उनकी पत्नी को समाजवादी पार्टी का टिकट दिए जाने से इस सीट पर समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। ज्ञात हो गाजियाबाद सीट भापजा की परंपरागत सीट रही है।

दूसरे वार्ड से चुनाव लड़ने वाले प्रमाणित करा रहे हैं वोटर लिस्ट

गाजियाबाद। अगर कोई व्यक्ति नगर निगम पार्षद का चुनाव अपना वार्ड छोड़ दूसरे वार्ड से लड़ेगा तो उसे नया नियम का पालन करना होगा। ऐसे उम्मीदवार को वोटर लिस्ट में अपने नाम का वेरिफिकेशन प्रमाण पत्र लेना होगा। यह प्रमाण पत्र उन्हें क्षेत्रीय एसडीएम की ओर से जारी किया जाएगा। इस नए नियम को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। ऐसे में जो लोग या किसी भी पार्टी के कार्यकर्ता किसी दूसरे वार्ड से चुनाव लडने की सोच रहे हैं उन्हें नए नियम के हिसाब से अपना प्रमाण पत्र तैयार कराना होगा। बता दें कि नगर निगम के वार्ड या किसी भी नगर निकाय के किसी भी वार्ड से कोई भी चुनाव लड़ सकता है। वोटर लिस्ट में नाम जिस वार्ड में हैं अगर उसी वार्ड से चुनाव लड़ने के लिए कोई नामांकन पत्र भरता है तो उन्हें वोटर लिस्ट की फोटो प्रति भी देनी होती है। जिसमें वार्ड संख्या, नाम, भाग संख्या आदि लिखा होता है। वहीं, अगर दूसरे किसी वार्ड से कोई चुनाव लड़ता है तो उसे वोटर लिस्ट की प्रमाणित प्रति लगानी होगी।

रालोद से रंजीता धामा और विनोद गौतम को मिले सिंबल

गाजियाबाद। नगर निकाय चुनाव चल रहा है, रालोद ने अपने घोषित कैंडिडेट को सिंबल वितरित करने शुरू कर दिए हैं। लोनी की पूर्व चेयमैन एवं रालोद प्रत्याशी रंजीता धामा को सिंबल मिल गया है। इसी क्रम में मोदीनगर से रालोद के प्रत्याशी बनाए गए विनोद गौतम को भी सिंबल सौंपा गया। रालोद के दोनों कैंडिडेट को जिलाध्यक्ष अमित त्यागी ने पार्टी कार्यालय पर सिंबल सौंपा। काबिलेगौर है कि लोनी से रालोद ने पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ नेता मनोज धर्मा की पत्नी रंजीता धामा को टिकट दिया है। रंजीता धामा अपने समर्थकों के साथ पार्टी कार्यालय पहुंचीं। रालोद के जिलाध्यक्ष अमित त्यागी सरना ने उन्हें पार्टी का सिंबल प्रदान किया। इस अवसर पर रंजीता धामा ने कहा कि लोनी की जनता का भारी समर्थन उनके साथ है। उन्होंने दावा किया कि वे भारी मतों के साथ चुनाव जीतने जा रही हैं। इस अवसर पर मौजूद रालोद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार अभिनंदन भी किया। उधर, रालोद कार्यालय पर मोदीनगर चेयरमैन पद के लिए कैंडिडेट बनाए गए विनोद गौतम को भी जिलाध्यक्ष अमित त्यागी ने रालोद का सिंबल प्रदान किया। इस अवसर पर रालोद नेताओं ने उनका मुंह मीठा कराते हुए उन्हें जीत की बधाई भी दी। इस अवसर पर रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, पूर्व महानगर अध्यक्ष रविन्द्र चौहान, वरिष्ठ नेता रणवीर दहिया, ओडी त्यागी, सत्येन्द्र तोमर, नगर अध्यक्ष ललित सेन आदि रालोद नेता मौजूद रहे।

भाजपा में मुरादनगर और खोड़ा पर कशमकश

गाजियाबाद। भाजपा में लोनी, निवाड़ी, पतला, फरीदनगर आदि सीटों को लेकर प्रत्याशियों का पैनल तैयार कर लिया गया है। सबसे ज्यादा कशमकश नगर निगम मेयर, मुरादनगर और खोड़ा के चेयरमैन पद को लेकर है। गाजियाबाद नगर निगम के मेयर व पार्षद, खोड़ा व मुरादनगर पालिका के चेयरमैन व सभासद पद के लिए प्रत्याशियों पर कोर कमेटी मंथन कर रही है। मंगलवार को भी कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रत्याशियों के नाम फाइनल करने पर मंथन किया था। दोपहर बाद फिर से इन तीन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नाम तय किए जाएंगे। बैठक में कोर कमेटी के सदस्यों के अलावा अन्य किसी के प्रवेश पर रोक रहेगी। कमेटी में क्षेत्रीय सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, प्रभारी मंत्री असीम अरूण, गाजियाबाद विधायक अतुल गर्ग, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, चारों महानगर महामंत्री और क्षेत्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त सभी तीन क्षेत्रों के लिए टिकट के दावेदारों पर चर्चा करेंगे।

बसपा ने सभी उम्मीदवारों पर लगाई मुहर

गाजियाबाद। बहुजन समाज पार्टी ने पार्षदों व सभासदों की बात तो छोडिये नगर पंचायत, परिषद और पालिकाओं के अलावा नगर निगम के मेयर व चेयरमैन पद के प्रत्याशी और सभासदों व पार्षदों के संभावित उम्मीदवारों के नाम पर भी मुहर लगा दी है। सामयिक परिस्थितियों को देखते हुए बसपा ने इस बार पूरी तरह से मुस्लिम-दलित कार्ड खेलकर अन्य सभी दलों को चौंका दिया है। बसपा के आंतरिक भाग से छनकर बाहर आ रही बात पर अगर विश्वास किया जाये तो बहुजन समाज पार्टी ने मुरादनगर नगर पालिका परिषद की चेयमैन के पद पर पूर्व विधायक एवं बसपा के विरष्ठ नेता वहाब चौधरी की पत्नी छम्मी चौधरी, मोदीनगर से जगमोहन जाटव, पतला से संदीप राणा या सहजोर, लोनी से औलाद अली की पुत्रवधु, निवाड़ी से मुस्लिम अथवा त्यागी और डासना से बसपा नेता डॉ मुजाहिद हुसैन की पत्नी बागेजहां बेगम के नाम तय कर दिये हैं। नगर निगम के मेयर व खोड़ा नगर पालिका के चेयरमैन के पद भी उम्मीदवार लगभग तय है, बस इनकी घोषणा की जानी बाकी है। सूत्रों का यह भी कहना है कि नगर निगम के मेयर पद पर भी एक कद्दावर मुस्लिम नेता की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

एनआरआई को ठगने वाले बाबा के तार बॉलीवुड से जुड़े

- अभिनेत्री भाग्यश्री और अभिनेता शक्ति कपूर के साथ फोटो सामने आया
- बाबा के अलग-अलग स्थानों पर 42 से ज्यादा फ्लैट्स

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा पुलिस ने एनआरआई से 3 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले एक बाबा समेत 4 लोगों गिरफ्तार किया। पुलिस को जांच में पता चला कि बाबा ने तंत्र-मंत्र के माध्यम से एनआरआई को बंधक बनाकर ठगी का निशाना बनाया था।

अब पीड़ित ने बाबा का काला चिट्ठा खोल दिया है। पीड़ित ने बताया कि बाबा के अलग-अलग स्थानों पर 42 से ज्यादा फ्लैट्स हैं। एक और बड़ा खुलासा हुआ है। बाबा का बॉलीवुड अभिनेताओं और अभिनेत्रियों से भी लिंक मिला है। बाबा का मशहूर भारतीय अभिनेत्री भाग्यश्री और जाने-माने बॉलीवुड अभिनेता शक्ति कपूर के साथ फोटो सामने आया है।

पीड़ित संजय शर्मा ने बताया कि बाबा उर्फ मोहम्मद फैजान उर्फ गुरुजी ने उनको तंत्र-मंत्र में फंसाया था। इस बड़े अपराध में हिमांशु भाटी, हिमांशु की पत्नी मोना भाटी, मोहम्मद फैजान, फैजान की बीवी जोहा और विशाल शामिल थे।

संजय शर्मा के मुताबिक बाबा ने शक्ति कपूर और भाग्यश्री के साथ अपने फोटो दिखाए थे। हिमांशु भाटी ने पीड़ित संजय शर्मा से कहा था कि बाबा के पास अनेक देवी शक्तियां हैं और बड़े-बड़े लोग उनसे अपना इलाज करवाने के लिए आते हैं। यह भी बताया जा रहा है कि बाबा उर्फ मोहम्मद फैजान के वेस्ट यूपी में दो नामी रेस्टोरेंट है।

जिनका उद्घाटन कुछ दिग्गज लोगों से करवाया गया था। हिमांशु भाटी के द्वारा पीड़ित संजय भाटी को बताया गया था कि बाबा को बॉलीवुड की पार्टी में बुलाया जाता है। ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में स्थित परी चौक के पास में एक अमेरिकन एनआरआई से 3 करोड़ रुपए की ठगी की थी।

बीते 8 अप्रैल 2023 को पुलिस ने प्रेस वार्ता करते हुए पूरे मामले का खुलासा किया। इसकी जानकारी बीटा-2 थाना पुलिस को 7 अप्रैल की सुबह हुई थी। जिसके बाद बीटा-2 कोतवाली में तैनात 7 पुलिसकर्मियों ने पीड़ित के फ्लैट में पहुंचकर सभी आरोपियों को धर दबोचा। मौके पर पुलिस को एक महिला और 3 पुरुष मिले थे। सभी को गिरफ्तार किया तो मामले का खुलासा हुआ।

पुलिस बाबा की कुंडली खंगाल रही है ताकि इस बात की तहकीकात हो सके कि बाबा ने कितने और लोगो को ठग लिया है। मामले की जांच अभी जारी है। पुलिस कुछ और लोगों से पूछताछ कर सकती है।

संक्षिप्त समाचार

सांप्रदायिक सद्भाव कायम करने के लिए मार्च करती पुलिस।

एसीपी कोतवाली की अगुवाई में पीस कमेटी की बैठक

गाजियाबाद। ईद उल फितर जैसे त्यौहार पर सांप्रदायिक सद्भाव एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर दिखाई दे रही है। इस क्रम में एसीपी कोतवाली सुजीत राय की अगुवाई में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कोतवाल महेश सिंह राणा के अलावा नगर के गणमान्य लोग एवं पीस कमेटी के पदाधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर एसीपी सुजीत राय ने बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों को ईद का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

होमगार्ड के सहायक प्लाटून कमांडर पर गाज गिरनी तय

गाजियाबाद। सोशल मीडिया के विभिन्न ग्रुपों पर ट्रैफिक नाकों पर तैनात होने वाले पुलिसकर्मियों, होमगाड्र्स की तैनाती की बोली लगाकर पुलिस महकमें हड़कंप मचा देने वाले होमगार्ड विभाग के अवैतनिक सहायक प्लाटून कमांडर भूरि सिंह पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। इस संदर्भ में एडीसीपी ट्रैफिक रामानन्द कुशवाहा ने बताया कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर ऐसी ऑडियो वायरल हुई थी, जिसमें खुद को अफसर बताकर एक शख्स ट्रैफिक नाकों पर तैनाती के लिये खुली बोली लगा रहा था। उक्त प्रकरण की जांच में होमगार्ड विभाग के अवैतनिक सहायक प्लाटून कमांडर भूरि सिंह को दोषी पाया गया। उसके बाद पुलिस विभाग से भूरि सिंह को तत्काल हटाकर उसे वापस उसके विभाग के लिये भेज दिया। कमिश्नरेट पुलिस प्रशासन ने होमगार्ड के कमांडेंट से भूरि सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की संस्तुति भी की गई।

पार्ट टाइम नौकरी के नाम पर युवतियों से ठगी

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में अलग-अलग घटनाओं में साइबर ठगों द्वारा पार्ट टाइम नौकरी देने के नाम पर तीन युवतियों से करीब दो लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है, जबकि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, नोएडा सेक्टर-34 स्थित धवलगिरि अपार्टमेंट निवासी पूनम ने साइबर ठगों द्वारा पार्ट टाइम नौकरी के नाम पर ठगी की शिकायत की थी, इसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने पीड़िता के हवाले से बताया कि पीड़िता को एक संदेश आया था, जिसमें कहा गया था कि वह घर बैठे पार्ट टाइम काम करके मोटी रकम कमा सकती हैं और इस क्रम में महिला से 25 हजार रुपए ठग लिए। ऐसे ही एक अन्य मामले में दो युवतियों से कथित तौर पर एक लाख 70 हजार रुपए ठग लिए जाने का मामला सामने आया है।

दोस्ती कर महिला से किया बलात्कार, गिरफ्तार

नोएडा। एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया के जरिए एक महिला से दोस्ती करने और फिर उसे मेरठ से ग्रेटर नोएडा बुलाकर कथित तौर पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि मामले में बीटा-2 थाना में प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बीटा-2 थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति ने फेसबुक के माध्यम से उससे दोस्ती की तथा मिलने के लिए ग्रेटर नोएडा बुलाया। उन्होंने बताया कि पीड़िता का आरोप है कि संदीप नामक युवक उसे एच्क्षर गांव ले गया और उसे नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया व उससे बलात्कार किया।

नोएडा प्रशासन ने सुपरटेक का कार्यालय किया सील

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दिल्ली से सटे नोएडा में जिला प्रशासन ने जमीन, जायदाद के विकास से जुड़ी प्रमुख कंपनी सुपरटेक समूह के कार्यालय को सील कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कंपनी ने प्रशासन की इस कार्वाई को अवैध बताते हुए कहा कि जो कार्यालय सील किया गया है, वह सुपरटेक लिमिटेड का है जबकि बकाया वसूली का मामला सुपरटेक टाउनशिप से जुड़ा है। जिला प्रशासन ने समूह के सुपरटेक टाउनशिप से बकाया वसूलने के लिए हाल ही में कार्वाई शुरू की थी। अतिरिक्त जिला अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने से कहा, सुपरटेक का कार्यालय सील कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, कार्यालय को सील करने की प्रक्रिया मंगलवार दोपहर दादरी के तहसीलदार की निगरानी में शुरू की गई थी। इस बीच, सुपरटेक समूह ने जिला प्रशासन की कार्वाई की निंदा की है। कंपनी के अधिकारी ने कहा, अवैध कार्वाई से उन घर खरीदारों को भारी परेशानी हुई है।

कोरोना से एक की मौत, परिजनों का हंगामा

- अस्पताल में भर्ती नहीं करने का लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



एक बार फिर कोरोना का खतरा काफी ज्यादा बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमित बुजुर्ग की सेक्टर-39 स्थित कोविड-19 अस्पताल में मौत हो गई।

मृतक की उम्र 78 साल है। कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर मरीज को जिम्स से कोविड-19 अस्पताल रेफर किया गया था। बुजुर्ग के परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगा अस्पताल में हंगामा किया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने किसी तरह से बीच बचाव किया। इसके बाद मामला शांत हुआ। सीएमओ से मिली जानकारी के मुताबिक, मरीज एनीमिया के साथ कई अन्य बीमारियों से ग्रसित थे। मरीज के कुछ अंग काम नहीं कर रहे थे। गौतमबुद्ध नगर में प्रतिदिन 100 से अधिक कोविड-19 संक्रमित मरीज मिल रहे हैं।

इसके साथ ही पिछले कुछ दिनों से कोरोना के नए मामलों में तेजी से उछाल आ रहा है। बीते 24 घंटों में 142 मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच के सैंपल को भी बढ़ाया गया है। 1793 सैंपल लिए गए हैं। राहत की बात यह है कि 99 मरीज ठीक हुए हैं। पिछले करीब 1 हफ्ते में एक हजार से अधिक कोविड.19 के मरीजों की पुष्टि हुई है। कुल एक्टिव केस 732 है। दूसरी तरफकोरोना वायरस को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क होने का दावा कर रही है।

हर दिन संक्रमण के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मरीजों की रफ्तार जिस तेजी से बढ़ रही है। उससे आशंका जताई जा रही है कि जिले में फिर से हालात ना बिगड़ जाएं। बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए सरकारी अस्पतालों से लेकर स्कूल-कॉलेजों में मास्क पहनकर आना अनिवार्य कर दिया है। यहां तक कि सरकारी विभागों में कोरोना हेल्प डेस्क को अपडेट किया जा रहा है।

आवारा कुत्तों ने महिला पर किया हमला

- महागुन मॉडर्न सोसाइटी की घटना, पीड़िता ने भागकर बचाई जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-78 स्थित महागुन मॉर्डन सोसाइटी में मंगलवार शाम को लावारिस कुत्तों ने एक महिला को काटने का प्रयास किया। महिला अपने छोटे पप्पी के साथ घूम रही थी। महिला ने जैसे-तैसे लावारिस कुत्तों से अपनी और अपने पप्पी की जान बचाई।

महिला ने बताया कि वह अपने पप्पी के साथ घूम रही थी। इस दौरान कई लावारिस कुत्ते उस पर झपट पड़े। उसने करीब 50 मीटर से अधिक दूरी तक भागकर जान बचाई। फिर अन्य लोगों की मदद से महिला की जान बच सकी। सोसाइटी में लावारिस कुत्तों के बढ़ रहे आतंक की वजह से लोगों में दहशत बढ़ती जा रही है।

55 सेकेंड के इस वीडियो में साफदिख रहा है कि एक महिला आपने छोटे पप्पी के साथ पार्क में झूले के पास खड़ी है। उसको दोनों ओर से दो आवारा कुत्ते घेर लेते है। वो अपने पप्पी और अपनी जान बचाने के लिए पहले दुपट्टा से कुत्तों को भगाने का प्रयास करती है। इसके बाद गोद में पप्पी को लेकर दौड़ती है।

पार्क के साइड में बनी हैज को पार करती है वहां तक भी कुत्ते उसका पीछा नहीं छोड़ते है। हाईराइज टॉवर से किसी निवासी ने घर से यह वीडियो बनाया है। जिसे देखकर तमाम लोग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सोसायटी के निवासियों ने कहा हम अपने कुत्तों के कारण सड़कों, पार्कों, बेसमैंट या कॉरिडोर में कहीं सुरक्षित नहीं हैं। आवारा कुत्तों ने जीना मुश्किल कर दिया है, वहीं नगर प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा।

ट्वीटर पर धमकी देने वाले पर मुकदमा दर्ज

गाजियाबाद। ट्वीट करके दूसरे संप्रदाय और शासन-प्रशासन को धमकी देने वाले एक शख्स के खिलाफ क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई करनी शुरू कर दी है।

एसीपी वेव सिटी रविप्रकाश सिंह का कहना है कि जिस युवक ने धमकी भरा टवीट करके उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था, वह गांव अकबरपुर-बहरामपुर का रहने वाला है। यूं तो पुलिस अभी आरोपित की गिरफ्तारी से इन्कार कर रही थी, लेकिन सूत्रों का कहना था कि आरोपित युवक को पकड़ लिया गया है।

सोशल मीडिया पर दोस्ती कर ठगी करने वाले आरोपी नाइजीरियन।

जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगी सेमीकंडक्टर कंपनी, मांगी जमीन

- पहले चरण में होगा 17 हजार करोड़ का निवेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर एयरपोर्ट के पास काफी सारी कंपनियों ने निवेश करने के लिए अपनी रुचि दिखाई है। भारत का सबसे बड़ा हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में बन रहा है। अब इस एयरपोर्ट के पास चिप बनाने वाली सेमीकंडक्टर कंपनी ने 91 एकड़ जमीन मांगी है।

इसके लिए यमुना विकास प्राधिकरण ने तलाश शुरू कर दी है। यमुना प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार इलाके के सेक्टर.28 में कोलकाता की टार्क कंपनी को जमीन मिलेगी। जमीन की तलाश शुरू हो गई है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास यह दूसरी सबसे बड़ी कंपनी होगी, जो सबसे ज्यादा निवेश करेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक सेमीकंडक्टर चीप बनाने वाली कंपनी पहले चरण में 17 हजार करोड़ का निवेश करेगी। कुल चार चरण में कंपनी बनकर तैयार होगी। सीधे तौर पर पहले चरण में इस कंपनी के बनने के बाद 2 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

यह चीप मोटर वही कल के लिए बनाई जाएगी। बताया जा रहा है कि बहुत जल्द उत्तर प्रदेश सरकार को कंपनी के बीच एमओयू साइन होगा। इसके बनने के बाद काफी लोगों को रोजगार मिलेगा।

कंपनी में सुरक्षा को लेकर महिलाओं से मिली एडीसीपी

- बोली- आफिस में यौन शोषण पर चुप नहीं रहे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले में महिलाओं की सुरक्षा को मद्देनजर रखकर महिला सुरक्षा उपायुक्त प्रीति यादव द्वारा थाना फेस-2 स्थित मदर्सन सुमी में मिशन शक्ति के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रीति यादव द्वारा कंपनी की में काम करने वाली महिलाओं को आत्म सुरक्षा से संबंधित में जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम में लगभग 300 से ऊपर महिलाएं शामिल हुई। मौजूद महिलाओं को महिला सुरक्षा पुलिस द्वारा खुद के और अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। वहीं कामकाजी महिलाओं को अपने परिवार के साथ समय बिताने और अपनी समस्याओं को अपने परिवार के साथ सांझा करने के लिया कहा। महिला पुलिस ने कहा कि अपने साथ होने वाले छेड़छाड़, भेदभाव या यौन शोषण से चुप न रहकर उसके खिलाफ लड़ने के निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर महिला हेल्पलाइन नंबर-181 विमेन पावर लाइन-1090 और पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल-112 से तुरंत संपर्क करें के लिए कहा। इस पूरे कार्यक्रम में सभी महिलाओं को गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के द्वारा निर्धारित हेल्प डेस्क के बारे में जागरूक किया गया। जहां पर सभी महिलाएं अपनी समस्याओं को लेकर जा सकती हैं सभी थानों पर महिला सुरक्षा को सबसे अहम माना जाता है और महिलाओं की पहचान गुप्त रखकर सभी कार्यों को किया जाता है।

वहीं कंपनी में काम करने वाली उपस्थित महिलाओं को अपने जीवन में बड़ी उपलब्धियों को हासिल करने के बढ़ावा दिए। इस पूरे कार्यक्रम में एडीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव, एसीपी महिला सुरक्षा वर्णिका सिंह और मदर्सन सुमी के एचआर मैनेजर संजीव अग्रवाल और अन्य महिलाएं उपस्थित रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

12 स्कूलों को नोटिस, छह के खिलाफ जांच शुरू

इन स्कूलों पर महंगी किताबें और यूनिफार्म खरीदने के लिए दबाव बनाने का आरोप

● संतोषजनक जबाव नहीं देने वाले स्कूल सख्त कार्रवाई के लिए रहे तैयार : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महंगी किताबें और स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए माता-पिता को मजबूर करने वाले निजी स्कूलों पर दिल्ली सरकार ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों को सरकार ने कारण बताओं नोटिस भेजना शुरू कर दिया गया है।

शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों चेतावनी है कि नोटिस का संतोषजनक जबाव नहीं मिलने पर उनके खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी। इस बाबत शिक्षा मंत्री आतिशी ने ने कहा कि माता-पिता व अभिभावकों से शिकायत मिलने पर संबंधित 12 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस और 6 के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच में गाइडलाइन्स के उल्लंघन पाया जाता है तो इन स्कूलों पर दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट 1973 के संबंधित प्रावधानों की तहत कार्यवाही की जाएगी। माता-पिता की शिकायतों पर वह खुद नजर रख रही है। साथ ही शिक्षा निदेशालय को निर्देश दिए है कि हर शिकायत का तुरंत निवारण किया जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। आतिशी ने बताया कि शिक्षा निदेशालय द्वारा दिशा निर्देश जारी करने के बावजूद माता-पिता से कई निजी स्कूलों के खिलाफ शिकायत मिल रही है कि स्कूल प्रशासन उन्हें खास प्रकाशक और विक्रेता से महंगी किताबें और स्कूल ड्रेस खरीदने को मजबूर कर रहे है जो पूरी तरह से नियमों के खिलाफ है।

इससे निपटने के लिए शिक्षा निदेशालय पेरेंट्स की ओर से आने वाली हर शिकायतों पर प्राथमिकता से काम करते हुए उसके निवारण का काम कर रही है तथा जिन स्कूलों के खिलाफ ये शिकायतें आ रही है वहां अधिकारीयों द्वारा इन शिकायतों की जांच करवा जा रही है और गाइडलाइन्स की उल्लंघन की स्थिति में उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

माता-पिता कहीं से भी किताबें-ड्रेस खरीदने के लिए स्वतंत्र

शिक्षा निदेशालय की गाइडलाइन्स अभिभावकों को यह स्वतंत्रता देती है कि वे अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी जगह से बच्चों के लिए किताबें व ड्रेस खरीद सकें। ऐसे में अगर निजी स्कूल पेरेंट्स को खास जगह से महंगी किताबें-स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए बाध्य कर रहे है तो ये गाइडलाइन्स की अवहेलना है। हर पेरेंट्स को नए सेशन से पहले आने वाले सत्र के लिए किताबों व ड्रेस के बारें में उचित जानकारी प्राप्त करने का पूरा अधिकार है ताकि वो अपने सुविधा के अनुसार इसकी व्यवस्था कर सके न कि स्कूल उन्हें ये चीजें खुद से या अपनी पसंदीदा दुकानों से खरीदने के लिए मजबूर करें।

शिक्षा निदेशालय की गाइडलाइन्स

शिक्षा निदेशालय की गाइडलाइन्स के तहत निजी स्कूलों को नए सत्र में प्रयोग में आने वाले किताबों व अन्य सामग्रियों की कक्षावार सूची नियमानुसार स्कूल की वेबसाइट और विशिष्ट स्थानों पर पहले से ही प्रदर्शित करनी होती है ताकि अभिभावकों को इसके बारे में जागरूक किया जा सके। इसके अलावा स्कूल को अपनी वेबसाइट पर स्कूल के नजदीक के कम से कम 5 दुकानों का पता और टेलीफोन नंबर भी प्रदर्शित करना होता है जहां से किताबें और स्कूल ड्रेस खरीदे जा सकें। स्कूल पेरेंट्स को किसी भी विशिष्ट विक्रेता से इन चीजों को खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। इस गाइडलाइन्स में ये भी स्पष्ट किया गया है कि कोई भी स्कूल कम से कम 3 साल तक स्कूल ड्रेस के रंग, डिजाइन व अन्य स्पेसिफिकेशन को नहीं बदल सकता है।

प्रदूषण के स्रोतों की रियल टाइम पहचान शुरू

● द्वारका, जहांगीरपुरी, विवेक विहार, मुंडका और आनंद विहार में स्थापित किए गए मॉलिक्यूलर मार्कर नेटवर्क

पर्यावरण मंत्री की अध्यक्षता में रियल-टाइम सोर्स स्टडी को लेकर समीक्षा बैठक।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गर्मियों में बढ़ने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने की कवायद तेज हो गई है। रियल टाइम अपोरशंमेंट स्टडी की सुपरसाइट से प्रदूषण के सही समय और कारको की जानकारी मिलनी शुरू हुई है। इसी कड़ी में राजधानी दिल्ली के हॉटस्पॉट्स में प्रदूषण बढ़ाने वाले मुख्य कारको के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए 5 मॉलिक्यूलर मार्कर नेटवर्क भी लगाए गए है।

यह नेटवर्क द्वारका, जहांगीरपुरी, विवेक विहार, मुंडका और आनंद विहार में स्थापित किए गए है। साथ ही मोबाइल एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग वैन को 13 हॉटस्पॉट पर वास्तविक समय में प्रदूषण के स्रोतों का पता लगाने के लिए वहाँ अलग अलग समय पर तैनात करने के निर्देश जारी किये गए है। प्रदूषण पूर्वानुमान प्राप्त होने से सरकार को नीतिगत निर्णय लेने में भी सहायता होगी।

प्रदूषण पर अंकुश लगाने की गति को धार देने के लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में रीयल-टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट स्टडी को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में डीपीसीसी, पर्यावरण विभाग और आईआईटी कानपुर के सम्बंधित विशेषज्ञ और अधिकारी मौजूद रहें। बैठक के बाद गोपाल राय ने बताया कि रीयल-टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट स्टडी के डाटा पर विस्तार से चर्चा के लिए 15 मई को सेव एनवायरनमेंट राउंड टेबल कांफ्रेंस आयोजित किया जाएगा। इस कांफ्रेंस में सीएक्यूएम, सीपीसीबी, सफर, यूएनईपी, आईएमडी, सीएसई, टेरी, वर्ल्ड बैंक के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों उत्तरप्रदेश, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा राज्यों के प्रतिनिधियों को बुलावा भेजा गया है।

बैठक के बारें में जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया विंटर एक्शन प्लान के हिस्से के रूप में रियल टाइम सोर्स अपॉर्शन्मन्ट स्टडी को शामिल किया था। इसकी शुरुआत से अब एक निश्चित समय पर प्रदूषण के वास्तविक कारणों का पता चल पा रहा है। ऐसा करने वाला दिल्ली देश का पहला राज्य बन गया है।

रियल टाइम सोर्स अपोर्शनमेंट स्टडी से हर घंटे पता चल रहा है कि कहां, किस वजह से प्रदूषण है और अगले 3 दिन का घंटे के आधार पर फोरकास्ट का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

इससे सरकार को किसी भी एरिया में वाहन, इंडस्ट्री , बायोमास बर्निंग, धूल आदि की वजह से होने वाले प्रदूषण की सही जानकारी प्राप्त हो रही है और उससे लड़ने में मदद भी मिलेगी। इसी सन्दर्भ में आज समीक्षा बैठक की गई।

हर घर मुफ्त पहुंचेगा पौधा और गमला

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में हरियाली बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार लोगों को उनके दरवाजे पर मुफ्त में छोटे पौधे और गमले उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पौधारोपण के बाद पौधों की उच्च मृत्यु दर वाली प्रजातियों की पहचान करने और स्थानंतरित किए गए पेड़ों पर मिट्टी व अन्य कारकों के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक टीम गठित की जा रही है, ताकि उनकी उत्तरजीविता दर में सुधार किया जा सके।

गोपाल राय ने बताया कि भारत में वनों की स्थिति पर ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में हरियाली का दायरा वर्ष 2019 में 21.88 फीसदी से बढ़कर वर्ष 2021 में 23.06 प्रतिशत हो गया है। उनकी सरकार हरित क्षेत्र में सुधार के लिए शहरी खेती जैसे वैकल्पिक मॉडल को अपनाने की योजना बना रही है, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी एक समय के बाद संतृप्ति बिंदु पर पहुंच जाएगी। वन विभाग और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) एक पायलट परियोजना शुरू करने जा रहे हैं, जिसके तहत लोगों को उनके घरों तक मुफ्त में पौधे और गमले मुहैया कराए जाएंगे।

बढ़ती आबादी से घटते संसाधनों पर उठे सवाल

● साफ हवा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना बनेगी चुनौतीपूर्ण

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बनने के बीच एशिया की सबसे बड़ी अनधिकृत कॉलोनी संगम विहार के एक तीन मंजिला इमारत की छत पर खड़े 63 वर्षीय दुला खान चिंतित नजर आते हैं।

वह असोला वन्यजीव अभयारण्य के पास घनी आबादी वाले क्षेत्र में घरों को देखते हैं, जहां आबादी और उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के बीच का नाजुक संतुलन की अलग ही कहानी नजर आती है। विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ती आबादी सरकारों के लिए स्वच्छ हवा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण बना देगी।

करीब पांच वर्ग किलोमीटर इलाके में फैले संगम विहार की अनुमानित आबादी लगभग 12 लाख है। यहां के अधिकांश निवासी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं। इनमें से एक बड़ा हिस्सा अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पानी के टैंकरों पर निर्भर है। कई ब्लॉकों में सीवर लाइन नहीं होने से अक्सर दूषित जल सड़कों पर फैल जाता है। खान कहते हैं कि यहां एक इंच भी जमीन ऐसी नहीं है जो कंक्रीट से ढकी न हो।

खान अपने छत से 100 मीटर दूर स्थित कब्रिस्तान की तरफ इशारा करते हैं जहां जगह खत्म हो रही है। खान संगम विहार कब्रिस्तान समिति के महासचिव भी हैं। संरक्षणवादी सीआर बाबू कहते हैं कि भारत में पहले से ही बहुत कम वन क्षेत्र (प्रति व्यक्ति केवल 0.06 हेक्टेयर) है और शहरी केंद्रों में जनसंख्या विस्फोट इसे और प्रभावित करने वाला है।

ई रजिस्ट्रेशन को सुगम बनाने की पहल

● एलजी का निर्देश सभी एसआर कार्यालयों, एमसीडी और डीडीए में एक ही जैसा आईटी प्लेटफॉर्म तैयार हो ताकि जनता को दफ्तरों का चक्कर न लगाना पड़े

संजय राय। नई दिल्ली

राजधानी में भूमि कार्यों, वसीयत समेत अन्य दस्तावेजों के लिए ई-रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को सुगम बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

राजस्व विभाग के साथ उपनिबंधक कार्यालय, दिल्ली नगर निगम और दिल्ली विकास प्राधिकरण को नेशनल जेनरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम से जोड़ा जाएगा। ताकि आम लोगों को सरकारी दफ्तरों का चक्कर न लगाना पड़े।

यह प्रणाली लोगों के लिए खरीद-फरोख्त, पावर ऑफ अटॉर्नी और वसीयत के पंजीकरण के लिए जरूरी दस्तावेजों को घर बैठे अपलोड करना, भुगतान करना और शेष औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए उप-पंजीयक कार्यालय में नियुक्ति लेना आसान बना देगी। एनजीडीआरएस के कार्यान्वयन से लंबी कतारें भी कम होंगी, और प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

नवनियुक्त सरकारी कर्मचारी के नियुक्ति पत्र देते उपराज्यपाल। फोटो: रंजन डिमरी

दस महीने में 15 हजार नौकरी दी : एलजी

नई दिल्ली। नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि पिछले 7-8 सालों में सरकार के अलग-अलग विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कोई नियुक्ति नहीं हुई, जो शर्मनाक है। विज्ञान भवन में बुधवार को आयोजित समारोह में एलजी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इन पदों पर जल्द से जल्द नियुक्ति करने की बात कही थी। इसको लेकर मुख्य सचिव के साथ बैठकें की गई, जिसके बाद नियुक्तियां करने की प्रक्रिया में तेजी आई थी। 10 महीने के अंदर 15 हजार लोगों को नौकरी दी गई। हो। इससे पहले फरवरी में 1,200 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया था।

उपराज्यपाल ने केंद्र की खोली पोल: सौरभ

नई दिल्ली। कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने केंद्र सरकार की पोल खोलकर रख दी है।

केंद्र सरकार ने एक साजिश के तहत वर्षों तक दिल्ली के सरकारी विभागों में पदों को खाली रखा। उन्होंने आगे कहा कि एलजी साहब ने यह साबित कर दिया कि भाजपा झूठा आरोप लगाती थी कि स्कूलों में प्रिंसिपलों और शिक्षकों की भर्ती सीएम अरविंद केजरीवाल को करनी थी, जबकि सच्चाई यह है कि सर्विस विभाग केंद्र सरकार के अधीन है। मंत्रियों को अपने ही विभाग में खाली पदों और उनको भरने की फाइल नहीं दिखाई जाती है।

संक्षिप्त समाचार

मेले की तैयारियों का जायजा लेते आयुष विभाग और पीएचडी चैंबर के अधिकारी।

चार दिवसीय राष्ट्रीय आयुष मेला आज से

नई दिल्ली। जयपुर के जेइसीसी सीतापुरा में चार दिवसीय राष्ट्रीय आयुष मेला का आयोजन आज (20 अप्रैल) से किया जा रहा है। मेले का आयोजन पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं आयुष विभाग, राजस्थान सरकार के संयुक्त संयोजन में किया जा रहा है। राष्ट्रीय आयुष मेला 20 से 23 अप्रैल तक प्रात: 10 बजे से सांय 7 बजे तक संचालित किया जाएगा और मेले में प्रवेश निशुल्क रहेगा। मेले का उद्घाटन डॉ. सुभाष गर्ग, राज्य मंत्री, आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान के द्वारा 20 अप्रैल को प्रात: 11 बजे किया जाएगा। मेले में हर दिन तकनीकी सत्रों, लाइव योगा डेमोस्ट्रेशन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आम जनता के लिए आयोजित की जायेगी ताकि आयुष के बारे में जनमानस में चेतना एवं रूचि जागृत की जा सके।

न्यायाधीश ने तन्हा मामले से खुद को अलग किया

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के आरोपी आसिफ इकबाल तन्हा की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। यह याचिका तन्हा के इकबालिया बयान के कथित लीक से संबंधित है। इससे पहले न्यायमूर्ति अनूप भंभानी ने पिछले हफ्ते तन्हा की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था।

लोक कलाओं की उपेक्षा चिंताजनक : रामबहादुर राय

नई दिल्ली। लोक कलाएं और लोक कलाकार ये दोनों उपेक्षित हैं और उनकी उपेक्षा का कारण राज्य व्यवस्था है। यह बात इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र न्यास के अध्यक्ष रामबहादुर राय ने केंद्र के जनपद सम्पदा विभाग द्वारा प्रकाशित डॉ. मालती राय शर्मा की पुस्तक 'लोकगीत मंजरी' पर आयोजित परिचर्चा में कही। पुस्तक में विभिन्न अवसरों पर गाए जाने वाले लोकगीतों का संग्रह किया गया है। पुस्तक को परिष्कृत करने में वरिष्ठ पत्रकार प्रतिभा शुक्ला ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर आईजीएनसीए के सदस्य सचिव प्रो. (डॉ.) सच्चिदानंद जोशी, शिक्षाविद् डॉ. संजीव राय, प्रो. मौली कौशल, यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय, यूपी के पूर्व मंत्री सी.पी. राय, 'माटी' के संयोजक आसिफ आजमी, डॉ. प्रभात ओझा, डॉ. यति शर्मा, अभय मिश्रा, डॉ. के. अनिल कुमार आदि ने अपने विचार रखे।

बिजली सब्सिडी का ऑडिट कैग करें: भाजपा

● वीरेंद्र सचदेव ने कहा-पैनल में शामिल लेखापरीक्षकों से ऑडिट कराया जाना स्वीकार नहीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने बिजली कंपनियों को दी गई सब्सिडी का विशेष लेखा परीक्षण (ऑडिट) कराने के आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के आदेश को बुधवार को दिखावा करार दिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव ने बिजली सब्सिडी का ऑडिट नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से कराने की मांग की।

सचदेव ने आरोप लगाया, हमें कैग के पैनल में शामिल लेखापरीक्षकों से बिजली सब्सिडी का ऑडिट कराया जाना स्वीकार नहीं है। सरकार और बिजली कंपनियां इस तरह के ऑडिट को आसानी से प्रभावित कर सकते हैं। दिल्ली सरकार या बिजली कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। सचदेव ने पूछा कि क्या कभी ऐसा हुआ है कि किसी निजी लेखा परीक्षक ने ऑडिट रिपोर्ट में अपने मुवक्किल के खिलाफ रिपोर्ट दी है।

बवानिया गिरोह के तीन गुर्गे मुठभेड़ के बाद धरे

नई दिल्ली। सरोजिनी नगर में बुधवार तड़के पुलिस के साथ एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तीन वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए वांछित अपराधियों की पहचान सचिन (47), प्रिंस (18) और ऋतिक (20) के रूप में हुई है, ये सभी राजेश बवानिया गिरोह के सदस्य हैं। पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ के दौरान अपराधियों ने पुलिस दल पर चार गोलियां चलाईं, जबकि आत्मरक्षा में पुलिस की ओर से तीन गोलियां चलाई गईं। विशेष आयुक्त रवीन्द्र सिंह यादव ने कहा, हमें सूचना मिली थी कि राजेश बवानिया गिरोह के तीन वांछित अपराधी सरोजिनी नगर इलाके में आने वाले हैं।

एमसीडी के शौचालयों में तेजाब मिलने पर डीसीडब्ल्यू का नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एमसीडी द्वारा संचालित एक शौचालय में सफाई के लिए तेजाब के इस्तेमाल को लेकर दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने एमसीडी आयुक्त को नोटिस जारी किया है।

दरियागंज इलाके में जीबी पंत अस्पताल के सामने एक सार्वजनिक शौचालय के अंदर तेजाब युक्त 50 लीटर के कनस्तर मिलने के बाद यह नोटिस जारी किया गया है। सफाईकर्मियों के साथ-साथ शौचालय परिसर के रखरखाव करने वाली एजेंसी के एक कर्मचारी ने डीसीडब्ल्यू की समिति को सूचित किया कि वे शौचालयों की सफाई के लिए हर महीने तेजाब खरीदते हैं। एमसीडी द्वारा एक अनुबंध के तहत इस एजेंसी को शौचालयों के परिसर के रखरखाव और संचालन का काम सौंपा गया है।

तेजाब को दिल्ली पुलिस द्वारा जब्त कर लिया गया और आयोग द्वारा एमसीडी अधिकारियों को एक समन जारी किया गया। वरिष्ठ अधिकारी एक लिखित उत्तर के साथ आयोग के समक्ष उपस्थित हुए, जिसमें कहा गया कि सार्वजनिक शौचालयों की सफाई के लिए तेजाब के उपयोग को रोकने के लिए एमसीडी द्वारा कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

रैपिडएक्स ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए होगा एक अटेंडेंट

बुजुर्गों, बीमारों, दिव्यांगों समेत अन्य जरूरतमंद यात्रियों की जरूरतों का रखेगा विशेष ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश की पहली क्षेत्रीय परिवहन सेवा, रैपिडएक्स में यात्रियों की सुविधा के लिए एक ट्रेन अटेंडेंट का प्रावधान किया गया है।

रैपिडएक्स एक बिल्कुल नई तरह की यात्रा प्रणाली है जिसके प्रीमियम कोच में आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ यात्रियों के लिए एक ट्रेन अटेंडेंट की सुविधा भी उपलब्ध होगी। यह ट्रेन अटेंडेंट, यात्रियों को ट्रेन में उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराने तथा सभी परिस्थितियों में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रैपिडएक्स ट्रेन में इसके अतिरिक्त एक ट्रेन ऑपरेटर होगा जो ट्रेन चलाने का कार्य करेगा। रैपिडएक्स ट्रेन अटेंडेंट समान्यत: प्रीमियम कोच में रहेगा और यात्रियों को यात्रा निर्देशों से अवगत कराएगा। यात्रा के दौरान वह यात्रियों को सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग के संबंध में तथा उनकी यात्रा से संबन्धित जानकारी मुहैया कराएगा। साथ ही बुजुर्गों, बीमारों, दिव्यांगों और अन्य जरूरतमंद यात्रियों की जरूरतों का विशेष ध्यान रखेगा। अगर किसी यात्री को सामान उठाने या रखने में परेशानी का सामना करना पड़ता है तो वह उनकी सहायता करेगा। इसके साथ ही, आपात स्थिति में वह पूरी ट्रेन में सवार अन्य यात्रियों की भी मदद के लिए प्रतिबद्ध होगा।

यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ यह ट्रेन अटेंडेंट परिचालन के दौरान ट्रेन ऑपरेटर को भी सहयोग करेगा। ट्रेन खराब होने या अन्य किसी आपातस्थिति में ट्रेन ऑपरेटर के दिशा निर्देशों के अनुसार ट्रेन अटेंडेंट ट्रेन में लगे निकास उपकरण को ऑपरेट करेगा और स्टेशन साइड डोर को खोलकर यात्रियों को ट्रेन से बाहर निकालने में मदद करेगा। इसके साथ ही, अगर किसी तकनीकी कारण से ट्रेन वायाडक्ट (पुल) पर रुक जाती है, तो इस स्थिति में ट्रेन अटेंडेंट ट्रेन में सवार सभी यात्रियों को आपातकालीन द्वार से वायाडक्ट पर उतरने में मदद करेगा और उसके बाद नजदीकी एमेर्जेंसी इवैक्यूएशन एक्जिट तक ले जाकर यात्रियों को सुरक्षित वायाडक्ट से नीचे उतारेगा।

ट्रेन का पहला डिब्बा प्रीमियम कोच होगा

रैपिडएक्स ट्रेन में पहला डिब्बा प्रीमियम कोच होगा। इस कोच में आरामदायक रिक्लाइनिंग सीट्स, मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग पोर्ट, लगेज रैक और मैगजीन होल्डर समेत अन्य कई आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

इस कोच में यात्रा करने के लिए यात्रियों को स्टेशन के प्लेटफॉर्म लेवल पर लगे एएफसी गेट पर यात्रा कार्ड को दोबारा टैप करना होगा। ऐसा देश में पहली बार है जब किसी सार्वजनिक यात्रा प्रणाली में डबल टैप ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम का प्रयोग किया जा रहा है। एनसीआरटीसी जल्द ही दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर के साहिबाबाद से दुहाई के बीच 17 किमी लंबे प्राथमिकता खंड पर, निर्धारित समय से पहले ही ट्रेनों का परिचालन आरंभ करने जा रहा है।

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

आईआरसीटीसी आमंत्रित करता है:–

खुली ई–निविदा– सीओ/एनआईटी/एफपी–एफएफयू/2023/04 – फूड प्लाजा और फास्ट फूड यूनिटों की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15.05.2023 को 15.00 बजे तक है और उन्हें 15.05.2023 को 15.15 बजे खोला जाएगा।

खुली ई–निविदा– सीओ/एनआईटी/एफपी–एफएफयू/2023/05 – फूड प्लाजा और फास्ट फूड यूनिटों की स्थापना, परिचालन एवं प्रबंधन। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 16.05.2023 को 15.00 बजे तक है और उन्हें 16.05.2023 को 15.15 बजे खोला जाएगा।

खुली ई–निविदा– 2023/आईआरसीटीसी/आरवाईएन/एचडब्ल्यूएच – आईआरसीटीसी द्वारा हावड़ा में रेल यात्री निवास के पुनर्विकास, परिचालन, रख–रखाव एवं अंतरण (आरओएमटी) के लिए खुली ई–निविदा। निविदा–पूर्व बैठक: 02.05.2023, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 18.05.2023 को 15.00 बजे तक।

निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता वेबसाइट www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट यदि जारी होगा तो उसे केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.com एवं www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यालय पता: आईआरसीटीसी, 11वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, कनाट प्लेस, नई दिल्ली–110001; फोन: 011–23311263–64; फैक्स: 011–23311259

आलीशान बिल्डिंग तैयार, फिर भी पेड़ों के नीचे लग रहीं कक्षाएं

कमरों में ज्ञान से लेकर विज्ञान तक की बनी हैं आकर्षक पेंटिंग

स्कूल की 100 छात्राओं के लिए बेमानी है यह आलीशान बिल्डिंग

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

सरकारी स्कूल की आलीशान बिल्डिंग बनकर तैयार है। बिल्डिंग में प्रवेश करते ही ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विशाल तस्वीर लगी है। कक्षाओं में छत और दीवारों पर रंगों से ज्ञान से लेकर विज्ञान तक की आकर्षक पेंटिंग भी बनाई गई है। दुख इस बात का है यह सब स्कूल की 1000 छात्राओं के लिए बेमानी है। उनके किसी काम नहीं आ रहा है। क्योंकि छह माह पहले बनकर तैयार इस दो मंजिला बिल्डिंग को उद्घाटन का इंतजार है।

हम बात कर रहे हैं शहर के बीचों-बीच अर्जुन नगर रामलीला ग्राउंड के साथ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (कोड नंबर-862) की। इस स्कूल की नई बिल्डिंग का 30 जनवरी 2021 को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने पार्षद मधु यशपाल बतरा, जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदू बोकन कसाना की मौजूदगी में भूमि पूजन किया था। खास बात यह है कि यह बिल्डिंग निजी सहयोग से बनी है। यानी इसके निर्माण में शिव शक्ति रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, ओम स्वीट्स, सबका सहयोग परिवार, बीआर कैटर्स, युवा अनस्टॉपेबल, आलया इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट प्रा. लि., सूर्या फैशन, जमना ऑटो इंडस्ट्रीज लि., अम्बे मार्बल एंड ग्रेनाइट, नीलकंठ महादेव सेवा समिति का विशेष सहयोग रहा। यह बिल्डिंग करीब छह माह पहले बनकर तैयार हो चुकी है। बिल्डिंग को देखकर हर कोई इसलिए दंग रह जाता है कि यह बड़े-बड़े प्राइवेट स्कूलों को मात दे रही है। दो मंजिला इस बिल्डिंग में 14 क्लास रूम, दो साइंस लैब, एक प्रिंसिपल कार्यालय, एक क्लर्क रूम, एक स्पोर्ट्स रूम, एक स्टाफ रूम, एक लाइब्रेरी है। बिल्डिंग के दोनों तरफ खुली सीढ़ियां बनाई गई हैं और दोनों तरफ रैंप भी बनाया गया है।

आलीशान बना राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय।

ऐसे माहौल में कैसे आएंगे बेहतर परिणाम

जिस माहौल में यहां छात्राएं पढ़ रही हैं, उस माहौल में बेहतर परीक्षा परिणाम की उम्मीद करना सही नहीं है। ऐसा नहीं है कि यहां टीचर मेहनत नहीं कर रहे। वे नियमित तौर पर आते हैं, कक्षाएं लेते हैं। लेकिन जिस तरह से यहां इंफ्रास्ट्रक्चर है, उससे शिक्षा की गुणवत्ता चाहकर भी अच्छी नहीं हो सकती। स्कूल में गेट के भीतर प्रवेश करते हैं तो एक तरफ प्राचार्य कक्ष है और सामने एक अधूरी पड़ी बिल्डिंग के बरामदों में छोटे बच्चे अपना स्वर्णिम भविष्य का सपना लेकर पढ़ाई करते नजर आते हैं। दूसरी तरफ भी एक छोटी बिल्डिंग है, जिसके कमरे व बरामदे में बड़ी कक्षाएं लगती हैं। एक अन्य पुरानी बिल्डिंग के बरामदों में भी कक्षाएं लगती हैं। कुछ कक्षाएं पेड़ों के नीचे लगती हैं। जिस तरह से कक्षाएं एक-दूसरे से सटकर लगती हैं, उससे सभी कक्षाओं के पढ़ने में बाधा आना लाजिमी है।

दो शिफ्ट में 1300 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं

दो शिफ्ट में यह अर्जुन नगर स्कूल चलता है। सुबह के समय पहली से 12वीं कक्षा तक करीब 1000 छात्राएं पढ़ती हैं। शाम की पारी में एक अन्य स्कूल के करीब 300 छात्रों की यहां कक्षाएं लगती हैं, क्योंकि उनका स्कूल डैमेज है। इसलिए उस स्कूल को यहां अर्जुन नगर में शिफ्ट किया हुआ है। हमने सुबह के समय स्कूल का दौरा किया। इस दौरान देखा कि छोटे-छोटे बच्चे एक अधूरी पड़ी इमारत के बरामद में पढ़ रहे हैं। टीचर भी उन्हें पढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। जिस तरह के हालात अर्जुन नगर स्कूल में नजर आए, ऐसे हालत तो किसी सुदूर इलाके में भी नहीं होंगे।

क्लास रूम देखकर खुली रह जाती हैं आंखें

इस बिल्डिंग के क्लास रूम देखकर तो आंखें खुली रह जाती हैं। छोटे बच्चों के लिए कमरों में ज्ञान देने के लिए रंग-बिरंगी पेंटिंग बनाई गई हैं। इनमें सब्जियों, फलों और एल्फाबेट सिखाने के लिए बकायदा दीवारों और छतों पर तस्वीरें बनाई गई हैं। इसी तरह अन्य कमरे में समुंद्र के रूप में छत और दीवारों पर पेंटिंग भी बहुत कुछ सिखाती है। एक कमरे में जंगली-जानवरों की जानकारी पेंटिंग बनाकर दी गई है। एक कमरा विज्ञान को समर्पित है। इसकी छत और दीवारों पर पेंटिंग से ग्रहों-उपग्रहों को बनाकर ब्रह्मांड का रूप दिया गया है। एक कमरे में गीत-संगीत की शिक्षा, सीख देने वाली पेंटिंग बनाई गई हैं। सभी कमरों में पंखे, सभी फ्लोर पर वाटर कूलर, बेहतरीन शौचालय यहां बने हैं।

गुरुग्राम के अर्जुन नगर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक की नई बिल्डिंग में बनाए आकर्षक क्लास रूम।

अर्जुन नगर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की नई बिल्डिंग का उद्घाटन नहीं होने से बरामद में पढ़ती छात्राएं।

लगता है मुझे खुद ही उद्घाटन करना पड़ेगा: यशपाल बतरा

पूर्व पार्षद एवं निवर्तमान पार्षद मधु बतरा के पति यशपाल बतरा का कहना है कि स्कूल तैयार है। मैनें कई बार रिक्वेस्ट कर ली है। सब जगह बात पहुंचा दी है। फिर भी पता नहीं क्या रीजन है। लगता है मुझे खुद ही उद्घाटन करना पड़ेगा। मैं इस पर काम करता हूं।

संक्षिप्त समाचार

राजेश मेहता को सौंपा नप के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार

सोहना। पटौती नगर पालिका सचिव राजेश मेहता को साहना नगर परिषद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। स्थनीय नगर परिषद कार्यालय में सचिव व कार्यकारी अधिकारी के पद रिक्त होने से प्रशासनिक कार्यों रुके हुए हैं। मालूम रहे कि करीब 15 दिन पहले नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह का तबादला यमुनानगर हो गया था। इससे पहले नगर परिषद कार्यालय में सचिव का पद भी पिछले करीब एक साल से रिक्त पड़ा हुआ है। सचिव व कार्यकारी का पद रिक्त होने के कारण प्रशासनिक और आम नागरिकों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। परिषद प्रशासनिक अधिकारी के हस्ताक्षर न होने से आम नागरिकों की गर्मी के मौसम में चक्कर लगाते हुए थक गए हैं। वहीं नगर परिषद कार्यालय में तैनात सफाई कर्मियों से लेकर अधिकारियों का वेतन तक नहीं निकल पा रहा है। जबकि अप्रैल का आधा माह बीत चुका है। इसके अलावा परिषद के अन्य कार्य रुके हुए है। जानकारी के अनुसार पटौदी नगर पालिका के सचिव राजेश मेहता को स्थानीय परिषद का अतिरिक्त कार्य दिया गया है। मंगलवार तक राजेश मेहता नगर परिषद कार्यालय में पहुंच कार्यभार नहीं संभाला है।

सड़क हादसे में घायल किसान ने रोहतक पीजीआई में दम तोड़ा

सोहना। एलिवेटेड मार्ग पर पांच दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुआ 66 वर्षीय किसान ने रोहतक पीजीआई अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक किसान पिकअप गाड़ी में टमाटर भरकर नूह से दिल्ली आजादपुर मंडी लेकर जा रहा था। जिला नूंह थाना नगीना का गांव शाहपुर घाघस निवासी तैय्यब ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि उसका 66 वर्षीय भाई रुजदार 14 अप्रैल को अपने गांव से दिल्ली पिकअप गाड़ी में टमाटर भरकर दिल्ली की आजादपुर मंडी बेचने को लेकर जा रहा था। पिकअप गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग घामडौज टोल से पहले पहुंची थी। उसी समय पीछे से आया कैंटर ने ओवरटेक करते हुए टमाटर से भरी पिकअप में टक्कर मार दी। इस दौरान टमाटर भरी पिकअप पलट गई। इस हादसे में रुजदार व पिकअप चालक दोनों घायल हो गए। जिन्हें सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। यहां से डॉक्टरों ने गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया, लेकिन गुरुग्राम न ले जाकर नूंह के नल्लहड़ मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया। डॉक्टरों ने रुजदार की तबीयत में सुधार न होने पर रोहतक की पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। जहां बुधवार की सुबह रुजदार ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। भोंडसी पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है।

नर्स, डॉक्टर से लेकर हर कर्मी को सिखाया आग पर काबू पाना

अग्निशमन विभाग की टीम बुधवार को नागरिक अस्पताल में कर्मचारियों व डॉक्टरों को आग लगने पर काबू करने का प्रशिक्षण देते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने नागरिक अस्पताल के कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों को आगजनी की घटनाओं पर जान व माल की सुरक्षा करते हुए काबू पाने का पाठ पढ़ाया। आग लगने पर अधिक हानि को रोकने और अपनी जान की सुरक्षा करने के तौर तरीके बताएं गए।

अग्निशमन विभाग द्वारा 14 से 20 अप्रैल के बीच सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। सुरक्षा सप्ताह के आखिरी दिन से एक दिन पहले नागरिक अस्पताल में टीम पहुंची। जहां पर अग्निशमन विभाग कर्मियों ने अस्पताल के सफाई कर्मी से लेकर नर्स, डॉक्टर और सुरक्षा गार्ड कर्मियों को आग की घटना के दौरान हौंसला न तोड़ते हुए उसे काबू करने के आसान-आसान सुझाव दिए। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर दशरथ राव से लेकर उनके डॉक्टर, नर्स आदि को आग को काबू करने का प्रशिक्षण भी दिए। अग्निशमन विभाग की तरफ से जयवीर भड़ाना, मनोज, धर्मबीर समेत अन्य ने बारी-बारी से एक-एक नियम बताए।

अग्निशमन विभाग मना रहा है 14 से 20 अप्रैल के बीच सुरक्षा सप्ताह

क्या है आग से बचाव के तरीके:

अग्निशमन विभाग के कर्मचारी जयवीर भड़ाना ने बताया कि खेत खलिहान में लगी को एक निश्चित दायरा खींचते हुए आस-पास पड़ी फसल को बचाने के लिए उसके आस-पास ट्रैक्टर से जुताई करा दें। कमरे में लगी आग वाले स्थान पर सबसे पहले पानी की छिड़काव करते हुए गिले कपड़े से आग को काबू करें। आग को विकराल रुप धारण करने से पहले दरवाजों से लेकर खिड़कियों पर पानी का छिड़काव करे। अपनी जान को सुरक्षित करने के लिए मुंह पर गिला कपड़ा बांधे।

राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में डीएवी ने लहराया परचम

फरीदाबाद। सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल में 17 और 18 अप्रैल को आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में डी ए वी शताब्दी महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 2 प्रथम 3 द्वितीय तथा 1 तृतीय पुरस्कार लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। एलोकेशन में दिव्या प्रथम, हिंदी कविता में पंकज उपाध्याय प्रथम, इंग्लिश कविता में सागर कामती द्वितीय, डिबेट हिंदी फ़ॉर मोशन में पंकज उपाध्याय द्वितीय, डिबेट इंग्लिश अगेंस्ट मॉशन में सागर कामती द्वितीय तथा हरियाणवी सोलो डांस में श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ सविता भगत ने प्राध्यापक इंचार्ज डॉ अमित शर्मा के साथ सभी विजेता प्रतिभागियों को अपनी शुभ कामनायें दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के साथ साथ अन्य पठेयतर गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए यह अति महत्वपूर्ण हैं।

अमेजन किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग ने की पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के पांचवें एडिशन के विजेताओं की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अमेजन की सेल्फ-पब्लिशिंग सर्विस किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग (केडीपी) ने अपने प्रमुख कॉन्टेस्ट पेन टू पब्लिश के पांचवें वर्ष के परिणामों की घोषणा की है। इस कॉन्टेस्ट को महत्वाकांक्षी लेखकों से शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है, जिन्होंने जूरी सदस्यों के एक सम्मानित पैनल के सामने अपनी ई-बुक्स को प्रस्तुत किया। केडीपी पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट विभिन्न शैलियों में सेल्फ-पब्लिश्ड लेखकों को साहित्यिक रूप से पहचान दिलाती है।

इस कॉन्टेस्ट के जरिय, केडीपी ने अंग्रेजी, हिन्दी और तमिल तीनों प्रतिभागी भाषाओं में से प्रत्येक में 11-11 सेल्फ-पब्लिश्ड ई-बुक्स का चयन किया। शीर्ष 3 विजेताओं में से प्रत्येक को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया, और तीनों भाषाओं में प्रत्येक प्रथम उपविजेता को 50,000 रुपये का पुरस्कार दिया गया। दूसरे नंबर के सभी उपविजेताओं को 30,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि शीर्ष 11 में से शेष 8 प्रतिभागियों को 10,000 रुपये की राशि प्रदान की गई।

जूरी पैनल में अंग्रेजी के लिए बेस्ट-सेलिंग लेखक सुदीप नागरकर और सुधा नायर, हिन्दी के लिए सत्या व्यास और विजय काकवानी, और तमिल के लिए नागा चोक्कन और केबल संकर शामिल थे। इस साल, कॉन्टेस्ट में लिट्रेचर एंड फिक्शन, रोमांस, साइंस फिक्शन एंड फैंटेसी, और मिस्ट्री एंड थ्रिलर्स जैसी शैलियों में आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी आवेदनों को जूरी पैनल द्वारा वास्तविकता, रचनात्मकता और लेखन की गुणवत्ता सहित कई मानदंडों के आधार पर परखा गया था। वैशाली अग्रवाल, कैटेगरी लीडर, किंडल कंटेंट इंडिया, अमेजन ने कहा, पिछले 10 वर्षों से, अमेजन केडीपी निरंतर लेखकों को प्रोत्साहित करने और उन्हें एक ऐसी सेवा प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है, जो उन्हें अपनी ई-बुक्स को स्वयं प्रकाशित करने और मान्यता प्राप्त लेखक बनने में सक्षम बनाता है। केडीपी पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के पांचवें वर्ष में डॉक्टर्स, वकील, इंजीनियर और गृहिणियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों के नवोदित और स्थापित लेखकों ने भागीदारी की है।

विजय काकवानी, बेस्ट-सेलिंग लेखक और हिन्दी भाषा के लिए जूरी सदस्य , ने कहा, पेन टू पब्लिश प्रतियोगिता के पांचवें एडिशन के लिए हिन्दी में प्रस्तुत आवेदन को पढ़ना बहुत खुशीभर था। मैं हर प्रतिभागी की प्रत्याशी और उत्साह को पूरी तरह से समझ सकता हूं क्योंकि मैं कुछ साल पहले मैं उनकी जगह पर था। मैंने विभिन्न शैलियों में लेखन की कई नई शैलियों को देखा, और प्रत्येक का अपना अलग स्वाद था। मैं वास्तव में हर प्रतिभागी से प्रेरित हूं और लेखन के क्षेत्र में उज्ज्वल भविश्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

प्रदुम्न राकेश चौरे, हिन्दी भाषा के विजेता ने कहा, यह कहना कि इस समय मैं बहुत उत्साहित हूं बहुत कम होगा। पेन टू पब्लिश को जीतना एक बड़ी उपलब्धि है और मेरे लिए और अधिक लिखने के लिए एक प्रोत्साहन भी है। मैं अपनी ई-बुक के माध्यम से मेरे अंदर के लेखक को पहचानने के लिए अमेजन केडीपी का आभारी हूं।

आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 मई को: गोयल

फरीदाबाद। सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 13 मई को न्यायिक परिसर सेक्टर-12 में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि परिवादी इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुकिर्ती ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए पिछले लगभग डेढ़ दशक से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है, तो भी वह आपसी सहमति सुलह करके राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण कर सकता है।

सोहना अनाज मंडी में 12 हजार क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे

सोहना अनाज मंडी में खाली स्थान के इंतजार में गेहूं व सरसों से किसानों के वाहन।

अनाज मंडी में 14 हजार 693 क्विंटल गेहूं की आवक हुई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

स्थानीय अनाज मंडी में किसानों से खरीदा गया गेहूं की लिफ्टिंग की कवायद शुरु हो गई है। दो हजार क्विंटल गेहूं को लिफ्ट कराने के बाद वेयर हाउस में भेजा गया है। जबकि 12 हजार के लगभग गेहूं अभी अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है।

स्थानीय अनाज मंडी में मंगलवार की शाम तक 14 हजार 693 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। किसानों से खरीदा गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। जिसमें 60 से 70 फीसदी गेहूं वारदाने में भरा नहीं गया है। जिसके चलते बारिश होने पर खुले में पड़ा गेहूं भीगने का खतरा बना हुआ है। फड़ों पर पड़ा गेहूं भी बच्चों के लिए खेल का मैदान बना हुआ है। गेहूं की सरकारी खरीद के लिए दो एजेंसी हरियाणा कॉर्पोरेशन प्राईवट लिमिटेड व हेफेड को तैनात किया है। सप्ताह के पहले तीन दिन हेफेड व आखिर के तीन दिन हरियाणा कॉर्पोरेशन प्राईवट लिमिटेड को किसानों का गेहूं खरीद करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

स्थानीय मंडी में गेहूं की आवक कम होने लगी है। हर दिन आवक में गिरावट आएगी। राज्य सरकार के आदेशानुसार एजेंसियों को निजी स्तर पर लदान के लिए वाहन उपलब्ध कर कर सकते है। ताकि खरीदा गया गेहूं का लदान होने से स्थान खाली हो सके।
सुनीता देवी
(सचिव मार्केट कमेटी सोहना)

2 हजार क्विंटल गेहूं का हुआ लदान : जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने सरकार के खाते में खरीदा गया गेहूं का तुरन्त प्रभाव से लदान करने के आदेश जारी कर दिए है। सरकार ने एजेंसियों को निजी स्तर पर भी वाहन उपलब्ध करके गेहूं को वेयर हाउस में पहुंचाएं। अभी तक अनाज मंडी से सरकार के लिए खरीदा गया गेहूं में से दो हजार क्विंटल का लदान किया गया है।

विकासशील देशों में जीएम फसल का उपयोग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पिछले दो दशकों में पूरे विश्व के किसानों द्वारा जेनेटिकली मोडिफाईड फसलों के उपयोग में वृद्धि हुई है। पूरे विश्व में जीएम फसलों की खेती वाली जमीन 190 मिलियन हेक्टयेर को पार कर गई है। जीएम फसलों की खेती वाली जमीन का अधिकांश हिस्सा विकासशील देशों में हैं। इससे हमें इस बात की झलक मिलती है कि जीएम फसलें उन छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए सकारात्मक परिवर्तन लेकर आई हैं, जिन्हें खेत में आधुनिक सुविधाएं और मशीनें हमेशा उपलब्ध नहीं हो पाती हैं।

विश्व की 83 प्रतिशत आबादी विकासशील देशों में निवास करती हैं, और यहां पर छोटे-छोटे खेतों, बहुत कम वित्तीय सहयोग, और खेती की अन्य चुनौतियां, जैसे कीटों के संक्रमण, पौधों की बीमारियों, और प्रतिकूल जलवायु की समस्याएं उत्पन्न होती रहती हैं। संसाधनों की अपर्याप्त उपलब्धता और खेत की कम पैदावार के कारण विकासशील देशों की आर्थिक रूप से कमजोर आबादी में गरीबी और कुपोषण का चक्र शुरू हो जाता है। जीएम फसलों ने कृषि का एक प्रभावशाली, किफायती और सस्टेनेबल (संधारणीय) विकल्प प्रस्तुत किया है, जो लागत बढ़ाए बिना पैदावार बढ़ा सकता है। इसलिए जीएम फसलों का सबसे बड़ा फायदा विश्व में खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों को हल करने में इसके द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका है। जीएम खेती से जैवविविधता और परिवेश को छेड़े बिना निश्चित खाद्य आपूर्ति और स्थिर मूल्य प्राप्त होते हैं। जीएम फसलें तो जलवायु परिवर्तन का असर कम करने में भी योगदान दे चुकी हैं। जीएम फसलों के कृषि संबंधी और आर्थिक सापेक्ष प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए किए गए अध्ययन प्रदर्शित करते हैं कि बायोटेक्नॉलॉजी के समाधानों से विकासशील देशों में पैदावार और फसल की गुणवत्ता में वृद्धि हुई है। अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि विकासशील देशों द्वारा जीएम टेक्नॉलॉजी अपनाए जाने का कारण इसके द्वारा खेती आसान हो जाना, कीटनाशकों और उर्वरकों का उपयोग कम होना, और बेहतर पैदावार मिलना है। विकासशील देशों के लिए जीएम फसलों द्वारा पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इन देशों में कई नाजुक, उपेक्षित और शोषित प्राकृतिक परिवेश हैं। मुख्य बायोटेक फसलों जैसे सोयाबीन, मक्का, कपास, और कैनोला आदि ने 183 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा जमीन में हल चलाए जाने की जरूरत को समाप्त कर जैव विविधता का संरक्षण करने में मदद की है।

रिपोर्ट में बताया गया कि 1996 से 2019 के बीच पूरे विश्व में लगभग 17 मिलियन किसानों द्वारा 2.7 बिलियन हेक्टेयर जमीन पर जीएम फसलों की खेती की गई, जिससे गांवों में रहने वाले 65 मिलियन लोगों को सीधा लाभ मिला। खेती की यह जमीन 19 विकासशील देशों में थी, जो जीएम फसलों के कुल उपयोग के 53 प्रतिशत के बराबर थी। इन देशों में भारत के अलावा वियतनाम, फिलीपींस, होंडुरास, बांग्लादेश, पैराग्वे, ब्राजील, बोलिविया, सूडान, मैक्सिको, पाकिस्तान, कोलंबिया, चिली जैसे देश हैं। कई अन्य देशों द्वारा भी इनका अनुकरण कर कृषि में बड़े स्तर पर बायोटेक्नॉलॉजी अपनाए जाने की उम्मीद है।

डॉ. रत्ना कुमरिया, डायरेक्टर कृषि बायोटेक्नॉलॉजी, अलायंस फॉर एग्री इनोवेशन, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया का विशेष रुचि समूह

अक्षय तृतीया के मौके पर आभूषण की मांग में लगभग 25-30% वृद्धि की उम्मीद : अमित प्रतिहारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जैसे ही शादियों का सीजन आया आभूषणों की मांग बढ़ने लगी है, जिसका इस साल आभूषण उद्योग पर बहुत ही बढ़िया असर हुआ है, हाल के दिनों में इस बाजार में एक सकारात्मक ऊर्जा बनी हुई है और उम्मीद करते हैं कि आने वाली अक्षय तृतीया इस मांग को और बढ़ाएगी।

अमित प्रतिहारी, वाइस प्रेसिडेंट, डी बीयर्स फॉरएवरमार्क ने कहा हम अपने सभी साझेदार खुदरा विक्रेताओं के ग्राहकों की संख्या में बहुत बढ़ोत्तरी देख रहे हैं। अक्षय तृतीया के शुभ दिन ज़्यादा से ज़्यादा ग्राहकों की उम्मीद कर रहे हैं। पिछले साल उत्सव पूरे जोरों पर था, हमें उम्मीद है कि इस साल भी वह जोश जारी रहेगा।

इसके अलावा, अर्थ और मूल्य रखने वाली वस्तुओं की खरीद के लिए उपभोक्ता खरीदारी पैटर्न में सकारात्मक बदलाव के साथ, प्राकृतिक हीरे की मांग उसके बहुत कीमती होने के कारण जारी है। आगे बढ़ते रहने की सोच और बढ़ती हुई मांग के साथ, हम अपने अधिकृत भागीदारों, अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और देश भर में अपने एक्सक्लुसिव बुटीक के माध्यम से अपने ब्रांड को और मजबूत बनाने में लगे हुए हैं। हम इस अक्षय तृतीया पर लगभग 25-30त्न वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। कुल मिलाकर, हम इस बात से उत्साहित हैं कि इस उत्सव में भारी मांग के कारण वर्ष के बाकी समय में आभूषणों की खुदरा बिक्री में चमक आएगी।

वाइस प्रेसिडेंट अमित प्रतिहारी ने कहा

नुवामा वैल्थ 5 सालों में एयूए को 5 गुना बढ़ाकर 2.5 लाख करोड़ कर लेगा

पायनियर समाचार सेवाव। नोएडा/गाजियाबाद

एचएनआई और समृद्धों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने वाले नुवामा वैल्थ मैनेजमेंट की निजी वैल्थ शाखा, नुवामा वैल्थ ने आज अपने एस्सेट अंडर एडवाईस (एयूए) को 5 गुना बढ़ाकर 2028 तक 2.5 लाख करोड़ रु. (30 बिलियन अमेरिकी डॉलर) तक ले जाने के महत्वाकांक्षी उद्देश्य की घोषणा की। यह ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता के एडवाईज़री एवं वैल्थ समाधान उपलब्ध कराने की इसकी बड़ी योजना के अनुरूप है।

नुवामा वैल्थ एक ही उत्पाद पर केंद्रित वितरण फ्रैंचाईजी से बढ़कर एक पूर्ण सुविधायुक्त वैल्थ मैनेजमेंट संस्थान में विकसित हो गया है। हाईब्रिड सर्विसिंग, मल्टी-प्रोडक्ट एवं सर्विसेज़, और कस्टमाईज़्ड सॉल्यूशंस के अपने मुख्य सिद्धांत के साथ ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करते हुए इसने अपने अंशधारकों के लिए महत्वपूर्ण वैल्यू निर्माण किया है।

पत्रकारों से बाते करते हुए नुवामा वैल्थ के अध्यक्ष एवं प्रमुख, राहुल जैन ने कहा, ''विश्व बैंक और सीएमआईई रिपोर्ट के अनुसार भारत इस दशक के अंत तक 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस वृद्धि को मुख्य बल उद्यमशीलता के ग्रोथ इंजन से मिलेगा, जो टियर 1 शहरों के बाहर देखने को मिल रहा है। इस सफर में नुवामा वैल्थ बिजनेसेज, प्रमोटर्स, और ग्राहकों को सही बुद्धिमत्ता और परिदृश्य प्रदान करेगा ताकि वो वैल्थ निर्माण की दृष्टि के साथ विकसित होते हुए अवसरों का लाभ उठा सकें। भारत में हम टियर 2 और टियर 3 शहरों में साझेदारी करके अपने ग्राहकों के साथ विकास करेंगे, जो अपने व्यवसाय का विस्तार करते हुए बड़ी संख्या में रोजगार और वैल्थ का निर्माण करना शुरू करेंगे।'' इसका उद्देश्य तीन मुख्य प्राथमिकताओं का क्रियान्वयन कर वृद्धि का सफर जारी रखना है: **भौगोलिक पहुंच का विस्तार करना:** टियर 2 और टियर 3 शहरों पर विशेष केंद्रण के साथ भारत में पहुंच का विस्तार करना, जिससे बड़ी संख्या में उद्यमशीलता की वृद्धि होगी। वर्तमान में 69 स्थानों पर स्थित नुवामा वैल्थ का उद्देश्य 2028 तक 300 से ज्यादा स्थानों पर अपनी पहुँच स्थापित करना है। प्रतिभा के पूल का विकास: वैल्थ और भौगोलिक पहुँच की वृद्धि के साथ गुणवत्तायुक्त एडवाईज़री सभी वैल्थ मैनेजमेंट समाधानों के लिए महत्वपूर्ण बन जाएगी। नुवामा वैल्थ का उद्देश्य अगले तीन सालों में रिलेशनशिप मैनेजर्स (आरएम) का प्रतिभा समूह 100 प्रतिशत तक बढ़ाना है ताकि ग्राहकों की विविध तरह की जरूरतों को पूरा किया जा सके। **समृद्ध और एचएनआई सेगमेंट के साथ विश्वास को मजबूत करना:** हाईब्रिड (मानव+टेक) बिज़नेस मॉडल के साथ हाई टच सेवाएं आज की बहुत बड़ी जरूरतें हैं। इस सेगमेंट का विश्वास जीतने के लिए नुवामा वैल्थ संलग्नता बढ़ाने, उत्पाद संग्रह का विस्तार करने और इस सेगमेंट के लिए कस्टमाईज़्ड समाधान प्रदान करते रहने पर केंद्रित होगा। नुवामा वैल्थ ग्राहक के वित्तीय जीवनचक्र में सेवाएं देने के लिए वैल्थ मैनेजमेंट समाधानों और परामर्श की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। नुवामा वैल्थ 10 लाख (1मिलियन) से ज्यादा समृद्ध लोगों और एचएनआई को सेवाएं देता है। एक स्वतंत्र सूचीबद्ध कंपनी बनने के सफर में इस ग्रुप ने एडेलवीस वैल्थ मैनेजमेंट से अपनी रिब्रांडिंग नुवामा के रूप में की है।

5 सालों में टियर 1 शहरों के बाहर 300 शहरों तक पहुँचने का है लक्ष्य

हीमोफीलिया : न फैक्टर और न ही सर्टिफिकेट, मरीज परेशान

कविता। फरीदाबाद

हेल्थ डिपार्टमेंट मरीजों की परेशानी छोड़ मना रहा है हीमोफीलिया दिवस

हीमोफीलिया ग्रस्त मरीजों को इलाज के लिए पहले शहर से बाहर जाना पड़ता था। हीमोफीलियाग्रस्त मरीजों की इस परेशानी को देखते हुए 24 फरवरी 2014 को बादशाह खान सिविल अस्पताल में मौजूद ब्लड बैंक में एक हीमोफीलिया सेंटर की शुरूआत हुई। हीमोफीलिया क्लीनिक खुलने से प्रदेश भर के मरीजों की परेशानियां काफी हद तक कम हो गई थी। लेकिन पिछले पांच सालों से हीमोफीलिया के मरीजों को फिर से परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां पिछले काफी समय से हीमोफीलियाग्रस्त मरीजों को फैक्टर भी नहीं मिल पा रहे हैं। दिव्यांगजनों की क्षेणी में आने वाले हीमोफिलिया और थैलासीमिया ग्रस्त मरीजों को अस्थाई प्रमाण पत्र न मिलने के कारण पेंशन हासिल करने के लिए परेशानी हो रही है।

जिला स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से मरीजों के प्रमाण पत्र भी नहीं बन पा रहे है। थैलासीमिया और हीमोफीलिया ग्रस्त मरीज प्रमाण पत्र जारी करवाने के लिए लगातार स्वास्थ्य विभाग के चक्कर काटते हैं, लेकिन उनके प्रमाण पत्र नहीं बन पाते। तीन वर्ष के लिए बने हीमोफीलिया मरीजों के अस्थाई सर्टिफिकेट 2018 में समाप्त हो गए थे। धक्के खाने के बाद कुछ ही मरीजों के प्रमाण पत्र बने हैं।

यह है स्थिति: जिले में हीमोफीलिया के करीब 53 और थैलेसिमिया के करीब 200 रोगी हैं। स्वास्थ्य विभाग हीमोफीलिया और थैलेसीमिया के मरीजों के दिव्यांग सर्टिफिकेट मात्र तीन वर्ष के लिए बना रहा है। दिव्यांग प्रमाण पत्र स्वर्गीय राष्ट्रपति डाक्टर एपीजे अब्दुल कलम जी की पहल के बाद बनने शुरू हुए थे, लेकिन इस लाइलाज बीमारी के लिए प्रमाण पत्र अस्थाई बनाए जा रहे हैं।

अस्थाई प्रमाण पत्र: थैलीसीमियाग्रस्त मरीजों की सेवा में जुटे रविन्द्र डुडेजा ने बताया कि थैलासीमिया और हीमोफीलिया ग्रस्त बच्चों का तीन साल का प्रमाण पत्र बनाया जाता है। थैलासीमिया व हीमोफीलिया एक ऐसी बीमारी है। जिसे किसी दवा या इंजेक्शन से ठीक नहीं किया जा सकता है। जब तक स्थाई नहीं लिखा जायेगा तब तक बच्चों को दिव्यांग प्रमाण पत्र से कोई फायदा ही नहीं मिल पा रहा है। उनको पेंशन नहीं मिल पा रही है और यह खासतौर पर फरीदाबाद में हो रहा है।

जबकि दिल्ली, पलवल, रोहतक, झज्जर जैसे शहरों में थैलेसीमिया और हीमोफीलिया ग्रस्त बच्चों को पेंशन दी जा रही है। इस भेदभाव को समाप्त करने के लिए उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा था। जिसमें थैलेसीमिया के कुछ बच्चों की पेंशन शुरू हो गई थी। लेकिन प्रमाण पत्र रिन्यू कराने का चक्कर अभी भी जारी है।

बरसात से पहले पानी की निकासी को जिम्मेदार विभाग करें व्यवस्था : डीसी

उपायुक्त ने एनएचएआई, नगर निगम, एफएमडीए व एचएसवीपी अधिकारियों की मीटिंग में दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग बैठक करते डीसी विक्रम सिंह।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि बरसात से पहले शहर में पानी निकासी की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों। सभी इंजीनियरिंग विंग मिलकर एक दूसरे के साथ मिलकर तालमेल करें और सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उपायुक्त विक्रम सिंह बुधवार को लघु सचिवालय में एनएचएआई, नगर निगम, एफएमडीए व एचएसवीपी के अधिकारियों के साथ संयुक्त मीटिंग में निर्देश दे रहे थे।

उपायुक्त ने कहा कि कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्गों के नीचे से ट्रैंचलैस क्रासिंग की आवश्यकता है। नगर निगम ने मथुरा रोड व दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के नीचे से छह ऐसे स्थानों की सूची सौंपी जहां से एक्सप्रेस वे के नीचे से बरसाती पानी क्रासिंग की आवश्यकता है। इनमें ओल्ड चौक क्रासिंग, वाईएमसीए रोड क्रासिंग, गुडईयर रोड क्रासिंग मथुरा रोड पर मौजूद हैं। इसके अलावा तीन स्थान दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर शामिल हैं। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि एनएचएआई इस कार्य को तुरंत व गंभीरता से साथ करेगा। इसके साथ ही नगर निगम इन स्थानों पर नए पंप स्थापित करेगा। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य को पूरी गंभीरता से साथ किया जाए। इसके साथ ही उपायुक्त ने एनएचएएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के नीचे कुछ ऐसे डक (रास्ते) छोड़े जाएं जिससे भविष्य में पेयजल पाईपलाईन या अन्य लाईनें शिक्रट करने में कोई दिक्कत न हो।

इसके बाद उपायुक्त विक्रम सिंह ने फरीदाबाद-जेवर एक्सप्रेस वे के निर्माण वे के एलाइनमेंट सहित पूरी परियोजना की जानकारी ली। इस दौरान एक्सप्रेस वे निर्माण के दौरान सर्विस लेन, एक्सप्रेसवे के निकास व प्रवेश सहित सभी बिंदुओं पर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जहां से एक्सप्रेस-वे शुरू होगा उस प्वाइंट पर कुछ अतिरिक्त प्रावधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इंट्री प्वाइंट को इस ढंग से डिजाईन करें कि भविष्य में 50 वर्षों तक भी ट्रैफिक जाम की कोई दिक्कत न उठानी पड़े। इसके साथ ही उपायुक्त ने मीटिंग में एनएचएआई की तरफ से जिला के हाईवे पर विभिन्न योजनाओं को लेकर आ रही दिक्कतों पर भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए। मीटिंग में डीआरओ बिजेंदर राणा, डीडीपीओ राकेश कुमार, डीटीपी रेणुका, एनएचएआई के पीडी वीके जौशी, नगर निगम के एसई ओमवीर सिंह सहित स्मार्ट सिटी, एफएमडीए व एचएसवीपी के अधिकारी मौजूद थे।

जेल में रहस्यमय हालत में हुई बंदी की मौत

घनश्याम का फाइल फोटो
बीके अस्पताल में बिलखते मृतक के परिजन।

हत्या के आरोप में विचाराधीन बंदी था मृतक व्यक्ति

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नीमका गांव स्थित जिला जेल में हत्या के आरोप में न्यायिक हिरासत में बंद एक बंदी की बुधवार सुबह अचानक तबीयत खराब हो गई। बंदी को इलाज के लिए बीके अस्पताल में ले जाया गया। जहां कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। मृतक व्यक्ति डायबिटिज और मानसिक रोग का शिकार था। मृतक के परिजन मौत का कारण जेल जाने से पूर्व पुलिस द्वारा प्रताड़ित करना बता रहे हैं।

बीके अस्पताल में बोर्ड के माध्यम से मृतक का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक होडल निवासी घनश्याम के मकान में पिछले दिनों इसी इलाके का रहने वाला एक युवक रात के समय घुस आया था। जिसे घनश्याम के परिजनों ने पकड़ लिया। घनश्याम और उनकी पत्नी इस बात की सूचना युवक विशाल के घर देने से चले गए। इस बीच घनश्याम के बेटे अपने तीन दोस्तों को बुला लिया। दोस्तों द्वारा की गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में घनश्याम और उनके बेटे को गिरफ्तार किया था। परिजनों का आरोप है कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने पिता-पुत्र को बुरी तरह प्रताड़ित कर जेल भेजा था। इस बीच जेल में तबीयत बिगड़ने से घनश्याम की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज की छात्राओं ने जीते पुरस्कार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उडान 1.0 (17-18 अप्रैल 2023) में अग्रवाल महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में बाजी मारी। छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की छात्रा सुजाता बीए द्वितीय वर्ष ने वाद विवाद प्रतियोगिता में शीर्षक- 'सदन के मत में सोशल मीडिया एक वरदान है'- के पक्ष में राष्ट्रीय भाषा हिंदी में प्रथम स्थान प्राप्त कर 2100 रूपये का नगद पुरस्कार प्राप्त किया वहीं छात्रा हिमिका ने विपक्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 1800 रुपये का नगद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्राप्त किया। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने विजयी छात्राओं को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने छात्राओं की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके मन-मस्तिष्क में राष्ट्रवाद व राष्ट्रीय निर्माण के प्रति सकारात्मक समझ व दृष्टिकोण विकसित करती हैं। डॉक्टर यशिका यादव, फैमिली कोर्ट, फरीदाबाद में विजयी छात्राओं को नगद पुरस्कार व सर्टिफिकेट प्रदान किए। राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक डॉ. केएल कौशिक व इंचार्ज डॉ. पूजा सैनी के कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य- डॉ. मनोज शुक्ल, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. राम चन्द्र, डॉ. डिम्पल व मिस्टर सुभाष ने छात्राओं को जीत की बधाई व शुभकामनाएं दी।

जिला पार्षद के चैयरमेन ने किया मत्स्य विभाग का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मत्स्य कार्यालय का दौरा करते जिला पार्षद चैयरमेन

जिला पार्षद के चेयरमेन विजय सिंह लोहिया ने गत दिवस जिला मत्स्य अधिकारी के कार्यालय का दौरा किया। मत्स्य पालन विभाग की विभिन्न स्कीमों को लोगों तक पहुंचाने के विषय में बातचीत की। जिला मत्स्य अधिकारी रीटा ने बताया कि पंचायती तालाबों को पट्टे पर छुडवाने में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। बहुत से अनुसूचित जाति के लोगों के द्वारा इच्छा जताई गई कि वे पंचायती तालाबों को पट्टे पर तो लेना चाहते है, परंतु तालाबों में अतिरिक्त गंदगी और बदबू के कारण स्वयं पंचायत उसे पट्टे पर देना नहीं चाहती।

पंचायती तालाबों की सफाई करवाने व गंदे पानी की निकासी की जगह न मिलने के कारण भी बहुत सारी कठनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिला मत्स्य अधिकारी रीटा के द्वारा जिला पार्षद के चेयरमैन के साथ विचार-विमर्श करते हुए सुझाव पेश किए गए कि, यदि पंचायत के पास कोई रेई या बंजर जमीन है, तो मत्स्य पालन विभाग हरियाणा द्वारा उसमें तालाब खुदबाकर वापिस पंचायत को सौंप दिया जाए, जिससे की उस तालाब को पट्टे पर उठवाने उपरांत रोजगार के अवसर तथा पंचायत की आय को बढ़ाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना स्कीम को जिले के सीी गांव तक पहुंचाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस स्कीम का लाभ देने के संदर्भ में भी विचार-विमर्श और सुझाव भी सांझा किए गए। ताकि बेरोजगार व्यक्तियों को निजी रोजगार मिल सके। जिला पार्षद के प्रमुख विजय सिंह लोहिया द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि जिला मत्स्य अधिकारी और जिला के सभी बीडीपीओ को साथ में लेकर एक मीटिंग आयोजित की जाएगी। जिसमें की मत्स्य पालन विभाग के लक्ष्यों को पूर्ण करने में आ रही कठनाईयों को दूर करने हेतू साझा रूप से ठोस कदम उठाने बारे में निर्णय लिया जाएगा।

मानव रचना में दाखिले के लिए 23 को परीक्षा

फरीदाबाद। अगर एनीमेशन, वीएफएक्स, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, लिबरल आर्ट्स, और रोबोटिक्स जैसे आधुनिक कोर्स आपकी पहली पसंद हों, बीए व बीकॉम जैसे परंपरागत कोर्सों में दाखिला लेना चाहते हों या फिर किसी स्पेशलाइजेशन के साथ डिग्री पूरी करना चाहते हों मानव रचना में आपके इन सभी के विकल्प मिलेंगे।

शैक्षणिक सत्र 2023-24 को लेकर मानव रचना में दाखिले के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 21 अप्रैल को समाप्त हो रही है। इसके लिए छात्र वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। संस्थान में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया का दौर 21 अप्रैल तक जारी रहेगा। इसके बाद 23 अप्रैल को हाइब्रिड मोड में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस प्रवेश परीक्षा में प्राप्त हुए अंकों के आधार पर छात्रों को चयनित कोर्सों के लिए 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

गेहूं की खरीद के साथ लिफ्टिंग पर दें जोर : डीसी

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

बैठक को संबोधित करते डीसी विक्रम सिंह।

डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में गेहूं की खरीद के साथ लिफ्टिंग पर बैठक आयोजित की गई। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में गेहूं खरीद के साथ और लिफ्टिंग पर अधिक जोर दें। वहीं बैठक में प्रशासनिक, खरीद, स्टोक एजेंसियों तथा पुलिस अधिकारियों और ट्रांसपोर्टर, ठेकेदार व आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मंत्रणा की गई।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फसलों के रबी सीजन के दौरान जिला की मंडियों में खरीद का कार्य गत एक अप्रैल से किया जा रहा है और अब लिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सरकारी एजेंसियों द्वारा जिला फरीदाबाद में रबी सीजन फसलों की खरीद फरोख्त और उठान कार्यों के लिए जिला प्रशासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में क्रियान्वित की जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रही थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जमींदारों आढ़तियों को मंडियों में कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। वहीं प्रत्येक मण्डी और गोदाम में एक प्रशासनिक नोडल अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी की नियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि डेलीबेसिज पर सम्बंधित एसडीएम मण्डी वार खरीद और उठान कार्यों समीक्षा व निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने एफसीआई के अधिकारी को ट्रकों की लोडिंग और अनलोडिंग में तेजी लाना सुनिश्चित करें और रोड मूवमेंट डेलीबेसिज पर चैकिंग। वहीं जो भी ठेकेदार ढिलाई बरतता पाए जाने पर उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही करें। बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग,कृषि विपणन बोर्ड, हैफेड, एफसीआई,वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन तथा मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से एक एक करके बारीकी से विस्तृत जानकारी ली गई। डीसी ने बैठक में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार रबी सीजनल फसलों की खरीद फरोख्त और उठान कार्यों के लिए साफ-सफाई, झराई, तुलाई, उठाई, फसलों की आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अदायगी सहित तमाम पहलुओं पर बारीकी से मंत्रणा की गई। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की अधिकारी सीमा शर्मा ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा रबी की फसलों के खरीद के लिए सरकारी हिदायतों के अनुसार की जाने वाले संभावित क्रियान्वयन बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

बाइक सवार से रिश्वत लेने वाले होमगार्ड पर कार्रवाई

फरीदाबाद। डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ने एक होमगार्ड द्वारा मोटरसाइकिल चालक से चालान ना करने के बदले रिश्वत मांगने की बात संज्ञान में आई। डीसीपी ट्रैफिक ने इसकी इंक्वायरी करवाई। कार्रवाई करने के लिए होमगार्ड सेंटर कमांडर को पत्र लिखा है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 7 अप्रैल की शाम होमगार्ड चांद बदरपुर बॉर्डर पर तैनात था। बदरपुर एलिवेटेड रोड पर दोपहिया और तिपहिया वाहनों के आवागमन पर पाबंदी है। एक मोटरसाइकिल चालक बदरपुर एलिवेटेड रोड से फरीदाबाद आ रहा था कि होमगार्ड ने मोटरसाइकिल चालक को रोक लिया। होमगार्ड चांद ने कहा कि इस एलिवेटेड रोड पर दो पहिया तिपहिया वाहनों की एंट्री नहीं है और आपने यातायात नियमों का उल्लंघन किया है। इसके लिए आपको रुपये 5000 का चालान भरना होगा। मोटरसाइकिल चालक ने कहा कि उसके पास इतने पैसे नहीं हैं तो होमगार्ड ने चालान न करने की एवज में उससे 300 रुपये ले लिए। शिकायत डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन को की गई थी।

श्रीराम की भक्ति ही भवसागर से पार कराती है : विष्णु दास

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

श्रीराम कथा के दूसरे दिन उमड़ा जनसैलाब

सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर में चल रही राम कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। राम कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं का जोश एवं उत्साह देखते ही बन रहा था। कथा वाचक स्वामी विष्णुदासजी ने अपने मुखारबिंद से राम कथा का सुंदर वर्णन किया। उनके मुखारबिंद से निकल रहे भक्ति रस को सुनने के लिए भक्तजन उत्सुक दिखाई दिए।

मंगलवार के दिन उन्होंने श्रीराम कथा सुनाते हुए प्रहलाद जी का वर्णन किया। किस प्रकार प्रभु की कृपा से वह पूरी तरह से निर्भीक थे। होलिका को वरदान होने के बाद भी वह स्वयं जल गई मगर, प्रहलाद जी का बाल बांका नहीं हुआ, क्योंकि उन्होंने भगवान के पावन नाम का आश्रय ले रखा था। अर्थात जिसने भगवान राम का आश्रय लिया है, उसका कोई भी बाल बांका नहीं कर सकता। इसलिए राम नाम का जप करने से जीवन के तमाम कष्ट मिट जाते हैं। आगे वर्णन करते स्वामी विष्णुदास ने कहा कि परमात्मा का हमें धन्यवाद करना चाहिए कि उन्होंने हमें मानव जीवन दिया है। जीवन क्षण भंगुर है, इसका कोई भरोसा नहीं है। इसलिए अपनी देह यानि शरीर पर कभी अभिमान नहीं करना चाहिए। राम कथा में पर मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के निजी सचिव कौशल बाठला ने शिरकत की।

संक्षिप्त समाचार

एआईएफओएम ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई : कपूर

फरीदाबाद। राष्ट्रीय स्तर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की भलाई के लिए स्थापित संस्था। ऑल इंडिया फोरम ऑफ एमएसएमई (एआईएफओएम) ने अपना प्रथम स्थापना दिवस हर्षोउल्लास के साथ फरीदाबाद में आयोजित किया। प्रात: काल संस्था के पंजीकृत कार्यालय पर हवन किया गया। शाम को चौधरी फार्म हाउस, मुजेड़ी रोड, सेक्टर-70 फरीदाबाद में सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में संस्था की स्थापना का एक वर्ष पूरा होने पर केक काटा गया। राष्ट्र भक्ति के गीत गाये गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में संस्था के सभी सदस्यों को सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा करने पर हार्दिक बधाई दी। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार चौधरी ने एआईएफओएम की एक वर्ष की यात्रा का अनुभव करवाते हुये गत एक वर्ष की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने बताया की पिछले एक वर्ष में एमएसएमई के लिए अनेक सेमिनार एवं वर्कशॉप आयोजित किये गये। आओ सहयोग करे कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक गोष्ठी आयोजित की गयी। एआईएफओएम के डेलिगेशन ने उत्तर दृपूर्व के राज्यों का दौरा किया तथा वहां के उद्यमियों से एमएसएमई की बेस्ट प्रैक्टिस साझा की। उन्होंने यह भी बताया की। ए.आई.एफओ.एम के प्रतिनिधिमंडल ने दिसम्बर-2022 में इंडोनेशिया के जकार्ता शहर में एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में भाग लिया जहां उद्यमियों को अपने व्यापार को बढाने में बहुत लाभ मिला। उन्होंने बताया की मार्च 2023 में चेन्नई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय इंजीनियरिंग सोर्सेज शो प्रदर्शनी में। एआईएफओएम के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इसके ईलावा। एआईएफओएम ने ब्रह्मकुमारिज संस्थान के साथ मिलकर उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय सेमिनार भी आयोजित किया।

भीख मांगते चार बच्चों को भेजा बाल कल्याण भवन

रेस्क्यू किए बच्चों को बाल कल्याण भवन में भेजती पुलिस।

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश व ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने फरीदाबाद से भीख मांगने वाले 4 बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए व उनकी देखभाल के लिए बाल कल्याण भवन भेजने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट द्वारा फरीदाबाद के मेवला महाराजपुर रेलवे फाटक के पास से भीख मांगते हुए 4 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। चारों बच्चों की उम्र क्रमश: 13,11,10,10 वर्ष है। पुलिस टीम द्वारा बच्चों को खाना पीना खिलाया गया और उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान सामने आया कि चारों बच्चों के माता-पिता का देहांत हो चुका है और जिसमें से दो दो बच्चे आपस में भाई हैं। बच्चे अपनी दादी के पास रहते हैं जिनकी उम्र 70 वर्ष है और वह एक वृद्ध महिला है इसलिए इन बच्चों का पालन पोषण करने में असमर्थ है। अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए बच्चे भीख मांगते हैं। पुलिस टीम ने बच्चों की दादी को समझाया कि यह उम्र उनके पढ़ने लिखने की है। यदि वह स्कूल नहीं जाएंगे तो सारी उम्र भीख मांगते ही रह जाएंगे इसलिए आवश्यक है कि उन्हें स्कूल भेजकर अच्छी शिक्षा दी जाए ताकि वह पढ़ लिख कर इस समाज में एक बेहतर स्थान प्राप्त कर सके और एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सके। पुलिस टीम द्वारा उक्त बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया जहां बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों की देखभाल तथा उनके जीवन को एक नई दिशा दिखाने के लिए उन्हें बाल कल्याण भवन भेजा गया है।

41 जुगाड़ वाहनों को किया गया जब्त

जुगाड़ वाहनों को इंपाउंड करते पुलिसकर्मी

फरीदाबाद। डीसीपी ट्रेफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले 41 जुगाड़ वाहनों को इंपाउंड किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद की ट्रैफिक पुलिस ने जुगाड़ू रुप से तैयार किए गए वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 41 वाहनों को इंपाउंड किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुछ लोग वाहनों को अपने हिसाब से मॉडिफाई करवाकर बिना सड़क सुरक्षा नियमों को ध्यान में रखकर यात्रा करते हैं। इन वाहनों के साइड में लोहे की रॉड या पाइप लगी रहती है जो साथ में चल रहे दूसरे वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक दिन का विशेष अभियान चलाया गया जिसमें जुगाड़ू रूप से तैयार किए गए 41 वाहनों को इंपाउंड किया गया है।

कोरोना के 184 पॉजिटिव मिले, 70 स्वस्थ्य हुए

फरीदाबाद। जिले में बुधवार को कोरोना के 184 नए संक्रमित मरीज सामने आए है। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए जा रहे आंकड़ों में इस वर्ष के सर्वाधिक मामलों में बुधवार को जारी किए गए आंकड़े को दर्शाया गया है। जिसमें राहत की बात यह है, कि 70 कोरोना संक्रमित मरीजों को स्वास्थ्य विभाग ने स्वस्थ घोषित कर दिया है। जिससे जिले में एक्टिव केसो की संख्या का आंकड़ा 779 पर पहुंच गया है। जिसमें 16 मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं 763 मरीजों को होम आईसोलेशन में रखा गया है। जिले में पिछले 24 घंटे में 965 रोगियों के सैम्पल जांच किए गए है। वहीं पिछले दिनों लिए गए निजी के 81 और सरकारी प्रयोगशालाओं के 286 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिसमें का सैम्पल पॉजिटिविटी रेट 19.6 प्रतिशत है।

राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में डीएवी ने लहराया परचम

फरीदाबाद। सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल में 17 और 18 अप्रैल को आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में डी ए वी शताब्दी महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 2 प्रथम 3 द्वितीय तथा 1 तृतीय पुरस्कार लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। एलोकेशन में दिव्या प्रथम, हिंदी कविता में पंकज उपाध्याय प्रथम, इंग्लिश कविता में सागर कामती द्वितीय, डिबेट हिंदी फ़ॉर मोशन में पंकज उपाध्याय द्वितीय, डिबेट इंग्लिश अगेंस्ट मॉशन में सागर कामती द्वितीय तथा हरियाणवी सोलो डांस में श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉ सविता भगत ने प्राध्यापक इंचार्ज डॉ अमित शर्मा के साथ सभी विजेता प्रतिभागियों को अपनी शुभ कामनायें दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के साथ साथ अन्य पठेयतर गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए यह अति महत्वपूर्ण हैं। इन गतिविधियों में हमारा महाविद्यालय हमेशा से ही आगे रहा है। प्राचार्या ने कामना की कि आगामी समय मे भी महाविद्यालय ऐसी प्रतियोगिताओं में उत्तम परिणाम लेकर आता रहेगा।

भारत की प्रगति

नई संभावनायें

भारत में एपल के मुख्य कार्यकारी टिम कुक की यात्रा केवल समारोह का अवसर नहीं, बल्कि एपल से संबंध के चलते भारत की नई संभावनाओं का प्रतीक है। मंगलवार को एपल ने मुंबई में अपनी कंपनी का पहला खुदरा स्टोर शुरू किया जो समारोही अवसर के साथ ही महत्वपूर्ण बिजनेस न्यूज़ है। एपल एक प्रख्यात कंपनी तथा टिम कुक वैश्विक ख्याति वाले कार्पोरेट मालिक हैं। हमारे देश में ट्विटर पर वे पहले से ही ट्रेंड कर रहे थे। ग्राहकों का हाथ हिला कर स्वागत करते, अपने स्टोर के दरवाजे खोलते व कर्मचारियों के ताली बजाने के वीडियो बहुत लोकप्रिय हुए। इस स्टोर के उद्घाटन में शानदार आयोजन के सभी तत्व थे जिनमें ग्रीटिंग व सेल्फी शामिल हैं। उद्घाटन के एक दिन पहले कुक ने वड़ा पाव खाते हुए और हिंदी फिल्म स्टार माधुरी दीक्षित के साथ अपनी फोटो पेस्ट की थीं। मुंबई स्टोर के उद्घाटन के फौरन बाद कुक ने ट्वीट किया, 'मुंबई में ऊर्जा, रचनात्मकता व भावनात्मकता अविश्वसनीय है। हम यहां भारत में अपना पहला स्टोर एपल बीकेसी खोल कर बहुत आनन्द का अनुभव करते हैं।' गुरुवार को कुक दिल्ली में दूसरे एपल स्टोर के उद्घाटन में शामिल होंगे। उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात भी प्रस्तावित है। 2016 में कुक पहली बार भारत आए थे। उस समय एपल देश में अपनी गतिविधियां शुरू करने पर विचार कर रहा था। हालांकि, इस विशाल कंपनी की भारत में उपस्थिति अनुभव की जाती है, उसका विस्तार अभी बहुत सीमित है। जिस प्लेटफार्म पर भारत के 95 प्रतिशत से अधिक स्मार्टफोन की उपस्थिति है वह गूगल का एंड्रायड है। कुक की यात्रा तथा एपल के स्टोरों से देश में उनकी कंपनी का प्रसार बढ़ने की उम्मीद है।



एपल न केवल भारत में अपने ज्यादा फोन बेचेगा, बल्कि ऐसा लगता है कि वह भारत में ज्यादा फोन बनाएगा भी। पिछले दो साल में देश में आईफोन के उत्पादन में आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। पिछले वित्त वर्ष में उसने अपने 5-7 प्रतिशत फोन यहां बनाए हैं। पिछले साल ही इस विशाल टेक्नोलोजी कंपनी का निर्यात 40,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया। एपल के सहयोगी फाक्सकाम टेक्नोलोजी ग्रुप तथा पेगाट्रान कार्प भारत में आईफोन असेंबल करते हैं। वास्तव में यह इस तथ्य को देखते हुए अच्छी प्रगति है कि भारत 2021 में दुनिया के केवल 1 प्रतिशत आईफोन बनाता था। कुक की सरकारी उच्चाधिकारियों से मुलाकात भी प्रस्तावित है जिससे स्थानीय स्तर पर और अधिक आईफोन उत्पादन की संभावनायें उजागर होंगी। कहा जाता है कि कंपनी हेडफोन, आईपॉड व घड़ियों का उत्पादन भी शुरू करेगी। भारत में एयरपॉड का उत्पादन भी हो सकता है। खबरों के अनुसार फाक्सकान देश में नए प्लांट के लिए 700 मिलियन डालर का निवेश करने जा रही है ताकि स्थानीय स्तर पर आईफोन उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। बताया जाता है कि एपल की ताइवानी सप्लायर पेगाट्रान भी चेन्नै में दूसरी फैक्ट्री लगाने जा रही है। स्पष्ट रूप से मोदी सरकार की उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहनों की पीएलआई योजना 'चाइना प्लस वन' रणनीति की तरह है जिसे दुनिया की अनेक बड़ी कंपनियों ने पसंद किया था। यह भारत तथा बहुराष्ट्रीय निगमों, दोनों के लिए बहुत लाभदायक स्थिति है। पिछले लगभग नौ साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की आर्थिक नीतियों ने देश की प्रगति में अभूतपूर्व योगदान दिया है और वह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मोदी की आर्थिक नीतियों में 'मेक इन इंडिया, मेक फार द वर्ड' को व्यापक स्वीकार्यता मिली है। एपल व उसके साथ अनेक विश्वविख्यात बहुराष्ट्रीय कंपनियों का भारत में प्रवेश और विस्तार इन आर्थिक नीतियों की विजय है।

पीओके व भारत की सुरक्षा

गृह मंत्री ने पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके में एक गलियारे की संभावना पर विचार की बात कही है। इसके सुरक्षा आयामों पर विचार होना चाहिए।

रतन कौल
(लेखक, सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हैं)

भारत व तथाकथित आजाद कश्मीर या पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके समेत पाकिस्तान में अतीत में राजनीति तथा छुपे एजेंडों का वर्चस्व रहा है। इनका संबंध वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलओसी पर स्थापित स्मारकों से है। ऐसे मामलों का संबंध देश की सुरक्षा, कश्मीर की संवेदनशील भावनाओं तथा धार्मिक भावनाओं से है। 23 मार्च को गृह मंत्री अमित शाह ने वीडियो लिंक के माध्यम से एलओसी के निकट कश्मीर के टीटलवाल में शारदा देवी के मंदिर का उद्घाटन किया जिसका निर्माण श्रृंगेरी मठ ने किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे 'दक्षिण व उत्तर का जुड़ाव होगा'। उन्होंने करतारपुर कारीडोर की तर्ज पर तीर्थयात्रियों के लिए एक कारीडोर खोलने की संभावनायें 'खोजने' की योजना का संकेत भी दिया। अभी यह निश्चित नहीं है कि इस खोज का क्या अर्थ है और इस प्रस्ताव के दायरे में पाकिस्तान व पीओके को लाए बिना इसका क्या अर्थ होगा। आजाद कश्मीर-पीओके की विधायी असेम्बली ने 29 मार्च, 2023 को एक प्रस्ताव पास कर करतारपुर जैसा कारीडोर बनाने का आह्वान किया था ताकि 'एलओसी के पार कश्मीरियों से मुलाकात हो सके।' लेकिन इसे इस संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि पांच दिन बाद भी पाकिस्तान सरकार या पाकिस्तानी सेना ने इसकी अनुमति नहीं दी। इस प्रस्ताव की शब्दावली भारतीय प्रस्ताव से बिल्कुल अलग है और इससे एक प्रकार का जहरीला षडयंत्र नजर आता है।

इस प्रस्ताव का समर्थन करने वाले अनेक सदस्य अब इसे 'अनुपयुक्त' और 'मूर्खतापूर्ण' बता रहे हैं। हुर्रियत कान्फ्रेंस समेत दोनों ओर की कश्मीरी पार्टियों ने इस पर सवाल उठाए हैं। इसके आलोचकों में अनेक पार्टियां व एमएलए शामिल हैं जो प्रस्ताव को स्वीकार करने के समय उपस्थित थे। इनमें आजाद कश्मीर के पूर्व प्रधानमंत्री राजा फारूक हैदर शामिल हैं। विधायकों का दृष्टिकोण उलटने का कारण भारतीय प्रस्ताव है जिसका उद्देश्य विवादित राज्य में भारतीय धार्मिक संस्थानों का प्रभाव पैदा करना है। पाकिस्तानी सोच का प्रतिनिधित्व भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित ने किया। उन्होंने प्रस्ताव को निरर्थक बताते हुए भारत को एलओसी पर सीबीएम 2005 तथा ट्रांजिट व्यापार समझौता, 2007 की याद दिलाई है। ये दोनों ठंडे बस्ते में पड़े हुए हैं क्योंकि व्यापार मार्ग का 'अमन सेतु' विघटनकारियों, हथियारों के सौदागरों तथा नशे के स्मगलरों का रास्ता बन गया था। बासित ने करतारपुर कारीडोर को एक 'अंतरराष्ट्रीय सीमा' के रूप में परिभाषित किया जिसमें एक सहमति वाली व्यवस्था काम कर रही है।

लेकिन जब तक पूर्व जम्मू कश्मीर राज्य के दोनों पक्ष एकसाथ नहीं मिल जाते हैं तथा एलओसी निरर्थक हो जाती है, तब तक यह प्रस्ताव कारगर नहीं होगा। हालांकि, उन्होंने यह संकेत भी किया कि यह घोषणा कैसे कश्मीर समस्या समाधान की पाकिस्तानी मांग को नया जीवन देती है। लेकिन प्रस्ताव में उल्लिखित 'एलओसी के दोनों ओर के कश्मीरियों के मिलने' को अनदेखा किया गया है। निश्चित रूप से इसमें घाटी के अनेक मंदिर शामिल होंगे। लेकिन इससे यह आशंका भी पैदा होती है कि पाकिस्तान भारत को 'फंसा' कर कश्मीर पर अपना दृष्टिकोण आगे बढ़ा कर विवाद से अंतरराष्ट्रीय, राजनीतिक व क्षेत्रीय लाभ प्राप्त करना चाहता है। यह 'खोज का प्रस्ताव' संघशासित क्षेत्र जम्मू कश्मीर में विघटनकारियों को नया अवसर दे सकता है तथा इससे कश्मीर समस्या को राजनीतिक व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नया जीवन मिल सकता है। इससे पाकिस्तानी आईएसआई को एलओसी के दोनों ओर अपने मुहरों को सक्रिय करने का अवसर मिल सकता है। क्या भारत की यह घोषणा भारत द्वारा दोनों समझौतों को पुनर्जीवित करने का संकेत है, जबकि पाकिस्तान इनमें से किसी के प्रति गंभीर नहीं रहा है तथा अतीत की विघटनकारी गतिविधियों को देखते हुए उसके कदमों पर संदेह है। यदि एक सहमति वाली व्यवस्था बन भी जाए तो दोनों देश इस स्मारक को स्वीकार कैसे करेंगे। पाकिस्तान ने इसके हिंदू मंदिर होने का दावा खारिज करते हुए इसे अशोक काल का संरक्षित बौद्ध स्मारक घोषित किया है। हिंदुओं का दावा है कि यह ज्ञान की देवी मां शारदा का प्राचीन मंदिर है जिनका निकट संबंध शारदा लिपि और भाषा से है।

एलओसी के निकट बना मंदिर देवी शारदम्बा का है जो श्रृंगेरी मठ के स्वामी चंद्र मौलेश्वर, यानी भगवान शंकर की पत्नी देवी पार्वती का एक रूप हैं। ऐसे में यह कहना संभवत: भ्रामक है कि ये कश्मीर की मां शारदा हैं जो ज्ञान की देवी, देवी सरस्वती का एक रूप हैं। मठ के एक पुजारी का मानना है कि 14वीं शताब्दी के अंत में शंकराचार्य यहां आए थे जिनका संबंध कश्मीर के शारदा मंदिरों से था। अनेक प्रख्यात दक्षिण भारतीय विद्वानों और लोगों ने इस अवधारणा पर सवाल उठाए हैं। यह कहना कठिन है कि गृह मंत्री ने दो अलग धार्मिक दर्शनों से जुड़े दोनों संस्थानों को एकसाथ कैसे जोड़ा और कारीडोर का प्रस्ताव खोजने का संकेत दिया। दशकों पहले मैंने एलओसी के निकट वाले इस क्षेत्र में तीन साल सेवा दी है और मैं जानता हूं कि 1989 के बाद पाकिस्तान ने इस क्षेत्र का कैसे प्रयोग किया था। सितंबर, 2016 में हमारी 'सर्जिकल स्ट्राइक' इसी क्षेत्र में हुई थी जो आईएसआई की गोपनीय गतिविधियों का गढ़ है। दोनों पक्ष उपरोक्त स्मारक के बारे में अलग-अलग दावे करते हैं जिनका संकेत यहां किया गया है। अशोक के किसी पुरालेख या प्रख्यात चीनी बौद्ध भिक्षुओं के यात्रा वृतांतों में या कश्मीर पर लिखी नीलामत व राजतरंगिणी में इस खास धार्मिक स्मारक या धार्मिक जड़ों का उल्लेख नहीं है। उपरोक्त में से किसी दावे की पुष्टि इन प्राचीन ग्रंथों या यात्रा वृतांतों या अभिलेखों से नहीं होती है।

हालांकि, एक धार्मिक संस्थान ने देवी शारदा की विरासत पुनर्जीवित करने के प्रयास जरूर किए हैं, पर कुछ शताब्दियों पहले इस क्षेत्र को 'द्राव देश' कहा जाता था। इन सभी चीजों को देखते हुए इस क्षेत्र में तीर्थयात्रियों की संख्या बहुत कम होगी, पर एलओसी के दूसरी ओर से आने वालों की संख्या तुलनात्मक रूप से अधिक हो सकती है। उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में आरिल स्टीन ने कहा था, 'एक खास वर्ष, हर चौथे चंद्र वर्ष में दो या तीन सौ यात्री मृतकों संबंधी धार्मिक समारोहों में भाग लेने के लिए कुपवाड़ा के निकटवर्ती क्षेत्र से यहां आते हैं। अन्य वर्षों में यहां बहुत कम तीर्थयात्री आते हैं।' उसने यह उल्लेख भी किया है कि 'श्रीनगर और उसके आसपास के ब्राह्मणों को इस तीर्थस्थान के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।' ऐसे में एक खास धार्मिक स्थल के बारे में प्रस्ताव तथा प्रोत्साहन से घाटी में आशंकाओं व अलगाव संबंधी गतिविधियों में तेजी आ सकती है। इससे पाकिस्तान-समर्थक तथा विघटनकारी व अलगाववादी तत्वों को मौका मिल सकता है। ऐसे में कश्मीर के एक मठ के प्रमुख पुजारी की यहां 23 मई को प्रस्तावित यात्रा पर सबकी नजरें बनी रहेंगी। इस क्षेत्र के धार्मिक व दार्शनिक अतीत पर ज्यादा विचार-विमर्श तथा इसके बारे में जनता में व्यापक जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है। स्मारक के इतिहास के अलग से अध्ययन के साथ प्रस्ताव के सुरखा आयामों पर भी विस्तार से विचार करने की जरूरत है।

विभिन्न धार्मिक संस्थानों व दर्शनों की अपने पौराणिक अतीत से जुड़ी भावनायें हैं, पर राजनयिकों को वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए उनके बारे में गंभीर व तटस्थ विचार करना जरूरी है। गृह मंत्री के प्रस्ताव के सुरक्षा आयामों पर विचार करते हुए हमें पाकिस्तान को ऐसा कोई मौका नहीं देना चाहिए जिसका लाभ वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत-विरोधी भावनायें भड़काने या अपना कश्मीर एजेंडा आगे बढ़ाने के लिए कर सके।

प्रदेश इकाइयों को मजबूत करे कांग्रेस

> कांग्रेस को प्रासंगिक बने रहने के लिए उसे अपनी राज्य-स्तरीय इकाइयों को मजबूत करना होगा।

कुमार चेलप्पन
(लेखक दि पायनियर के वरिष्ठ पत्रकार हैं)

पिछले कुछ दिनों में कम परिमाण के राजनीतिक भूकंपों की एक श्रृंखला देखी गई, जिससे राष्ट्रीय राजधानी के साथ-साथ केरल में भी कुछ सदमे की लहरें उठीं। यह सब गुलाम नबी आजाद, द मैन फ्राइडे की इंदिरा गांधी, संजय गांधी, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह की जीवन गाथा के विमोचन के साथ शुरू हुआ और जिन्होंने पार्टी की रेखाओं से हटकर दोस्तों का एक विशाल नेटवर्क बनाए रखा। 'आज़ाद', गुलाम नबी आज़ाद की आत्मकथा पाठकों को पिछले तीन दशकों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पतन के बारे में बताती है।

'आज़ाद' की रिलीज़ के बाद संयुक्त आंध्र प्रदेश के अंतिम मुख्यमंत्री किरण कुमार रेड्डी और पूर्व रक्षा मंत्री और त्रह्क्क के सबसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा में शामिल हो गए।

जबकि अनिल एंटनी का कांग्रेस से बाहर निकलना और भाजपा में शामिल होना अपेक्षित था, यह राष्ट्रीय स्तर पर या केरल में हिंदुत्व पार्टी के भाग्य में कोई बदलाव नहीं करने जा रहा है। भाजपा नेतृत्व इस बात से तसल्ली कर सकता है कि एंटनी टैग के कारण अनिल एक ब्रांड नाम है। केरल में कांग्रेस कार्यकर्ता उनके बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं क्योंकि वह पार्टी के डिजिटल मीडिया सेल में काम करने वाले बैक-रूम लड़कों में से एक थे। भाजपा नेता दावा कर सकते हैं कि ईसाई समुदाय के सदस्य प्रधानमंत्री मोदी के करिश्मे से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

हालाँकि भाजपा ने ईसाइयों को पार्टी में शामिल करके अपनी किस्मत आजमाई थी, लेकिन अभी तक केरल या देश के बाकी हिस्सों में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। केरल का मीडिया हिंदुत्व के कट्टरपंथियों द्वारा देश के बाकी हिस्सों में ईसाई पादरियों और प्रचारकों पर हमले की खबरों से भरा पड़ा है। अगले पोप की दौड़ में शामिल सिरो मलंकारा कैथोलिक चर्च के प्रमुख कार्डिनल बसेलियोस क्लेमिस (64) ने पहले ही घोषित कर दिया है कि मोदी प्रशासन के तहत भारत में अल्पसंख्यक, विशेष रूप से ईसाई सुरक्षित नहीं हैं। धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले भाजपा शासित राज्यों द्वारा बनाए गए कानून ने चर्च को विरोध में डाल दिया है क्योंकि सुसमाचार प्रचार वह भावना है जो समुदाय को बनाए रखती है। बीजेपी की किटी में अनिल एंटनी के शामिल होने की संभावना धूमिल दिख रही है। जिस क्षण कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने क्षेत्रीय क्षत्रपों को आकार देने के लिए कटौती की, उसी क्षण कांग्रेस ने गतिरोध करना शुरू कर दिया। एक समय था जब पार्टी के पास के कामराज, के करुणाकरन, देवराज उर्स, एस निजलिंगप्पा, वसंत दादा पाटिल, बीजू पटनायक, अतुल्य घोष, सिद्धार्थ शंकर रे आदि प्रमुखों की सेवाएं थीं। एनकेपी साल्वे और वसंत साठे जैसे कांग्रेस नेता। न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में सम्मान की कमान संभाली। इस लेखक को 1987 के विश्व कप क्रिकेट चैंपियनशिप को भारत में लाने के लिए साल्वे के मिशन के बारे में एक समाचार पढ़ना याद है। शीर्ष क्रिकेट प्रबंधकों में से एक के हवाले से कहा गया है, साल्वे के प्रभारी के साथ, विश्व कप के कहीं और जाने की कोई संभावना नहीं है। क्या अब कांग्रेस में ऐसे नेता रह गए हैं?

किरण कुमार रेड्डी ने पिछले शुक्रवार को भाजपा में शामिल होने के बाद मीडिया को जो बताया वह उल्लेखनीय है। कांग्रेस के पास सही जगहों पर सही नेता मौजूद नहीं हैं। कामराज और सी सुब्रमण्यम की पसंद की बदौलत 1967 तक तमिलनाडु में जो पार्टी सत्ता में थी, वह छ्रब्य के लिए एक पायदान के रूप में समाप्त हो गई है। सबसे अच्छा, पार्टी को डीएमके की बी टीम के रूप में वर्णित किया जा सकता है। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के प्रपौत्र सी आर केसवन के पार्टी में शामिल होने पर भाजपा के पास जश्न मनाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है। केसवन, जो 2001 से 2023 तक कांग्रेस में थे, ने राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा ठंडे बस्ते में डालने के कारण पार्टी छोड़ दी। कांग्रेस में उनके योगदान के बारे में लिखने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है।

कांग्रेस के बिना भारत कभी नहीं होगा। लेकिन पार्टी को उसके नेतृत्व से ही मजबूत किया जा सकता था। नेताओं को अपनी कमियां और कमियां समझनी चाहिए। अकेले मोदी को कोसने से पार्टी अपने गौरव के दिनों में वापस नहीं आएगी। अभी देर नहीं हुई है।

आप की बात

संकट में भारतीय

हिंसाग्रस्त सूडान में कर्नाटक के हक्की पीक्की जनजाति समुदाय के 31 लोगों के फंसे होने का समाचार गंभीर चिंता का विषय है। कर्नाटक के आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा यह मुद्दा विदेश मंत्रालय के संज्ञान में लाया जा चुका है। सभी भारतीयों को पूर्ण विश्वास है कि विदेश मंत्रालय सभी भारतीयों को सकुशल वापस लेकर आएगा। पूर्व में भी विदेश मंत्रालय के अथक प्रयासों के द्वारा सीरिया और कुवैत से भारतीय नहीं बल्कि अन्य देशों के नागरिकों को सकुशल बाहर निकाला था। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने के कारण यह मुद्दा अखबारों की सुर्खियों में बना हुआ है। विपक्षी दल केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं जबकि विदेश मंत्रालय स्पष्टीकरण दे चुका है और एडवाइजरी भी जारी कर चुका है। हम सभी भारतीय उम्मीद करते हैं कि विदेश मंत्रालय के माध्यम से शीघ्र ही सभी भारतीय सकुशल वापस होंगे और इस मुद्दे की राजनीति पर भी पर भी पूर्ण विराम लगेगा। भारतीयों को भी केवल रोजी-रोटी पर ध्यान देने के साथ ही विदेशों में जाने पर अपनी सुरक्षा को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। हालांकि, भारत सरकार तथा विदेश मंत्रालय प्रवासी भारतीयों तथा विदेश जाने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर पूरा ध्यान देती है। यह स्वागत योग्य है।

– **वीरेन्द्र कुमार जाटव,** दिल्ली

भारत-रूस व्यापार

भारत का रूस के साथ व्यापारिक घाटा चीन के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। छूट पर रूस से मिल रहे कच्चे तेल पर निर्भरता के कारण ऐसा हुआ है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल जनवरी के दौरान भारत का सबसे ज्यादा 71.58 अरब डॉलर का व्यापारिक घाटा चीन के साथ था उसके बाद अब रूस का स्थान है जिसके साथ व्यापारिक घाटा वित्त वर्ष 22 के अप्रैल जनवरी के 4.86 अरब डालर की तुलना में वित्त वर्ष 23 के अप्रैल जनवरी के दौरान 7 गुना बढ़कर 34.79 अरब डालर का हो गया है। रूस से कुल 37.37 अरब डालर आयात में से दो तिहाई मूल्य का आयात कच्चे तेल का हुआ है। हालांकि इस समय रूस भारत का पांचवा बड़ा व्यापारिक साझेदार है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर का कहना है कि हमारा द्विपक्षीय कारोबार का लक्ष्य 2025 के पहले ही 30 अरब डालर को पार कर गया है। हमें रूस के मित्रों के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है जिससे कि इस व्यापार असंतुलन को दूर करने के तरीकों पर विचार किया जा सके। रूस को भारत से आयात बढ़ाने की जरूरत है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

रेवड़ी संस्कृति

दिल्ली में मुफ्त बिजली को लेकर उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच फिर से तनातनी शुरू हो गई है। जिन प्रदेशों में विपक्षी दलों की राज्य सरकारें हैं, वहां के शासक दल और राज्यपाल के बीच खींचतान और तनाव की घटनाएं आम हो गई है। राज्य अपने किसी भी मामले में राज्यपाल के निर्देशों का पालन नहीं करना चाहते। वहीं राज्यपाल अपने संवैधानिक अधिकारों का अब पूरा उपयोग करना चाहते हैं। अप्रत्यक्ष रूप से वह केंद्र सरकार के ही प्रतिनिधि होते हैं। जिसके चलते टकराव की स्थिति पैदा होती है। मगर जिन राज्यों में बीजेपी की सरकार है वहां से कभी किसी प्रकार की टकराव की कोई खबर नहीं आती है। दिल्ली व पंजाब में मुफ्त बिजली बांट कर व अन्य सुविधाएं मुफ्त प्रदान करते-करते आप सरकार का खजाना खाली हो गया है। कर्मचारियों को तनख्वाह तक समय पर नहीं मिल रही है। विज्ञापनों पर खर्च होने वाली राशि में कई गुना बढ़ोतरी कर दी गई है। विधायकों मंत्रियों के वेतन-भत्ते भी बढ़ा दिए गए हैं। इससे जनता संकट में है, मगर आप पार्टी अन्य राज्यों में भी यही मुफ्त की रेवड़ी वाला दांव फेंकने जा रही है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

जाति गणना

राहुल गांधी ने कर्नाटक की चुनावी सभा में 2011 के जातिगत गणना के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की है। जातीय जनगणना के जिन्न को विपक्षी दल फिर से बोतल से बाहर निकालने का प्रयास कर रहे हैं। बिहार में तो यह शुरू भी हो चुकी है। जब 2011 की सरकार की अगुवाई खुद कांग्रेस कर रही थी तब उसने यह आंकड़े जारी करना जरूरी नहीं समझा। मगर अब राहुल गांधी इन आंकड़ों को जारी करने की मांग कर रहे हैं। अब 12 साल पहले के आंकड़े पूरी तरह से बदल गए होंगे। तो उनको जारी करने की मांग करने का क्या लाभ। जातिगत जनगणना को चुनाव में मुद्दा बनाना ही है तो पहले जिन राज्य में कांग्रेस की सरकार है, वहां बिहार की तरह यह गणना शुरू कर दी जाती। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जाहिर है कि इनकी दिलचस्पी सिर्फ मतदाताओं को प्रभावित करने तक ही सीमित है। वैसे भारत में जातियों की संख्या, विभिन्न प्रदेशों में अलग-अलग उपनामों के प्रयोग, एक ही जाति के लोगों के सवर्ण या अवर्ण होने के दावों, आदि के कारण जातीय गणना अत्यन्त जटिल है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।

आसान होगी ईवी की खरीद योगी सरकार ने शुरू की तैयारी

● 2030 तक सभी सरकारी विभागों एवं इनके अधीन काम करने वाली संस्थाओं में होंगे सिर्फ इलेक्ट्रिक व्हीकल'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यदि आप अभी कार खरीदने की योजना बना रहे हैं तो थोड़ा मार्केट एनालिसिस अवश्य कर लें, क्योंकि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश के पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के लिए पेट्रोल-डीजल की बजाए 100 प्रतिशत ग्रीन फ्यूल यानी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश सरकार ने स्वयं 2030 तक सभी सरकारी विभागों में उपयोग किए जाने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से ईवी में तब्दील करने का लक्ष्य रखा है। अब इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयारी भी शुरू कर दी गई है। इसके तहत सरकार की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि सरकारी विभाग बिना टेंडर के भी नामांकन के आधार पर ईवी वाहन क्रय कर सकते हैं, जबकि ईवी वाहनों के क्रय पर आवश्यक्ता के अनुसार तय मैक्सिमम लिमिट से अधिक भी खर्च किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश 2030 से पहले ही इस लक्ष्य को हासिल करके सरकारी विभागों में शत प्रतिशत ईवी वाला देश का पहला राज्य बन सकता है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में ईवी व्हीकल्स को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने 14 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक व्हीकल विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति 2022 को नोटिफाई किया था। इसके तहत सरकार ने ईवी की खरीद पर 3 साल तक टैक्स और रजिस्ट्रेशन फ ीस से छूट प्रदान की है। वहीं प्रदेश में निर्मित ईवी की खरीद पर यह छूट 5 साल तक मान्य होगी।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा जारी आदेश में सभी विभागों एवं उनके अधीन कार्यरत संस्थाओं को निर्देश दिया गया है कि ईवी पॉलिसी के अनुरूप 2030 तक शत प्रतिशत वाहनों को ईवी वाहनों में तब्दील किया जाए। इसमें ये भी कहा गया है कि सरकारी अभिकरणो से बिना निविदा के नामांकन के आधार पर पर ईवी वाहन क्रय किया जाए तथा शासकीय आयोजन के लिए वाहनों के स्त5य पर प्रचलित ऊपरी अधिकतम सीमा को शिथिल किया जाए। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के एक अधिकारी के अनुसार चूंकि अभी तक सरकारी वाहनों की खरीद जेम पोर्टल पर टेंडर के माध्यम से होती थी लेकिन ईवी कंपनियां इससे रजिस्टर्ड नहीं हैं। इसीलिए पॉलिसी में व्यवस्था दी गई है कि सरकारी अभिकरणो जैसे राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेंट लि. (आरईआईएल) व एनर्जी एफि शिएंसी सर्विसेज लि. (ईईएसएल) इत्यादि से बिना टेंडर के नामांकन के आधार पर ईवी क्रय किए जा सकेंगे। वहीं, चूंकि अभी इलेक्ट्रिक व्हीकल पेट्रोल-डीजल की तुलना में अधिक महंगे हैं, इसलिए सरकार ने वाहनों की खरीद पर ऊपरी अधिकतम खर्च सीमा पर भी छूट दी है।

सरकारी कर्मचारियों को ईवी की खरीद पर मिलेगा एडवांस

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को ये भी निर्देश दिए हैं कि राज्य सरकार द्वारा शासकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को वाहनों के लिए दिए जाने वाले एडवांस में भी ईवी को शामिल किया जाए। साथ ही कहा गया है कि तय समय के अंदर विभाग इस पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। ये कदम भी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की खरीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए उठाया गया है। ईवी पॉलिसी में भी इसके लिए प्रावधान किया गया था। इसका मूल उद्देश्य यही है कि यदि सरकारी कर्मचारी ईवी को प्राथमिकता देंगे तो आम जनता भी इसके प्रति प्रेरित होगी। मालूम हो कि सभी प्रदेश सरकारें अपने अधिकारियों व कर्मचारियों को मोटर व्हीकलए स्कूटर या बाइक की खरीद के लिए अग्रिम भुगतान करती है, जिसे अधिकारी या कर्मचारी को निर्धारित समय में वापस करना होता है। कार, स्कूटर या बाइक खरीदने के लिए यह अग्रिम राशि अलग-अलग निर्धारित है। ईवी को लेकर सरकार के प्रयासों के नतीजे भी देखने को मिल रहे हैं। ऑडिट एवं कंसल्टिंग फ र्म केपीएमजी और इंडस्ट्री बॉडी सीआईआई की ज्वॉइंट रिपोर्ट में कहा गया है कि ईवी को अपनाने को लेकर अब लोगों में अनिश्चितता जैसी बात नहीं है। सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे के विकास, प्रोत्साहन और नए इलेक्ट्रिक वाहन मॉडल पेश किए जाने के साथ देश में ईवी की बिक्री चालू दशक की बची हुई अवधि में बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही इस बिक्री में दोपहिया और तिपहिया वाहनों का दबदबा रहने की संभावना है।

बीजेपी ने नगर निकाय चुनाव में अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को भी मैदान में उतारा

● योगीराज में बिना भेदभाव समान रूप से मिल रहा योजनाओं का लाभ, अल्पसंख्यक के विकास के लिए चल रहीं कई योजनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पीएम मोदी के सबका साथ, सबका विकास के नारे को योगी सरकार चरितार्थ कर रही है। अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए योगी सरकार की तरफसे कई योजनाएं चलाई जा रही हैं तो वहीं आवास, शौचालय समेत सभी योजनाओं का लाभ भी योगीराज में बिना भेदभाव समान रूप से मिल रहा है। अब उप्र में होने वाले निकाय चुनाव में योगी सरकार ने निगम पार्षद, नपा व नगर पंचायत चुनाव में भी अल्पसंख्यक वर्ग को मैदान में उतारा है। सर्वसमाज के उत्थान की योगी सरकार की धारणा को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं ने भी कमर कस ली है। मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप उप्र की सभी 25 करोड़ जनता के लिए समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं।

योगी सरकार में अल्पसंख्यक वर्ग को भी बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ मिल रहा है। केंद्र की योजनाएं हों या प्रदेश की। आवास, शौचालय हो या सामूहिक विवाह योजनाएं, योगी सरकार बिना भेदभाव समान रूप से अल्पसंख्यकों को योजनाओं का लाभ मुहैया करा रही है। स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत 2.61 करोड़ शौचालयों का निर्माण कराया गया, जिससे 10 करोड़ लोग लाभान्वित हुए। बहुसंख्यक के साथ अल्पसंख्यक वर्ग को भी लाभ मिला। लगभग 9 लाख व्यक्तिगत शौचालयों व 69381 सामुदायिक-सार्वजनिक शौचालयों को निर्माण किया गया। इससे भी काफ ी संख्या में अल्पसंख्यक वर्ग के लोग लाभान्वित हुए। पीएम आवास योजना के तहत यूपी में 45.50 लाख से अधिक आवास बने, जिसमें नगरीय क्षेत्र में 17.05 लाख आवास बने। अल्पसंख्यकों को भी धनराशि उपलब्ध कराई गई। शहरी लाभार्थियों के खातों में 27727 करोड़ रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। पीएम स्वनिधि योजना के तहत 8.56 लाख से अधिक व्यक्तियों को प्रथम, 1.13 लाख व्यक्तियों को द्वितीय व 340 को तृतीय ऋ ण प्रदान करते हुए 1086 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक वर्गों को ऋण वितरण व योजनाओं के क्रियान्वयन में उप्र ने देश में पहला स्थान हासिल किया। आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों के न्यूनतम पारिश्रमिक में 9 प्रतिशत की वृद्धि की। अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में 155 करोड़ रुपये से 62 पाइप पेयजल परियोजनाएं पूर्ण की गईं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि के लिए 65.52 करोड़ की 15 नवीन परियोजनाओं पर कार्यवाही की गई। अल्पसंख्यक वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी टैबलेट व पुरस्कार आदि दिया गया।

योगी सरकार ने पूरे प्रदेश की नगर निगमों में पार्षद के लिए अल्पसंख्यकों को भी मौका दिया है। प्रयागराज नगर निगम के अंतर्गत वॉर्ड-98 दायराशाह अजमल से जैनब बानो, वॉर्ड 99 गुरु तेग बहादुर नगर से सीमा बेगम और वॉर्ड नंबर-100 अटाला से बिलाल अहमद को मैदान में उतारा है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के वॉर्ड-78 मदनपुरा से हुमा बानो, वॉर्ड-87 सरैया से सरवरी, वॉर्ड-98 जमालुद्दीनपुरा से वकील अहमद अंसारी और वॉर्ड-99 वधू कच्ची बाग से रेशमा बीबी को पार्षद का टिकट मिला है। मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र गोरखपुर से बाबा गंभीरनाथ वॉर्ड नंबर-5 से हकीबुन निशा प्रत्याशी बनी हैं। राजधानी लखनऊ के वॉर्ड नंबर-102 कल्बे आबिद से कौसर मेंहदी शमसी आजाद व 93 हुसैनाबाद से लुबना अली खान कमल के फूल पर वोट मांग रही हैं। झांसी नगर निगम के वॉर्ड नंबर-52 मुकरयाना से रूबीना और आगरा के वॉर्ड 15 ढोलीखार से तसलीम बयानो ने नामांकन किया है। फिरोजाबाद के वॉर्ड-62 से मो. मुबीम अंसारी और मथुरा के वॉर्ड नंबर-42 मनोहरपुरा से साबिर हुसैन मैदान में उतरे हैं। फिरोजाबाद के नगर पंचायत चिलकाना से पहली बार अल्पसंख्यक फूल्लो भाजपा के निशान पर मैदान में हैं। अवध क्षेत्र के अंतर्गत मलिहाबाद नगर पंचायत के चौधराना वॉर्ड से इमरान अंसारी, केवलहार वॉर्ड से अख्तर खां, अमेठी नगर पंचायत के चौहट्टा वॉर्ड से मकसूद अहमद, नगराम नगर पंचायत के बाजार वॉर्ड से अब्दुल राशिद, महोना नगर पंचायत के पाठशाला मोहल्ला वॉर्ड से हसीना बानो, पकरीया मोहल्ला वॉर्ड से हसीद्दीन मैदान में हैं। नपा पश्चिम क्षेत्र के अंतर्गत बिजनौर जिले की अफ जलगढ़ निकाय से नगर पालिका अध्यक्ष के लिए खतीजा, रामपुर जिले की टांडा निकाय से नगर पालिका अध्यक्ष के लिए मेहनाज जहां, रामपुर नपा अध्यक्ष के लिए डॉ मुसर्रत मुजीब, केमरी नगर पंचायत प्रत्याशी जैतून बेगम कमल के फू ल पर मैदान में हैं। मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत उमरी कला नगर पंचायत अध्यक्ष से रिजवान अहमद, ढकिया से भूरी, भोजपुर धर्मपुर से फ रखंदा जबीं, केमरी रामपुर से जैतून बेगम, नरपत नगर रामपुर से शाहे आलम खां, सिरसी संभल से कौसर अब्बास, जोया अमरोहा से अब्दुल कलाम, उझारी अमरोहा से वसीम अल्वी, नौगांवा सादात अमरोहा से मुस्लिमा खातून, मंडावर बिजनौर से मो. आजमल जलालाबाद, बिजनौर से फिरोजा खातून, सहसपुर बिजनौर से निशा परवीन व साहनपुर बिजनौर से तासिम राइन को पहले चरण में भाजपा का टिकट मिला है।

15 मंडलों में जून तक पूरे किए जाएं अटल आवासीय विद्यालयों के काम: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि 15 मण्डलों-बस्ती, आजमगढ़, लखनऊ, मिर्जापुर, झांसी, मेरठ, प्रयागराज, देवीपाटन, अयोध्या, सहारनपुर, चित्रकूटधाम, आगरा, अलीगढ़, गोरखपुर और कानपुर में अटल आवासीय विद्यालयों के अवशेष निर्माण कार्यों को आगामी जून माह तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाए। मुख्य सचिव बुधवार को अटल आवासीय विद्यालय के संचालन के प्रभावी अनुश्रवण के लिए गठित राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उक्त 15 मंडलों के अलावा वाराणसी व बरेली में अगस्त 2023 तक और मुरादाबाद में दिसम्बर 2023 तक अटल आवासीय विद्यालय का कार्य अवश्य पूर्ण करा लिया जाए। निर्माण कार्यों को निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण कराने के लिए अधिकारियों द्वारा समय-समय पर विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाए।

उन्होंने कहा कि छात्रावास में विद्यार्थियों को निवास करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालयों का बेहतर प्रबंधन व संचालन करते हुए विद्यार्थियों को शैक्षणिक परिवेश उपलब्ध कराया जाए। विद्यार्थियों, शिक्षकों व अन्य कर्मियों की चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता रखी जाए।

बैठक में बताया गया कि विद्यालय का लोगो की डिजाइन तथा ड्रेस की डिजाइन व कलर फाइनल कर लिया गया है। छात्रों की चयन प्रक्रिया डिवीज़न लेवल मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा किया जाएगा। चयन के लिए परीक्षा आगामी मई में, काउंसलिंग आगामी जून में तथा कक्षाएं प्रारम्भ होना आगामी जुलाई में प्रस्तावित हैं। पीजीटी और टीजीटी के पद के लिए शैक्षणिक योग्यता नेशनल काउंसिल फार टीचर एजुकेशन द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार होगी। अटल आवासीय विद्यालय संचालन सेल के गठन की कार्रवाई गतिमान है। बैठक में अपर प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान, प्रबंध निदेशक जल निगम अनिल कुमार, महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती: डीजीपी

लखनऊ। समीक्षा बैठक में डीजीपी आरके विश्वकर्मा ने सभी जोन/ जिलास्तरीय अधिकारियों से आगामी पर्व और त्योहारों के आयोजन के लिए की गई तैयारियों का ब्यौरा लिया। पर्व और त्योहार के बीच सामाजिक सौहार्द बना रहे, इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबन्ध हों। ड्रोन का उपयोग कर स्थिति पर नजर रखें। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल लगातार गश्त करे। वरिष्ठ अधिकारी भी पेट्रोलिंग में प्रतिभाग करें। हर संदिग्ध गतिविधि पर हमारी नजर होनी चाहिए। 112 जैसी आकस्मिक सेवाओं की उपयोगिता उसके क्विक रिस्पॉन्स पर निर्भर करती है। ऐसे में 24 गुणे 7 पीआरवी 112 एक्टिव रहे। हर महत्वपूर्ण कार्यक्रम की वीडियोग्राफ ी जरूर कराई जाए। स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि सामाजिक शांति और सौहार्द के लिए पुलिस सतर्क और सावधान रहे। पर्व-त्योहार के बीच कतिपय अराजक तत्व सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर सकते हैं, ऐसे लोगों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप कठोरता से निपटा जाए। वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, गोरखपुर और लखनऊ जैसे नगरों में ट्रैफिक की बढ़ती समस्या पर भी चर्चा हुई। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं गृह ने सभी मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान को स्थानीय जरूरतों के अनुसार ट्रैफि क प्रबन्धन की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। तेज गर्मी के मौसम के बीच सभी शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारु बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रयासों पर बल दिया। विगत दिनों कानपुर में घटित दुखद अग्निकांड की घटना का सन्दर्भ लेते हुए उन्होंने कहा कि आग लगने की सूचना पर अग्निशमन दस्ता तत्काल मौके पर पहुंचे। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि बिजली ट्रांसफ ार्मर, जर्जर पोल आदि की मरम्मत में बिल्कुल भी देर न की जाए। उन्होंने बीमारी से बचाव के लिए साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्धन के निर्देश दिए।

सभी धार्मिक कार्यक्रम व पूजा पाठ निर्धारित स्थान पर ही होंगे: संजय प्रसाद

● प्रमुख सचिव गृह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शासन और पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ प्रदेश की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आगामी पर्वों को सकुशल निपटाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। प्रसाद ने कहा कि विगत वर्षों में प्रदेश में सभी पर्व और त्योहार शांति और सौहार्द के माहौल के बीच सम्पन्न हुए हैं। इससे पूरे देश में एक अच्छा संदेश गया है। प्रदेश में प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा हम सभी का प्राथमिक दायित्व है। अपने इस दायित्व के प्रति हमें सदैव सतर्क व सावधान रहना होगा।

उन्होंने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है। आगामी 22 अप्रैल को ईद-उल-फितर, अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती का पर्व एक ही दिन होना सम्भावित है। इसके दृष्टिगत पुलिस को अतिरिक्त संवेदनशील रहना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पर्व शान्ति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों इसके लिए स्थानीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत सभी जरूरी प्रबन्ध किए जाएं। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान डीजीपी आरके विश्वकर्मा, स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार तथा सभी जोन के एडीजी, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर, सभी रेंज के आईजी, डीआईजी और जिलों के पुलिस कप्तान मौजूद थे। प्रमुख सचिव गृह ने निर्देश दिए कि फ ील्ड में तैनात सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कराएं कि धार्मिक कार्यक्रम, पूजा-पाठ आदि निर्धारित स्थान पर ही हों। किसी भी दशा में सड़क मार्ग तथा यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो। पूर्व में हमनें संवाद-संपर्क के माध्यम से ऐसा कर पाने में सफलता पाई है। इस वर्ष भी हमें ऐसा ही प्रयास करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई शोभायात्रा-धार्मिक जुलूस बिना विधिवत अनुमति के न निकाले जाएं। अनुमति केवल उन्हीं धार्मिक जुलूसों को दी जाएए जो पारम्परिक हों, नए आयोजनों को अनावश्यक अनुमति न दी जाए। प्रमुख सचिव गृह ने सोशल मीडिया के प्रति अधिकारियों को संवेदनशील रहने की जरूरत भी बताई। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज पर तत्काल रिस्पॉन्स दें। एक छोटी सी अफ वाह माहौल खराब करने का बड़ा कारण बन सकती है। अफवाह-फेक न्यूज का खंडन एसएसपी, एसपी जैसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा किया जाए।

ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं में यूपी पहले पायदान पर

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मनरेगा धनराशि के व्यय, परिवारों को रोजगार देने, 100 दिवसो का पूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने और अमृत सरोवरो के निर्माण जैसी उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में यूपी देश में पहले पायदान पर है। महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्राम रोजगार गारंटी योजना मे भौतिक लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कि 26 करोड़ मानव दिवस निर्धारित किया गया था। अनुभवण से प्राप्त प्रगति के दृष्टिगत ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने प्रदेश को भौतिक लक्ष्य बढ़ाकर 28.78 करोड़ मानव दिवस किया कर दिया। लेकिन योजना के बेहतर क्रियान्वयन के फलस्वरूप बढ़े हुये लक्ष्य की भी न केवल शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की गयी बल्कि उससे बढ़कर 31.5 करोड़ मानव दिवस सृजित किए गए। मनरेगा में वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश ने कुल 11920.76 करोड़ की धनराशि व्यय कर मनरेगा योजना के अंतर्गत धनराशि व्यय करने में प्रदेश का देश में प्रथम स्थान पर है।

जनता भाजपा के कुशासन से बुरी तरह त्रस्त है: अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि वादा करो और भूल जाओ, बुनियादी मसलों से ध्यान बटाओ और नए नए मुद्दे उछालो भाजपा की यही राजनीति और भाजपा का मूल चरित्र है। केन्द्र में 9 साल और उत्तर प्रदेश में 6 साल से सत्तासीन भाजपा की सरकार ने एक भी ऐसा जनहित का काम नहीं किया जिसे वह गिना सके। समाजवादी सरकार के कामों को ही अपना बताकर वह जनता को बहकाने का काम करती है। जनता भाजपा के कुशासन से बुरी तरह त्रस्त है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने महंगाई और बेरोजगारी खत्म करने का वादा किया था लेकिन आज महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। लोगों के उपयोग की हर चीज महंगी है। नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन किसानों को फसल की लागत भी नहीं मिली, एमएसपी पर खरीद का सिर्फ नाटक ही होता रहा। बिचौलियों और बड़ी कम्पनियों ने खूब लूट की। बेमौसम

बारिश और ओलावृष्टि से हुई फसलों की नुकसान का यह सरकार मुआवजा तक नहीं दे पाई और ना कोई मदद की। जिसके चलते प्रदेश में दर्जनों किसानों ने आत्महत्या कर ली। अखिलेश ने कहा कि 31 मार्च 2023 तक आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करने की घोषणा राज्य सरकार ने की लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। गौआश्रय स्थलों में भ्रष्टाचार गायों की जान ले रहा है। आवारा पशु और छुट्टा जानवरों से हर दिन लोगों की मौत हो रही है। यह सरकार न तो किसानों की फसलों की सुरक्षा कर पाई और न ही उनके जान की। जानवरों के हमले में हुई मौतों से किसी को मुआवजा तक नहीं मिला। अखिलेश ने कहा कि एक तरफगांव में किसान परेशान है तो दूसरी तरफ शहर में व्यापारी और आम जनता भाजपा की नीतियों से परेशान है। भाजपा राज में व्यापारी जीएसटी की प्रताड़ना झेल रहा है। इंस्पेक्टर राज जैसी स्थिति है। व्यापारियों के यहां छापे पड़ रहे हैं। आए दिन उन्हें परेशान किया जा रहा है। सच तो यह है कि भाजपा राज में जनसामान्य का जीना मुश्किल हो गया है। भूखए भय और भ्रष्टाचार भाजपा राज के अनिवार्य अंग हो चले हैं। अखिलेश ने कहा कि जनता देख रही है कि भाजपा चुनाव में अपनी आसन्न हार को देखकर अपनी षड़यंत्रकारी चालों के जरिए लोगों का ध्यान भटका कर एक बार फिर मतदाताओं को भ्रमित करना चाहती है। लेकिन इस बार प्रदेश की जनता सतर्क और सावधान है, वह भाजपा के हर षड़यंत्र का करारा जवाब देगी। नगर निकाय चुनावों में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है।

देश की संस्कृति को गांव-गांव तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा अयोध्या पंचांग : जयवीर सिंह

● पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अयोध्या पंचांग टेबल कैलेंडर का विमोचन किया

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि केन्द्र एवं यूपी सरकार भारत की प्राचीन गौरवशाली संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्द्धन करके गॉव-गॉव तक पहुंचाने के साथ ही युवा पीढ़ी को इसकी महत्ता की जानकारी देना चाहती है। इसके अलावा प्राचीनकाल से सनातन संस्कृति में प्रचलित पंचांग के महत्व से परिचित कराने का हरसंभव प्रयास कर रही है। इसी दिशा में संस्कृति विभाग की ओर से अयोध्या पंचांग तैयार कराया गया है। इस पंचांग में कालगणना की विश्वसनीय गणना के साथ ही समस्त धार्मिक पर्वोंए मासोंए नक्षत्रों आदि की सटीक जानकारी दी गयी है। पर्यटन मंत्री ने यह बात बुधवार को विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आज भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को सजोये हुए भारतीय नववर्ष विक्रम सम्वत् 2080 शक सम्वत् 1945 सन् 2023-24 का अयोध्या पंचांग टेबल कैलेण्डर का विमोचन करते हुए कही।

इस अवसर पर मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सनातन संस्कृति में पंचांग प्राचीनकाल से ही प्रचलित रहे हैं। इनकी गणना के अनुसार सारे शुभ कार्यों की शुरूआत की जाती है। भारतीय जनमानस में इनकी विश्वसनीयता आदिकाल से बनी हुई है। इसमें शक सम्वत्रा, वेद, नक्षत्रों तथा ज्योतिष गणना से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि यह पंचांग सभी लोगों के लिए उपयोगी एवं संग्रहणीय हो सके, इसके लिए हर संभव प्रयास किया गया है। इस अवसर पर अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक लवकुश द्विवेदी सहित संस्कृति विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन 25 मई से

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आगामी 25 मई से आयोजित होने वाले दस दिवसीय खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देश भर से लगभग 4000 एथलीट सहित 7500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। लखनऊ में गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी होगी। यूनिवर्सिटी गेम्स में यूनिवर्सिटी के अंडर 27 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। अपर मुख्य सचिव डा नवनीत सहगल ने यह बात बुधवार को सचिव, खेल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय सुजाता चतुर्वेदी तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के डीजी संदीप प्रधान के द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में गेम्स की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कही। साथ ही इनके द्वारा लखनऊ में गेम्स के आयोजन स्थल अटल बिहारी वाजपेई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय का भ्रमण भी किया गया। डा. सहगल ने यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश को पहली बार खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी का मौका मिला है। गेम्स का आयोजन विश्व स्तरीय होगा। ओपनिंग एवं क्लोजिंग सेरेमनी भव्य होगी। उन्होंने बताया कि आयोजन से जुड़े सभी विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये जा चुके है।

हीटवेव से निपटने के लिए प्रोएक्टिव होकर कार्य करें अफसर: दुर्गा शंकर

● सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग कर मुख्य सचिव ने की साप्ताहिक समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में पूरे प्रदेश में हीटवेव तेजी से बढ़ सकती है, इससे निपटने के लिए अधिकारी प्रोएक्टिव होकर कार्य करें। मुख्य सचिव वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। विगत वर्ष ग्रीष्म ऋतु में जिन स्थानों पर पेयजल की समस्या हुई थी, उसे ध्यान में रखते हुए अभी से एक्शन प्लान तैयार कर लें। जहां कहीं भी टैंकर से पानी पहुंचाने की जरूरत हो, वहां के लिये पर्याप्त मात्रा में टैंकर्स की व्यवस्था अभी से कर ली जाये। सार्वजनिक स्थानों यथा-बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, स्कूल, कॉलेज आदि पर प्याऊ लगवाए जाएं। इस कार्य में गैर सरकारी संगठनों का भी सहयोग लिया जा सकता है। कार्यस्थलों व निर्माण स्थलों पर पेयजल का समुचित प्रबंध हो। हीट वेव से बचाव तथा जल के अनावश्यक प्रयोग को रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए।

उप्र सरकार द्वारा लू-प्रकोप को राज्य स्तरीय आपदा घोषित किया गया है। लू-प्रकोप के प्रबंधन के लिए एसओपी राहत आयुक्त कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ग्रीष्म ऋतु के दौरान जलापूर्ति के लिए जिला स्तर पर मुख्य विकास अथवा एडीएम स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित कर दिया जाए। विशेष अभियान चलाकर समस्त अक्रियाशील ट्यूबवेल तथा सिंचाई के साधनों को क्रियाशील करा लिया जाए। क्षतिग्रस्त पाइप-लाइन व लीकेज की मरम्मत तथा ओवरहेड टैंक की सफाई, पशुओं के पेयजल के लिए तालाब एवं पोखरों को भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने वन क्षेत्रों में भी पशु-पक्षियों के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु तालाब-झीलों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत एक करोड़ घरों तक नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि हीटवेव में बिजली की उपलब्धता आवश्यक है। ग्रीष्म ऋ तु में विद्युत आपूर्ति को सुचारु रखने के लिये सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। आगामी सितम्बर-अक्टूबर में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी प्रस्तावित है। एमओयू को धरातल पर उतराने के लिए प्रत्येक निवेशक से संवाद बनाए रखा जाए। उन्हें आवश्यकतानुसार भूमि और समय से एनओसी उपलब्ध करा दी जाए।

खीरी पहुंचीं कमिश्नर, ग्रामीण क्षेत्र में की विकास कार्यों की पड़ताल

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

बुधवार को आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब एक दिवसीय भ्रमण पर जनपद खीरी पहुंचीए उन्होंने स्थलीय भ्रमण कर जिले के ग्रामीण क्षेत्र ब्लॉक लखीमपुरए नकहा में क्रियान्वित विकास कार्यक्रमों की पड़ताल की। उनके जनपद आगमन पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने सीडीओ, एडीएम के साथ नगरीय निकाय चुनाव के लिए नगर पंचायत ओयल के मतदान केंद्र कन्या जूनियर हाई स्कूल में बनाए गए चार बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। उन्होंने मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की पड़ताल की, बूथों पर सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल मिली। मौजूद सुपरवाइजर, बीएलओ से बूथवार मतदाताओं की संख्या एवं नए मतदाताओं की संख्या जानी। साथ ही विद्यालय में पढ़ रहे नौनिहालों का कुशल क्षेम जानते हुए दुलारा। पढ़ाई के बारे में चर्चा की, संबंधित को निर्देश दिया कि स्कूल में फर्नीचर, शौचालय की नियमित सफाई हो। बच्चे ड्रेस, शूज के साथ विद्यालय नियमित आए। इस मौके पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, एसडीएम श्रद्धा सिंह, तहसीलदार सदर, ईओ ओयल मौजूद रहे। आयुक्त ने सीडीओ के साथ एफडीआर तकनीकी से बन रही ओयल-बेहजम मार्ग का निरीक्षण किया। आयुक्त ने निर्देश दिए कि इन कार्यस्थलो पर पॉलिटेक्निक के प्रशिक्षणार्थियों को एजुकेशनल ट्रेनिंग के लिए विजिट कराए। निर्देश दिए कि सभी प्रोजेक्ट पर समयबद्धता, गुणवत्तापरक कार्य पूर्ण कराए। कार्य स्थलों पर इस तकनीकी से संबंधित जन सामान्य की जानकारी हेतु बोर्ड लगे पाए गए। आयुक्त ने इस तकनीकी से निर्मित सड़क की सराहना की। लखनऊ मंडल की आयुक्त डा. रोशन जैकब ने सीडीओ के साथ ब्लाक लखीमपुर के ग्राम राजापुर में नवनिर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। सरोवर की व्यवस्थाएं देख अफसरों की प्रशंसा की। इसी तर्ज पर अन्य सरोवरो को विकसित किया जाए। सीडीओ ने जिलेभर में विकसित किए गए अमृत सरोवर की प्रगति बताई। कमिश्नर ने कहा यह आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। कमिश्नर ने नकहा ब्लाक में संचालित केजीबीवी पनगीकला का औचक निरीक्षण किया। अध्ययनरत छात्राओं से वार्ता कर उनकी अभिरुचि जानी और मन लगाकर पढ़ाई कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित भी किया। समाज के विकास के लिए शिक्षा ही विकास की कुंजी है। इसलिए सभी छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई कर अपनी रुचि के अनुसार मुकाम हासिल करें। आयुक्त ने छात्राओं को दिये जाने वाले भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। अध्यापिकाओं से छात्राओं को खेल के प्रति प्रेरित कर उन्हें खेल के अवसर प्रदान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने रसोई घर और छात्रावास का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और सम्बन्धित अधिकारी वार्डेन को सभी सुविधाएं समय से छात्राओं को मुहैया कराते रहने का निर्देश दिया। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि बालिकाओं के नियमित चिकित्सक परीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि उस चिकित्सीय दल में महिला चिकित्सक अवश्य शामिल हो, जो मेडिकल चेकअप के बाद उनकी काउंसलिंग करे। कंप्यूटर लैब में बालिकाए प्रशिक्षण प्राप्त कर कंप्यूटर में दक्षता हासिल करें। स्मार्ट क्लास का अवलोकन भी किया। इसके उपरांत आयुक्त ने उसी परिसर में निर्माणाधीन एकेडमिक ब्लॉक का निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता परखी। कार्यदायी संस्था सीएलडीएफ को निर्देशित किया कि व्यापक जनहित की इस परियोजना का नियत समय में गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूरा कराकर हैंडओवर कराएं। कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने ब्लॉक नकहा के ग्राम जगसड़ में निर्माणाधीन एकता प्रेरणा लघु उद्योग पुष्टाहार उत्पादन इकाई टेक होम राशन प्लांट का निरीक्षण किया।

तीन दशकों से खैराबाद सीट पर नहीं हुई हिन्दू चेयरमैन की ताजपोशी

संवाददाता। सीतापुर

- वित्तीय वर्ष 1978-79 में लहरपुर को मिला था नगर पालिका का दर्जा
- 1943 में बनी थी नोटीफाइड टाउन एरिया, अहमद हुसैन 1943 में चुने गए थे पहले चेयरमैन
- दो बार जासमीर अंसारी चुने गए है चेयरमैन एक बार जासमीर अंसारी की पत्नी कैसर जहां सम्भाल चुकी हैं कमान

नगर पालिका का रोचक इतिहास की श्रंखला के क्रम में आज हम आपको जानकारी देंगे नगर पालिका परिषद लहरपुर की। सीतापुर जिले की यह सीट अपने अलग सियासी महत्व के लिए जानी जाती रही है। इस सीट की खास बात यह रही है कि यहां बीते करीब 3 दशकों से कोई हिन्दू नपा के चेयरमैन पद पर अपनी ताजपोशी नही करा सका। यहां वित्तीय वर्ष 1978-79 में नपा परिषद का दर्जा मिलने के बाद दो बार अध्यक्ष पद पर कब्जा बनाए रखने में मौजूदा सपा एमएलसी जासमीर अंसारी सफल रहे है। नगर निकाय चुनाव में एक बार फिर सपा के सिम्बल पर कैसर जहां लहरपुर से अध्यक्ष पद पर चुनावी मैदान में है। इस बार उनकी ताजपोशी होगी या नहीं इसका पता 13 मई को होने वाली मतगणना के बाद ही चलेगा। वर्ष 1943 में नोटीफाइड टाउन एरिया का दर्जा लहरपुर को मिला था। 1943 में अहमद हुसैन पहले अध्यक्ष चुने गए थे। 1948 में पंडित रामदयाल शुक्ला चेयरमैन बने। 1953 में हुए चुनाव में इस पद पर अब्दुल हफीज ने कब्जा जमा लिया। उनका कार्यकाल 1958 तक रहा। 1958 के चुनाव में डॉ. नफीज चेयरमैन बने। इसके बाद जब 1961 में चुनाव हुआ तो हाफिज रसूल अहमद चुने गए, उनका कार्यकाल 1963 तक रहा। 1963 में अब्दुल हफीज फिर से चेयरमैन चुने गए और 1967 तक इस पद पर रहे। 1967 से 1971 और 1971 से 1973 तक लगातार दो बार अहमद अली गामा चेयरमैन चुने गए। इसके बाद करीब 15 वर्षों तक कोई चेयरमैन चुना नहीं गया। यानी की कमान प्रशासक के हाथ रही। 1988 में जब फिर से चुनाव हुआ तो डॉ. ताज फारूकी चेयरमैन बने इनका कार्यकाल 1993 तक रहा। दो वर्षों बाद 1995 में फिर चुनाव हुआ तो रईसा खातून अध्यक्ष चुनी गईं।

नामांकन के बाद सभी प्रत्याशी जनता की परिक्रमा में लगे

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

नगर पालिका में नामांकन के बाद सभी प्रत्याशी जनता की परिक्रमा करने में लग गए हैं भाजपा, सपा, कांग्रेस सहित अन्य दलों के नेताओं ने अध्यक्ष पद के दावेदार को अपना अपना टिकट दिया है वही मोहम्मदी नगर पालिका परिषद से निर्दलीय किसी भी व्यक्ति ने नामांकन दाखिल नहीं किया है, सुबह से देर रात तक अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चुनावी गणित बिछाने में लग गए हैं, जातीय समीकरण के आधार पर सपा ने कार्तिक तिवारी पर दांव लगाया है, वही तीन बार के अध्यक्ष रहे संदीप मेहरोत्रा को भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है, वही सपा और भाजपा में एक बहुत बड़ी लावी दोनों प्रत्याशियों को भितरघात करने में भी से लग गई है, इन भीतरघातियों से किस तरह निपटेंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा, सपा और भाजपा के कुछ लोग फेसबुक के माध्यम से अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं, सपा में टिकट मांगने वालों की काफी लंबी लाइन आवेदक के रूप में लगी थी तथा पुराने समाजवादी पर सपा ने विश्वास जताते हुए अपना प्रत्याशी घोषित किया है जिस कारण अन्य दावेदारों में निराशा का भाव साफ देखा जा रहा है, वहीं भाजपा में भी टिकट के दावेदार को भी निराशा हाथ लगी जिसकी साफ झलक नामांकन के दिन दिखाई दी। जहां सपा और भाजपा के प्रत्याशी नाराज नेताओं और कार्यकर्ताओं को मनाने में भी लगे हैं, वहीं भाजपा और सपा ने नगर के कुछ वार्ड में चुनाव चिन्ह आवंटित किए हैं एजिससे पार्टी के वरिष्ठ लोगों को भरोसे बना लिए नहीं लिया गया है उस कारण भी अनेकों वार्डों में असंतोष की स्थिति साफ देखी जा रही है कुल मिलाकर अध्यक्ष और सभासद के प्रत्याशियों में हलचल तेज हो गई है, वहीं आम जनता बिल्कुल सन्नाटे में बैठी नजर आ रही है, ऊंट किस करवट बैठता है यह आने वाला समय ही बताएगा ।

छोटी काशी में नपाप गोला के चुनाव की तपिश बढ़ी

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ

नगर पालिका परिषद में अध्यक्षध् सभासद के पद पर चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों ने डोर टू डोर चुनाव प्रचार चालू कर रखा है। जानकारी के अनुसार आज अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों में भाजपा के प्रत्याशी विजय शुक्ला ने लाम्बा नगरए निर्वतमान अध्यक्ष नपा मीनाक्षी अग्रवाल ने लक्ष्मी नगरएवैध रामजी रस्तोगीएसपा अशोक वर्माए कांग्रेस यतेश शुक्लाए निर्दलीय अनुमल के पति वारिस अलीए बसपा सुनीता कश्यप आदि ने वोट मांगे।

प्रेम प्रसंग के संदेह में की पत्नी की हत्या

- पुलिस ने घटना का किया सफल खुलासा

संवाददाता। निघासन खीरी

वास्तव में शक एक लाइलाज बीमारी है ए स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुम्मन पुरवा निवासिनी रामकली (45 वर्ष) को उसके पति रामकुमार ने प्रेम प्रसंग के संदेह में गत 18 अप्रैल को खेत में मिर्च की गुड़ाई करते समय धारदार हथियार खुरपी से गर्दन पर ताबड़तोड़ प्रहार करके निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार के कुशल नेतृत्व में इंस्पेक्टर क्राइम पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, उपनिरीक्षक राममिलन यादव, चौकी प्रभारी झंडी राज सतीश द्विवेदी तथा कांस्टेबल हरेंद्र कुमार ने वांछित अभियुक्त रामकुमार पुत्र रामलखन को ग्राम अदलाबाद तिराहा से गिरफ्तार कर लिया और धारा 302 के अंतर्गत न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस ने आलाकत्ल खुरपा भी बरामद कर लिया है। प्रेस वार्ता के दौरान क्षेत्राधिकारी निघासन राजेश कुमार ने बताया कि दिनांक 18 अप्रैल को को ग्राम जुम्मन पुरवा निवासिनी रामकली की खुर्पा से गला रेत कर हत्या कर दी गई थी जिस संबंध में मृतका के बेटे छोटू पुत्र रामकुमार ने अपने पिता के विरुद्ध हत्याभियोग दर्ज कराया था । सीओ निघासन राजेश कुमार के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश कुमार के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी, पतारसी, सर्विलांस सेल व ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से मृतिका के पति अभियुक्त रामकुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए उसने बताया कि वह, उसका बड़ा बेटा गुड्डू तथा उसकी पत्नी गांव स्थित खेत पर मिर्च के पौधों की निराई गुड़ाई कर रहा था इस दौरान मेरा लड़का गुड्डू खाना खाने बाहर चला गया था तभी अभियुक्त ने अपनी पत्नी से किसी दूसरे व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग के बारे में पूछा लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला । कोई संतोषजनक उत्तर न मिलने पर अभियुक्त ने अपनी पत्नी रामकली की गर्दन पर खुरपे से पीछे से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई । घटना में प्रयुक्त खुरपा अभियुक्त की निशानदेही पर गन्ने के खेत से बरामद कर लिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद अभियुक्त की मानसिक स्थिति के बारे में पता चल सकेगा।

क्विक न्यूज

कांग्रेस के मेयर प्रतियाशी ने किया जन सम्पर्क

बरेली। कांग्रेस पार्टी के महापौर पद के प्रत्याशी डॉक्टर के0 बी0 त्रिपाठी ने आज जोर शोर के साथ जनसंपर्क किया ।कई जगह लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी के लिए और बरेली के विकास के लिए वोट मांगे । सुबह बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस के महापौर पद के प्रत्याशी डॉक्टर के0 बी0 त्रिपाठी से मिलने महानगर कांग्रेस कमेटी के रामपुर गार्डन चौराहा स्थित महानगर कार्यालय पर आए और उन्होंने महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला और महापौर पद के प्रत्याशी डॉक्टर के0 बी0 त्रिपाठी को फूल मालाऐ पहनाकर उनका स्वागत किया और वादा किया की सारे लोग कांग्रेस पार्टी का समर्थन करते हैं । कांग्रेस पार्टी को वोट करेंगे । महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहां कि आज वर्तमान समय में माहौल कांग्रेस के पक्ष में है ।कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रही है। किस तरह से स्मार्ट सिटी के नाम पर

लूट मची किसी से छुपी नहीं है ।कांग्रेस के महापौर पद के प्रत्याशी डॉक्टर के0 बी0 त्रिपाठी ने कहा की 80 वार्डों में से ज्यादातर वार्डों के साथ और वहां के क्षेत्र वासियों के साथ अन्याय हुआ किसी वार्ड में 50 करोड़ से अधिक का काम हुआ तो किसी वार्ड में 70 लाख का मात्र काम हुआ है ।सौन्दर्य करण सिर्फ चौराहों का हुआ है घनी आबादी वाले मोहल्लों में आज भी स्थिति इतनी खराब है मणिनाथ ,संजय नगर, हजियापुर, बाकरगंज खडो के आसपास रहने वालों लोगों को जो परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उससे स्मार्ट सिटी की पोल खुल जाती है हमारा फोकस जनता से सीधी जुड़ी शिक्षा, स्वास्थ्य ,सड़कें, स्वच्छ पानी आदि पर है हम बात विकास की करेंगे, हम बात शिक्षा रोजगार की करेंगे ,हम बात स्वास्थ्य की करेंगे, और धीरे-धीरे लोग जुड़ रहे हैं एक कारवां बन रहा है आज माहौल पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में है ।

अलविदा एवं ईद-उल-फितर पर विशेष सफाई का आदेश

शाहजहांपुर। अलविदा एवं ईद-उल-फितर का त्यौहार सकुषल सम्पन्न कराने हेतु ईदगाहों एवं मस्जिदों के आस-पास नगर निगम ने समस्त व्यवस्थाओ का अनुश्रवण किये जाने एवं सुआर, सॉड आदि आवारा पशुओं की रोकथाम के लिये निम्नलिखित अधिकारियों /कर्मचारियों को निर्देशित किया। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने समस्त ईदगाह क्षेत्र के एस0एच0आई0 को निर्देषित किया कि ईद की नमाज के समय महानगर की समस्त ईदगाहों पर सफाई नायकों व कर्मचारियों की तैनाती करने व ईदगाहों की ओर जाने वाले गलियों में सफाई के आदेश दिए इसके साथ ही अलविदा की नमाज में सफाई व्यवस्था,प्रकाष एवं जलापूर्ति की व्यवस्था का निरीक्षण किये जाने के लिए जोनल अधिकारी अपने-अपने जोन में स्थित मस्जिदों का एक दिन पूर्व निरीक्षण करने का फरमान सुनाया सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देषित किया कि वे अलविदा की नमाज के समय आवारा पशुओं को मस्जिद की ओर जाने से रोको जाने हेतु प्रत्येक मस्जिद के पास दो-दो सफाई कर्मचारियों की तैनाती करें। सुअर पालकों को नोटिस भेज कर उनको अपने जानवारों को बाड़े में बन्द रखने हेतु निर्देशित करें। यह सुनिश्चित करलें कि सुअर पालको के बाड़े शत प्रतिशत बन्द रहें। ईदगाह क्षेत्र के एसएसआई को ईद की नमाज के समय महानगर की समस्त ईदगाहों पर सफाई नायकोंध्पर्यवेक्षणीय सफाई मजदूरों /सफाई कर्मचारियों की तैनाती करें।

तांत्रिक के कहने पर युवतियों को ब्लेड मारने वाला गिरफ्तार

बरेली। पत्नी से छुटकारा पाने के लिए एक तांत्रिक के कहने पर युवतियों को ब्लेड मारकर फरार होने वाली आरोपी को पुलिस से आज गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।कोतवाली के बांस मंडी मोहल्ले में रहने वाले सज्जाद पुत्र अनवर हुसैन को पुलिस ने आज युवतियों को ब्लड मारने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा वह चार युवतियों को ब्लेड मारकर घायल कर चुका था घटना की शिकायत प्रेम नगर थाने में दर्ज होने पर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी और घटना स्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज व अन्य माध्यम से पुलिस में आज सज्जाद को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ के दौरान सज्जाद ने बताया कि उसका अपनी पत्नी से अदालत में मुकदमा चल रहा है जिसके चलते वह परेशान है और पत्नी से छुटकारा पाने के लिए ही उसने किला थाना क्षेत्र में एक मजार पर रहने वाले तांत्रिक मियां से संपर्क किया जिसने उससे कहा कि अगर वह पत्नी से छुटकारा पाना चाहता है तो ब्लेड मारकर घायल करे उसके कहने पर ही उसने युवतियों को ब्लेड मारना शुरू कर दिया अब तक वह चार युवतियों को घायल कर चुका था पुलिस इसे गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल,एक धारदार ब्लेड भी बरामद किया पुलिस ने मजार से संबंधित अज्ञात मियां को तलाशने की कोशिश शुरू कर दी ।

आईएमसी के प्रदर्शन को प्रशासन ने नहीं दी अनुमति

बरेली। इत्तेहाद मिल्लत काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा द्वारा आज प्रदेश में पुलिस राज कायम होने और आम आदमी को इंसाफ ना मिलने के विरोध में एक दिवसीय धरने का कार्यक्रम इस्लामिया मैदान में रखा गया था प्रदेश में धारा 144 लागू होने के बाद आईएमसी धरना प्रदर्शन करने की अनुमति जिला प्रशासन द्वारा नहीं दी गई आईएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आरोप है कि प्रयागराज पुलिस ने जो काम किया है वह प्रदेश की पुलिस के माथे पर कलंक है और इसके पूर्ण रूप से जिम्मेदार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार है हम माफियाओं का पक्ष नहीं ले रहे हैं लेकिन हम इंसाफकी बात कर रहे हैं कि जब तीन शूटर अतीक और अशरफको पर गोलियां बरसा रहे थे तो प्रयागराज पुलिस ने एक ग्राउंड भी गोली नही चलाई और उनको गोद में उठाकर सुरक्षित ले आकर गाड़ी में बैठा दिया इससे यह पैदा होता है कि पुलिस की मिलीभगत से हुआ है जो भी जांच कर रही है हमें उस पर भी भरोसा नहीं है हम चाहते हैं इसकी जांच सुप्रीम कोर्ट के द्वारा की जाए क्योंकि पहले भी हेमंत करकरे की हत्या में भी उल्टी-सीधी लगाकर मामले को दबा दिया गया हेमंत की हत्या साजिश के तहत की गई और खानापूरी के नाम पर जांच की गई थी आवास पर पुलिस का पहरा था इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान को पूरी तरह सील कर दिया गया था ताकि कोई भी व्यक्ति इस्लामिया कॉलेज मैदान तक ना पहुंच सके आईएमसी के पदाधिकारियों के निवास पर पुलिस का कड़ा पहरा लगा दिया गया था एस्पेशली राहुल भाटी सीओ प्रथम श्वेता यादव सिटी मजिस्ट्रेट रेनू सिंह एडीएम सिटी आरडी पांडे बिहारी पुलिस चौकी पर डटे रहे ।

भूसे के वाहनों के परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक

शाहजहांपुर । जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने समस्त उप जिलाधिकारियों, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारियों एवं सभी प्रभारी निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि जनपद से बाहर जाने वाले भूसे के वाहनों के परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायें तथा सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में कोई भी भूसे का वाहन जनपद सीमा से बाहर न जाने पाये। साथ ही यदि गौशालाओं हेतु भूसा बाहर ले जाया जा रहा है तो उक्त की अनुमति अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) शाहजहाँपुर के स्तर से निर्गत होना आवश्यक है। उन्होंने इसे गम्भीरता से लिए जाने के निर्देश देते हुए कहा है कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

रेलवे ट्रैक के पास दो युवकों के शव मिले

- ट्रेन से कटकर मरने की आशंका

संवाददाता। शाहजहांपुर

रेलवे ट्रैक के पास दो युवकों के शव मिले हैं। दोनों की मौत ट्रेन से कटकर होने की आशंका जताई जा रही है। सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवकों के कपड़ों की तलाशी ली। एक की पहचान कानपुर के रहने वाले अमित के रूप में हुई है। जबकि दूसरे युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। आशंका जताई जा रही है कि, दोनों युवक रात में किसी ट्रेन से गिरे हैं। फिलहाल पुलिस शवों की शिनाख्त करने की कोशिश में जुट गई है। रोजा थाना क्षेत्र के आयल डीपो के पास आज सुबह रेलवे ट्रैक के पास दो युवकों के शव पड़े मिले हैं। दोनों युवकों के शव एक दूसरे से कुछ दूर पर थे। दोनों ही ट्रेन से कटे थे। सुबह ग्रामीणों ने देखने पर शवों की सूचना पुलिस को दी। पुलिस की सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची। उन्होंने युवकों के कपड़ों की तलाशी ली।

एक मृतक कानपुर का रहने वाला

एक युवक के कपड़ों से एक आईडी मिली है। जिसकी पहचान कानपुर के रहने वाले अमित कुमार शुक्ला के रूप में हुई है। वहीं दूसरे शव की अभी तक पहचान नही हो सकी है। उसके कपड़ों में तलाशी लेने पर पहचान के लिए कोई भी चीज नही मिल पाई है।

ट्रेन से गिरने के दौरान हुई दोनों की मौत

पुलिस जल्द मृतक की पहचान कराने का दावा कर रही है। वहीं अमित के परिजनों से संपर्क करने की पुलिस कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि, दोनों रात में ट्रेन से सफर करते समय ट्रेन से गिरे होंगे। जिससे दोनों की मौत हो गई। वहीं जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि, दो युवकों की ट्रेन से गिरकर मौत हुई है। एक पहचान कर ली गई है। दूसरे की पहचान नही हो पाई है। शवों को पोस्टमार्टम की कोशिश की जा रही है।

सिधौली में लगातार तीन बार चेयरमैन बने उमाशंकर मिश्र

- 1997 में लड़ा था पहला चुनाव
- वर्ष 1987 में पहली बार नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर चुने गए थे डॉ. अवधेश श्रीवास्तव
- वर्ष 1977 में हुआ था नगर पंचायत का गठन

संवाददाता। सीतापुर

नगर पंचायत सिधौली कई इतिहासों को अपने में समेटे हुए है। लेकिन आज हम बात करेंगे सिर्फ प्रमुख बिन्दुओं पर। राजधानी के करीब और हाईवे पर स्थित नगर पंचायत सिधौली में लगातार तीन बार चेयरमैन बने रहने का रिकार्ड उमाशंकर मिश्र के नाम दर्ज है। उमाशंकर मिश्र पहली बार वर्ष 1997 में चेयरमैन बने और पहले ही कार्यकाल में जनता का विश्वास इस कदर हासिल किया कि वर्ष 2002 और 2007 के चुनाव में भी मतदताओं ने उनकी अध्यक्ष पद पर ताजपोशी की। राजनीति के जानकारों का कहना है कि अगर वर्ष 2012 के चुनाव में नगर पंचायत सिधौली की सीट ओबीसी के खाते में न जाती और सामान्य सीट पर चुनाव होता तो चौथी बार भी उमाशंकर ही चेयरमैन चुने जाते। बताते हैं कि उमाशंकर ने जनता के हित में हमेशा त्वरित निर्णय लिया और जो निर्णय ले लिया उस पर अडिग रहे। ऐसी ही और कई खूबियों को लेकर वह हमेशा जनता के खास बने रहे। लेकिन वर्ष 2012 में सीट का आरक्षण बदला और सीट ओबीसी के खाते में चली गई तो उमाशंकर मिश्रा के खास माने जाने वाले नरोत्तम नगर दक्षिणी से सभासद रहे गंगाराम राजपूत ने अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी ठोंकी। गंगाराम राजपूत को उनके सौम्य स्वाभाव का फायदा मिला। उमाशंकर मिश्रा के समर्थन सहयोग से गंगाराम राजपूत अध्यक्ष बन गए। इनका कार्यकाल वर्ष 2017 तक रहा। 2017 के चुनाव में यह सीट सामान्य महिला हो गई। तब इस सीट पर गंगाराम राजपूत ने अपनी पत्नी मीना राजपूत को चुनाव लड़ाया उधर गंगाराम के राजनीतिक गुरू कहे जाने वाले उमाशंकर मिश्र ने भी अपनी पत्नी गीता मिश्रा को चुनावी मैदान में उतार दिया। गुरू चेला की इस लड़ाई में चेला यानी गंगाराम राजपूत अपनी पत्नी मीना राजपूत को विजयश्री दिलाने में सफल रहे। उन्होंनें गीता मिश्रा को हरा कर चेयरमैन पद पर कब्जा जमा लिया। अतीत पर नजर डालें तो नगर पंचायत का गठन वर्ष 1977 में हुआ था। गठन के बाद पहला चुनाव सन 1987 में हुआ। पहली बार हुए इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉ. अवधेश श्रीवास्तव प्रथम चेयरमैन के रूप में निर्वाचित हुए थे। करीब साढ़े तीन साल के कार्यकाल के बाद डॉ. अवधेश श्रीवास्तव को अविश्वास का सामना करना पड़ा। इसके बाद इस सीट पर एसडीएम प्रशासक रहे। लगभग सात वर्ष तक यह सीट प्रशासन के सुपुर्द रही। वर्ष 1997 में जब चुनाव हुआ तो चर्चित चेहरा उमाशंकर मिश्रा चेयरमैन निर्वाचित घोषित किए गए।

डीएम ने नामाकंन स्थलों का किया निरीक्षण

संवाददाता। शाहजहांपुर

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को खंड विकास अधिकारी जलालबाद कार्यालय में स्थित नामाकंन स्थलों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सेठ सियाराम इंटर कालेज एवं काकोरी शहीद इंटर कॉलेज में बनाए गए पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पोलिंग बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। इसके साथ ही गर्मी के मौसम के दृष्टिगत शीतल पेय जल आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने मंडी जलालाबाद में बनाए जाने वाले स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होने निर्देश दिये कि स्ट्रॉग रूम एवं मतगणना स्थल को राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 द्वारा जारी गाइडलाइन्स के अनुसार ही स्थापित कराया जाये तथा सुरक्षा के दृष्टिगत पूर्ण प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाये। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कलान तहसील में स्थित नामांकन स्थल, स्ट्रांग रूम तथा मतगणना स्थल को भी देखा। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय कलान तथा राजकीय इंटर कालेज कलान में बनाए गए पोलिंग बूथों को भी देखा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि माननीय राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में सभी तैयारियां पूर्ण की जाय। जिलाधिकारी ने पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण प्रबन्ध किये जाने के निर्देश दिये। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भी आवश्यक प्रबन्ध भी सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि मतदान के दृष्टिगत सभी मतदान केन्द्रो पर आवश्क पुलिस बल तैनात रहे। उन्होने कहा कि गड़बड़ी करने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

महापौर बनने के बाद आवारा पशुओं की करूंगा समुचित व्यवस्था:संजीव सक्सेना

संवाददाता। बरेली

नगर निगम चुनाव का शंखनाद होते ही समाजवादी पार्टी ने अपने प्रत्याशी के तौर पर शहर के जाने-माने शख्सियत संजीव कुमार सक्सेना को महापौर पद का प्रत्याशी घोषित किया गया। जिसके तहत महापौर प्रत्याशी संजीव कुमार सक्सेना ने शहर में बीसलपुर चौराहा पर किंग्स हेरिटेज होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में महापौर पद के सपा प्रत्याशी संजीव कुमार सक्सेना ने कहा कि वर्तमान समय में शहर के अंदर तमाम समस्याओं को का सामना शहर वासियों को करना पड़ रहा है। जैसे शहर में जगह-जगह आवारा पशु, कुत्ते, बंदर आदि कई बार बड़ी घटना को अंजाम दे चुके हैं। जिनके लिए महापौर बनने के बाद आवारा पशु सहित सभी की शहर के बाहर कहीं समुचित व्यवस्था करूंगा। शहर वासियों को नए नए टैक्सों का सामना करना पड़ रहा है इसकी भी महापौर बनने के बाद गंभीरता से विचार कर शहर वासियों को अनुचित टैक्स से बचाने का काम करूंगा। ऐसी तमाम बातों को लेकर शहर प्रत्याशी संजीव कुमार सक्सेना ने जनता की समस्त समस्याओं को दूर करने का वादा किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा की समाजवादी पार्टी चुनावी समर में अपनी अच्छी ताकत के साथ तैयार है भारतीय जनता पार्टी ने अब तक जो जनता के साथ धोखा दिया है जनता अब भाजपा को नगर निगम चुनाव में सबक सिखाएगी। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के शहर प्रत्याशी संजीव कुमार सक्सेना के अलावा जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खान सुल्तानी, महासचिव संजीव यादव, पूर्व छात्र नेता अनुराग सिंह नीटू, पूर्व जिला अध्यक्ष अगम मौर्य, मनोहर पटेल, प्रमोद बिष्ट, पूर्व विधायक विजयपाल, निवर्तमान प्रवक्ता हैदर अली, अरविंद यादव, शिव प्रताप यादव, कदीर अहमद, रविंद्र यादव, दिनेश यादव, जगमोहन यादव, रंजन यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सचिव और विशेष सचिव वित्त न्यायिक अभिरक्षा में

● रिटायर्ड जजों की सुविधाएं बढ़ाने के मामले में हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना पर कार्रवाई, 20 अप्रैल को 11 बजे स्पष्टीकरण के साथ पेश करने का कोर्ट ने दिया निर्देश ● मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव वित्त को जमानती वारंट

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों को सुविधाएं देने संबंधी आदेश की अवहेलना मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने बुधवार को सचिव वित्त एस एम ए रिजवी और विशेष सचिव वित्त सरयू प्रसाद मिश्र को न्यायिक अभिरक्षा में लेने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने 20 अप्रैल को 11 बजे कोर्ट में अवमानना आरोप निर्मित करने के लिए स्पष्टीकरण के साथ पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव और प्रशांत त्रिवेदी अपर मुख्य सचिव वित्त को ही जे एम लखनऊ के मार्फत जमानती वारंट जारी कर 20 अप्रैल को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है और स्पष्टीकरण मांगा है कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना आरोप निर्मित किया जाए। आदेश के बाद अपर महाधिवक्ता ने अधिकारियों को जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया। कोर्ट ने इस मामले में कल सुनवाई के समय विचार करने को कहा है।

कोर्ट ने कहा दोनों अधिकारियों ने झूठा हलफनामा दाखिल कर गुमराह किया। आदेश का पालन न करने पर अधिकारी बिना किसी वैध वजह के अड़े है। जो प्रथम दृष्टया अवमानना है और कस्टडी में लेने का आदेश दिया। अधिकारियों ने कोर्ट से अपना पिछला आदेश वापस लेने की अर्जी दी है। आदेश का कौन सा हिस्सा वापस लेना है स्पष्ट नहीं है। पूरा आदेश ही वापस लेने की मांग की है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार तथा न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद की खंडपीठ ने रिटायर्ड जजेज एसोसिएशन की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा अधिकारियों ने कहा 2018 के शासनादेश को संशोधित करने पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने अनुच्छेद 229 का मुद्दा उठाया। जो याचिका में नहीं है। यह भी कहा मुख्य सचिव ने 13 अप्रैल को बैठक ली है। महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा ने भी आदेश का पालन करने की राय दी है। विधि विभाग ने अनुच्छेद 229 में 6 अप्रैल 23 को संशोधन प्रस्ताव भेजा है।जिसका अनुमोदन नहीं किया गया। जो कोर्ट की अवमानना है। हाईकोर्ट ने पूर्व में प्रदेश सरकार को निर्देश दिया था कि रिटायर हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट जजों को घरेलू नौकर समेत अन्य सुविधाएं बढ़ाने के मामले में मुख्य न्यायाधीश के प्रस्तावित नियम को तत्काल अमल में लाएं। साथ ही इस संबंध में जारी पूर्व शासनादेश तीन जुलाई 2018 को अतिक्रमित कर उचित आदेश जारी किया जाए। हाईकोर्ट द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर अमल करते हुए वित्त विभाग एक सप्ताह के भीतर अनुमोदन दे। अनुमोदन संबंधी शासनादेश अगली सुनवाई की तिथि पर प्रस्तुत किया जाए। कोर्ट ने कहा था कि ऐसा न करने की दशा में अपर मुख्य सचिव वित्त तथा कोर्ट में उपस्थित सभी अधिकारी 19 अप्रैल 2023 को पुन: हाजिर होंगे। आदेश का पालन नहीं किया गया और बुधवार को प्रमुख सचिव विधि एवं न्याय सहित दोनों अधिकारी हाजिर हुए। उनकी तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता एल पी मिश्रा ने प्रतिवाद किया। इस पर तल्खी बढ़ गई और कोर्ट ने लगभग तीन बजे वित्त विभाग के दोनों शीर्ष अधिकारियों को अभिरक्षा में लेने का आदेश दिया। याची के अधिवक्ता आलोक कुमार यादव का कहना है कि उत्तर प्रदेश में भी हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जजों को वही सुविधाएं और लाभ दिया जाए जो आंध्र प्रदेश सरकार रिटायर्ड जजों को दे रही है। पूर्व में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए सचिव वित्त ने कोर्ट से अनुरोध किया था कि इस मामले में आदेश पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए ताकि पूरे देश के लिए एक समान नियम बनाया जा सके। कोर्ट में उपस्थित प्रमुख सचिव विधि ने कहा था कि इस मामले में वित्त विभाग की किसी भी आपत्ति की उन्हें कोई जानकारी नहीं है। हाईकोर्ट द्वारा भेजी गई प्रस्तावित नियमावली में आपत्ति लगाने का वित्त विभाग को कोई अधिकार नहीं है। तकनीकी आपत्तियां की गई। तल्ख बहस के बीच कोर्ट ने अवमानना की कार्रवाई शुरू कर दी।

जंगल में संचालित हथियार कारखाने का किया भंडाफोड़

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने लोधीगंज के समीप चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने शस्त्र बनाने की फैक्ट्री बरामद करते हुए बने व अधबने तमंचा व कारतूस बरामद करते हुए साथी को गिरफ्तार किया है। सदर कोतवाली में पत्रकारों से रूबरू होते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि कोतवाली प्रभारी अमित कुमार मिश्रा अपने सहयोगी उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रामनरेश, हेड कांस्टेबल दीप तिवारी, कांस्टेबल मितेश कुमार, आनंद चौधरी, विष्णु कुमार, विजयराज, वीरेंद्र पाल, महिला कांस्टेबल स्नेहा सिंह व पूनम वर्मा के साथ बुधवार की सुबह लोधीगंज तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। शक होने पर उसे रोककर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा, एक कारतूस व एक खोखा बरामद हुआ। पकड़े गये युवक ने अपना नाम मो. नसीम पुत्र मो. हनीफनिवासी सैय्यदवाड़ा थाना कोतवाली बताया। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के मिट्ठनपुर नाका के समीप जंगल में छापा मारा। आम के पेड़ के नीचे असलहा फैक्ट्री संचालित होते हुए पकड़ी। मौके से मो. राज पुत्र राजू निवासी जमरावां थाना हुसैनगंज को गिरफ्तार कर लिया।

रामनाथ आश्रमशाला में शुरू हुआ व्यक्तित्व विकास शिविर

● ग्रामीण छात्रों में सामाजिक और वैज्ञानिक गुण विकसित करना शिविर का उद्देश्य

संवाददाता। चित्रकूट

भारत रत्न नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित दीन दयाल शोध संस्थान द्वारा अवकाश के दिनों में 15 दिन का व्यक्तित्व विकास शिविर रामनाथ आश्रम शाला के शैक्षणिक परिसर चित्रकूट में लगाया जा रहा है। यह शिविर 29 अप्रैल तक चलेगा। शिविर में छात्रों के हुनर को निखारने के साथ-साथ उनमें सामाजिक और वैज्ञानिक गुण विकसित किया जायेगा।

शिविर का उद्घाटन अतिथियों द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस शिविर में कक्षा 5 से लेकर 9 तक के 10 से 15 वर्ष की आयु के बच्चे सहभागिता कर रहे हैं। डीआरआई के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने बुधवार को शिविर की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शिविरार्थी बच्चों से भी रूबरू हुए तथा बच्चों के साथ सहभोज में भी शामिल रहे। श्री महाजन ने शिविर के बच्चों से जीवन में हमेशा सत्य बोलने, लड़ाई-झगड़ा न करने, मिल-जुल कर प्रेम से और निर्भय होकर रहने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से बच्चों में नैतिक एवं चारित्रिक मूल्यों का विकास होता है तथा उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा उजागर होती है।

शिविर संयोजक सत्यराम यादव ने बताया कि शिविर की दिनचर्या प्रात: 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलती है। जिसमें सामूहिक, शारीरिक, बौद्धिक कार्यक्रमों के साथ 10 विविध कलाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा शिविरार्थियों को अलग-अलग समूहों में दिया जा रहा है। जिसमें हारमोनियम, ढोलक, तबला, गायन, नृत्य, चित्रकला, अंग्रेजी संभाषण तथा मेंहदी, रंगोली व ब्यूटी केयर सहित दैनिक जीवन में विज्ञान का महत्व आदि में प्रशिक्षित किया जा रहा है। शारीरिक प्रशिक्षण के अंतर्गत उन्हें इस दौरान प्रशिक्षक राधेश्याम बाघमारे एवं प्रकाश प्रजापति के नियंत्रण में पीटी, योगचाप, डंबल, लेजिम, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार आदि कई विधाओं में पारंगत एवं स्थानीय अंचल एवं दूरदराज के क्षेत्रों से कुशल प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण अनवरत चल रहा है। शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक क्षेत्र के विद्वान शिविरार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु चित्रकूट पहुंचेंगे।

कड़ी सुरक्षा के बीच राजापुर तहसील परिसर में चल रही नामांकन प्रक्रिया

संवाददाता। राजापुर, चित्रकूट

नगरीय सामान्य निर्वाचन नगर पंचायत राजापुर के तहसील परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच तीसरे दिन नामांकन प्रक्रियाएं हो रही हैं। नाम निर्देशन पत्र चुनाव के तीसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए कुल 23 फॉर्म एवं सभासद के लिए 46 फॉर्मों की बिक्री की गई है लेकिन किसी भी प्रत्याशी ने अभी तक नामांकन नहीं किया है और अभिलेखों को बनवाने में सारे प्रत्याशी तहसील, नगर पंचायत एवं अन्य संस्थानों के चक्कर काट रहे हैं।

बताते चलें कि राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रमानुसार 17 अप्रैल से नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री प्रारम्भ की गई है जिसमें बुधवार को अध्यक्ष पद हेतु 9 नाम निर्देशन पत्र और अब तक कुल 23 पर्चे बिके हैं एवं राजापुर नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र सहित 15 वार्डों में सदस्य पद हेतु 15 फार्म खरीदे गए और अब तक कुल 46 नाम निर्देशन पत्र प्रत्याशियों द्वारा लिए गए हैं। लेकिन किसी भी प्रत्याशी ने अभी तक नामांकन नहीं किया है। उधर कड़ी सुरक्षा के बीच कड़ाके की धूप, गर्म हवा होने के बावजूद भी प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में जुटे रहे।

तहसील गेट से लेकर मुख्य द्वार पर तहसील परिसर में आने जाने वाले व प्रत्याशियों की एचएचएमडी मशीन द्वारा सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। एसडीएम प्रमोद झा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्यालय के सौ मीटर पहले पुलिस बैरियर के पास तक ही प्रत्याशियों का नामांकन जुलूस जा पाएगा। वहां से प्रत्याशी व प्रस्तावक को ही प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं।

क्विक न्यूज

यातायात सिपाही के बैंक से निकले पचास हजार रुपए

फर्रुखाबाद। यातायात पुलिस का सिपाही साइबर क्राइम का शिकार हो गया। सिपाही का मोबाइल हैक कर उसके खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। मैसेज आने पर सिपाही को रुपये निकलने की जानकारी हुई। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की। एसपी ने रिपोर्ट लिखने का आदेश दिया है।यातायात पुलिस में तैनात सिपाही मिलाप सिंह ने बताया कि वह उसका वेतन खाताएसबीआई की शाखा में है। वह छुट्टी पर गया था। सोमवार को उसके पास फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने क्रेडिट कार्ड का अधिक कटा रुपये वापस करने के लिए उसका नाम व कार्ड नंबर पूछा। इसके बाद उसने कहा कि मोबाइल को बंद कर दो। उसके कहने पर मोबाइल को बंद कर दिया। जब उसको खोला तो 50 हजार रुपये खाते से निकल जाने का मैसेज आया। मोबाइल हैक हो गया था।

राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में 115 छात्रों का हुआ चयन

हमीरपुर। राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में हमीरपुर जिले से 1807 छात्रों ने आवेदन किया था जिसमे 115 छात्र छात्राओं का चयन किया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के जिला समन्यवक(डीसी) विपिन कुमार ने बताया कि इस परीक्षा के लिये जिले से जो छात्र कक्षा आठ में अध्ययन करते है वही परीक्षा में बैठ सकते है। इस परीक्षा के लिये छात्र लगातार रुचि ले रहे है जिससे हर साल छात्राओं की संख्या बढ़ती जा रही है। जो छात्र परीक्षा में सफल होंगे और सरकारी विद्यालय में अध्ययन करेंगे उनको हर माह एक हजार रुपये छात्र वृत्ति दी जायेगी। पिछले साल केवल 88 छात्र सफल हुये थे इस साल यह संख्या बढ़कर 115 हो गयी है।

अवैध कब्जों को हटवाये जाने के लिए लगेंगी चौपाल

फतेहपुर। अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम सभा की भूमियों को अवैध कब्जेदारों से अतिक्रमणमुक्त कराये जाने एवं समस्त भूमि विवादों का नियमानुसार निस्तारण किये जाने हेतु तहसीलवार राजस्व निरीक्षक व लेखपालों की राजस्व टीम गठित कर साप्ताहिक रोस्टर 20 से 28 अप्रैल तक तैयार किया गया है। जिसके अंतर्गत राजस्व टीम ने ग्राम में एक दिन पूर्व सूचित कर नियत तिथि व स्थान पर चौपाल लगाकर ग्राम की समस्याओं को सुनते हुए निराकरण किया जायेगा।

पुलिस ने अगवा युवक को घायल अवस्था में किया बरामद

राठ। मंगलवार की शाम कोतवाली के सामने अतरौलिया गेट से कार सवारों ने युवक को जबरन अगवा कर उठा कर ले गए थे। रास्ते में मारपीट करके अपहरणकर्ता युवक छोड़कर भाग गए थे। पुलिस युवक को घायलवस्था में बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली के बहपुर गांव निवासी रामसिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम उसका भाई अवधेश गांव के देवेंद्र के साथ कोतवाली में शिकायत करने के लिए आ रहा था। तभी कोतवाली के ठीक सामने अतरौलिया गेट की गली में चार पहिया कार सवारों ने जबरन उसके भाई को अगवा करके ले गए। जानकारी होते ही पुलिस जांच में जुट गई। कोतवाल भरत कुमार ने बताया कि अगवा किए गए युवक अवधेश कुमार को पनवाड़ी मार्ग से घायल अवस्था में बरामद किया है।

दुष्कर्म के विरोध में युवती के भाई पर बल्लम से हमला

फतेहपुर। दुष्कर्म के विरोध में युवती के भाई पर आरोपियों ने बल्लम से हमला किया। युवक की हालत गंभीर बनी है। स्थानीय पुलिस की ओर से कार्रवाई न किए जाने पर युवती ने एसपी से शिकायत की है। राधानगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह लोग सैयद बाबा मजार के पास डेरा डालकर रह रहे हैं। युवती का आरोप है कि वह नौ अप्रैल दोपहर डेरे में अकेली थी। डेरे के पास रहने वाले तीन युवक डेरे के अंदर घुस आए। उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर उसका कुर्ता फाड़ दिया। शोर सुनकर भाई बचाने पहुंचा। भाई को एक युवक ने पकड़ लिया और दूसरे ने बल्लम से हमला किया। भाई के चेहरे में बल्लम घुस गया। प्रभारी निरीक्षक राजकिशोर ने बताया कि मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

चरण वन्दन नहीं विकास चाहिए :विपिन सिंह

शिवगढ़,रायबरेली। नवसृजित शिवगढ़ नगर पंचायत में निकाय चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों ने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है, जैसे-जैसे निकाय चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही हैं वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। मतदाताओं को रिझाने के लिए उम्मीदवारों एवं उनके समर्थकों ने चरण वन्दना एवं हसीन सपने दिखाने शुरू कर दिए है। किन्तु जागरुक मतदाता किसे पसन्द करते हैं और किसे नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासद बनाकर ताजपोशी करते हैं यह भविष्य के गर्भ में छिपा है।

पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

● मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में लगी गोली

उरई, जालौन। डकोर पुलिस एसओजी टीम ने 25 हजार के इनामी बदमाश से मुठभेड़ कर गिरफ्तार कर लिया मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मंगलवार रात को एसओजी टीम को सूचना मिली कि दो शातिर बदमाश डकोर क्षेत्र में कोई बड़ी वारदात करने की फिराक में है। जिस पर एसओजी ने डकोर पुलिस के साथ मिलकर बदमाशों की घेराबंदी शुरू की बाइक सवार दोनों बदमाश ऐरी रमपुरा के जंगल की ओर भागे और पुलिस पर तमंचे से फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई करते हुए एसओजी टीम ने भी फायरिंग की तो एक गोली एक बदमाश के पैर में लगी जिससे वह घायल होकर वही गिर पड़ा जबकि दूसरा बदमाश मौके से भाग निकला। मुस्ताक पकड़ा गया घायल बदमाश गत वर्ष डकोर क्षेत्र में हुई डकैती मामले में फरार चल रहा 25000 का इनामी बदमाश छेदी निषाद उर्फ गजराज निवासी ग्राम भौनापुर थाना किशनपुर जिला फतेहपुर निकला। पुलिस को उसके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल व नगदी सहित 315 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। मामले को लेकर गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश छेदी है जो फतेहपुर जिले से भी गैंगस्टर के मामले में वांछित है। फिलहाल मौके से भागे दूसरे बदमाश की तलाश की जा रही है।

हत्यारे पति समेत दो को किया गिरफ्तार

उरई, जालौन। 17 वर्ष पहले हुई महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। जिसमें पुलिस में पत्नी के हत्यारोपी पति व उसके चाचा को घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया। घटना का खुलासा एसपी ने किया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजेन्द्र नगर इलाके की रहने वाली महिला मंजू की शादी वर्ष 2005 में शहर के ही इंदिरा नगर निवासी सन्तोष के साथ हुई थी। शादी के बाद सन्तोष व उसके परिजन महिला से दहेज की मांग करने लगे। जिसका महिला ने विरोध करना शुरू कर दिया। वर्ष 2006 में महिला का पति व उसका चाचा उसे घुमाने के बहाने सुनसान इलाके में ले गए और उन्होंने उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले के बाद महिला के परिजन उसकी खोजबीन करने के बाद उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की थी।

उड़न दस्ते व निगरानी समिति रखेंगे चुनाव प्रक्रिया पर नजर

फर्रुखाबाद। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन में निर्वाचन के लिए बनाए जाने वाले चेक पोस्टों पर रुपय, शराब व अन्य सामग्री लाने वालों पर निगरानी के लिए जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने दस निगरानी समिति का गठन कर दिया है । मतदाताओं को लुभाने संबंधी सामग्री वितरण करने की शिकायत पर सामग्री को पकड़ने के लिए उड़न दस्ता भी गठित कर दिए हैं। निगरानी और उड़दस्ता में लगाए गए अफसरों को निकाय चुनाव शांतपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने का आदेश दिया है। निकाय चुनाव में मतदाताओं के लिए दूसरे जिलों से शराब व अन्य उपहार मंगाए जाते हैं। दूसरे जिलो से आने वाली शराब, रुपये व अन्य उपहारों को पकड़ने के लिए जिले में जगह.जगह चेक पोस्ट बनाए गए हैं। इन चेक पोस्ट पर निगरानी करने के लिए अफसरों की टीम बनाकर लगाई गई है। नगर पालिका सदर में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. संतोष कुमार मिश्रा. डॉ कल्पनाथ निगरानी समिति के प्रभारी बनाए गए हैं। इनके साथ एक दरोगा, दो सिपाही और एक वीडियोग्राफर लगाया गया है। नगर पालिका कायमगंज में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा.,गौरीशंकर लाल सिरौजिया को लगाया गया है। जिलाधिकारी ने प्रतिदिन होने वाली कार्रवाई की रिपोर्ट वरिष्ठ कोषाधिकारी को दिए जाने का आदेश दिया है। चुनाव को निष्पक्ष सम्पन्न करानें के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह पूरी तन्मयता के साथ लगे हैं।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी ने निरीक्षण कर परखी मतदान बूथों की व्यवस्था

कालपी, जालौन। बुधवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी अभिषेक कुमार ने नगर निकाय निर्वाचन को लेकर कालपी कस्बा के प्रमुख बूथों का निरीक्षण किया वहां हर बिंदु पर गौर करते हुये वहां के इंचार्ज से बात की! श्री कुमार के आईएएस बनने के बाद उनकी कालपी पहली तैनाती है और उनके कार्यकाल का यह पहला चुनाव है। हालांकि वो वैसे भी किसी को ज्यादा नजदीक नहीं रखते इतना ही नहीं उन्हें कब कहां जाना है इस बारे में उनके स्टाफ तक को पता नहीं रहता। इसी गोपनीयता के बल पर उन्होंने लोकेशन के किले को ध्वस्त करने में कामयाबी हासिल की। अब यदि फिर बात करें चुनाव की तो वे ऐसे अधिकारी हैं जो निष्पक्ष चुनाव कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते यही चक्कर से वे जिले की मुखिया चांदनी सिंह का इशारा पाते ही पहले से पहले शांति पूर्ण मतदान के लिए जुटे नजर आ रहे हैं। उन्होंने बीते दिन डिग्री कालेज, ग्रामोद्योग खादी प्रशिक्षण केंद्र और टिल्ला वाले स्कूल आदि में पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया और वहां पानी बिजली और शौचालय, के अलावा वहां की बैठक व्यवस्था के बारे में हकीकत को जाना और जहां पर भी जो दिक्कतें थी उसको ठीक करने हेतु साथ में चल रहे तहसीलदार सुशील कुमार सिंह से भी बात चीत की।

पेज एक का शेष

जातिगत जनगणना...

दल और जनता दल (यूनाइटेड) जैसे क्षेत्रीय दलों ने उठाया और फिर अधिकतर अन्य विपक्षी दलों ने इसका समर्थन किया। भाजपा ने जातिगत जनगणना के समर्थन में बिहार विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव का समर्थन किया था, जब वह जनता दल (यूनाइटेड) के नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार की सहयोगी थी।

शाह को...

का अनुरोध किया था। बनर्जी टीएमसी की प्रमुख भी हैं। उन्होंने कहा, 10 साल के बाद सभी दलों की राष्ट्रीय पार्टी की स्थिति की समीक्षा करने का नियम था। यानी अगली समीक्षा 2026 में होनी चाहिए थी...लेकिन उन्होंने 2019 में ऐसा किया। उन्होंने कहा, मेरी पार्टी का नाम ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस रहेगा। अगर भाजपा को कोई समस्या है तो वे चुनाव आयोग से संपर्क कर सकते हैं और हम आम लोगों से संपर्क करेंगे।

स्थानीय भाषाओं...

अनुरोध करता है कि आपके विश्वविद्यालय में छात्रों को परीक्षाओं में स्थानीय भाषाओं में उत्तर लिखने की अनुमति दी जाए, भले ही पाठ्यक्रम अंग्रेजी माध्यम में हों। मौलिक लेखन का स्थानीय भाषा में अनुवाद तथा शिक्षण प्रक्रिया में स्थानीय भाषा के उपयोग को विश्वविद्यालयों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि उपरोक्त कदमों के संदर्भ में रणनीति बनाने के लिए निम्नलिखित जानकारी प्रदान करने का आग्रह किया जाता है। इसमें मुख्य विषयों/पाठ्यक्रमों की विषयवार सूची जिसके लिए पाठ्य पुस्तकों/संदर्भ पुस्तकों/अध्ययन सामग्री को स्थानीय भाषाओं में अवश्य लिखा या अनुवादित किया जाना चाहिए। इसमें संस्थानों/ विश्वविद्यालयों में वैसे शिक्षकों/विषय विशेषज्ञों/अध्एताओं की विषयवार उपलब्धता के बारे में बताने को कहा गया है जो स्थानीय भाषाओं में पाठ्य पुस्तकोंसंदर्भ पुस्तकों/अध्ययन सामग्री का अनुवाद कर सकते हैं।

अतीक-अशरफ...

पीछे की पूरी साजिश की कड़ी से कड़ी इन 4 दिनों में खुल सकती है। इधर दूसरी ओर माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की काल्विन अस्पताल में ले जाते वक्त बरती गई लापरवाही के मामले में प्रयागराज पुलिस ने बुधवार को बड़ी करवाई की। शाहगंज थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, धूमनगंज थाना अंतर्गत चौकी प्रभारी नीवां प्रीत पांडेय, दरोगा शिव प्रसाद मौर्या, सिपाही जयमेश कुमार और सिपाही संजय प्रजापति को निलंबित किया गया है। ये कार्रवाई एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर की गई है।

केंद्र का...

वर्ग के दृष्टिकोण का प्रतिबिंब बताया और कहा कि विवाह की मान्यता अनिवार्य रूप से एक विधाई कार्य है, जिसके निर्धारण से अदालतों को बचना चाहिए। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए. एम. सिंघवी की दलीलों से स्पष्ट रूप से सहमत होते हुए पीठ ने कहा, जब आप कहते हैं कि यह जन्मजात विशेषता है तो यह एक तरीके से केंद्र की उस दलील का जवाब भी है कि यह (समलैंगिक शादी) संभ्रांतवादी या शहरी है या इसका एक निश्चित वर्ग पूर्वाग्रह है। संविधान पीठ में न्यायमूर्ति एस. के. कौल, न्यायमूर्ति एस. आर. भट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा भी शामिल हैं। सिंघवी ने जोर देकर कहा कि हलफनामे में केंद्र द्वारा दिया गया हर कथन बिना किसी सर्वेक्षण या बिना डाटा के है। याचिकाकर्ताओं में से एक का प्रतिनिधित्व करने वाले एक अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता के. वी. विश्वनाथन ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को शहरी अभिजात्य वर्ग के रूप में ब्रांडिंग करना शिष्टता की पूर्ण कमी दिखाता है। विश्वनाथन ने कहा कि केंद्र सरकार को कुछ शिष्टता दिखानी चाहिए थी। दिन की सुनवाई की शुरुआत में, केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक नया हलफनामा दायर किया केंद्र ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कार्यवाही में पक्षकार बनाया जाए, क्योंकि इस मुद्दे पर उनका (राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों का) विचार प्राप्त किए बिना कोई भी निर्णय वर्तमान प्रतिकूल प्रयास को अधूरा और तुच्छ कर देगा। सुनवाई के दौरान, पीठ ने समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के परिणामों पर भी विचार-विमर्श किया, जिसमें गोद लेने और पुरुष तथा महिला के लिए अलग-अलग विवाह योग्य उम्र भी शामिल हैं। समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता देने का अनुरोध कर रहे याचिकाकर्ताओं ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से आग्रह किया कि वह अपनी पूर्ण शक्ति, प्रतिष्ठा और नैतिक अधिकार का इस्तेमाल कर समाज को ऐसे बंधन को स्वीकार करने के लिए प्रेरित करे, ताकि एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय के लोग भी विषम लैंगिकों की तरह सम्मानजनक जीवन जी पाएं। एक याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा, सरकार को आगे आना चाहिए और समलैंगिक शादियों को मान्यता देनी चाहिए। रोहतगी ने विधवा पुनर्विवाह से जुड़े कानून का जिक्र किया और कहा कि समाज ने तब इसे स्वीकार नहीं किया था, लेकिन कानून ने तत्परता से काम किया और अंतत: इसे सामाजिक स्वीकृति मिली। उन्होंने पीठ से कहा कि यहां, इस अदालत को समाज को समलैंगिक शादियों को मान्यता देने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। इस अदालत के पास, संविधान के अनुच्छेद-142 (जो उच्चतम न्यायालय को पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक किसी भी आदेश को पारित करने की पूर्ण शक्ति प्रदान करता है) के तहत प्रदत्त अधिकारों के अलावा, नैतिक अधिकार भी है और इसे जनता का भरोसा भी हासिल है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए इस अदालत की प्रतिष्ठा और नैतिक अधिकार पर निर्भर हैं कि हमें हमारा हक मिले। रोहतगी ने कहा, सरकार को आगे आकर समलैंगिक शादियों को मान्यता प्रदान करनी चाहिए... इससे हमें विषमलैंगिकों की तरह ही समान जीवन व्यतीत करने में मदद मिलेगी। उच्चतम न्यायालय में दायर एक नए हलफनामे में केंद्र ने कहा कि उसने 18 अप्रैल को सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर इन याचिकाओं में उठाए गए मौलिक मुद्दों पर उनकी टिप्पणियां और राय आमंत्रित की है। हलफनामे में कहा गया है, इसलिए, विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया जाता है कि सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को मौजूदा कार्यवाही में पक्षकार बनाया जाए, उनके संबंधित रुख को रिकॉर्ड में लिया जाए तथा भारत संघ को राज्यों के साथ परामर्श प्रक्रिया को समाप्त करने, उनके विचाराआशंकाएं प्राप्त करने, उन्हें संकलित करने तथा इस अदालत के समक्ष रिकॉर्ड पर रखने की अनुमति दी जाए, और उसके बाद ही वर्तमान मुद्दे पर कोई निर्णय लिया जाए।

अजित पवार...

की पूर्ववर्ती महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार का हिस्सा थे। शिरसाट ने कहा कि अजित पवार अपने बेटे पार्थ पवार के चुनाव हारने की वजह से नाराज हैं। उनकी नाराजगी का उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित शिवसेना के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की याचिका के मामले से कोई संबंध नहीं है।

दिल्ली के...

पांच बच्चे तालाब में नहाने गए थे, जिनमें से दो तालाब में नहीं उतरे और वे ही पुलिस को उनके घर लाए। उन्होंने कहा कि वह इन दोनों बच्चों को नहीं जानते थे।

पौराणिक तीर्थ चित्रकूट की राम शैय्या पर आज भी मौजूद हैं प्रभु श्रीराम और सीता के शयन चिन्ह

रतन पटेल। चित्रकूट

विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट में भगवान नारायण (विष्णु) ने स्वयं प्रभु श्री राम के रूप में साढ़े 11 वर्षों तक तपस्या की थी। ब्रम्हांड के इस अद्वितीय तीर्थ के कण-कण में आज भी भगवान श्री राम के पद चिन्हों के दर्शन मिलते है। राम शैय्या इन्हीं पावन स्थलों में से एक है। जहां प्रभु श्रीराम ने देवी सीता के साथ शयन करते थे। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत देश भर से लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष इस प्रमुख ऐतिहासिक तीर्थ स्थल के दर्शन एवं पूजन के लिए आते है। अनादि, अचल एवं

सूडान में पांचवे दिन भी लड़ाई जारी, भारी गोलाबारी के बीच धमाकों की गूंज

संघर्ष विराम पर सहमति रही नाकाम

खार्तूम। सूडान की राजधानी बुधवार को भी बम धमाकों तथा भारी गोलाबारी से दहलती रही। सूडान में प्रतिद्वंद्वी जनरलों के प्रति वफादार बलों के बीच लगातार पांचवें दिन भी लड़ाई जारी रही। सूडानी सेना और एक प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल मंगलवार शाम से 24 घंटे के संघर्ष विराम के लिए सहमत हुए थे, हालांकि इसका पालन नहीं दिखा। वहीं, संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी के अनुसार देश में सप्ताहांत में शुरू हुई हिंसा के बाद से अभी तक कम से कम 270 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई शव सड़कों पर हैं और झड़प के कारण कई क्षेत्र पहुंच से दूर हैं। चश्मदीदों ने बताया कि हिंसा के कारण अपने घरों में कई दिन से कैद सूडान के लोग राहत के कोई संकेत नहीं मिलने के कारण हताशा में अब अपने घरों को छोड़कर भागने लगे हैं। खार्तूम के कई इलाकों के निवासियों ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि उन्होंने महिलाओं तथा बच्चों सहित कई लोगों को सामान ले जाते हुए देखा, कुछ पैदल जा रहे थे तो कुछ वाहनों पर। डॉक्टर्स सिंडिकेट की सचिव अतिया अब्दुल्ला अतिया ने कहा, खार्तूम एक डरावना शहर बन गया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, देश में सप्ताहांत में शुरू हुई हिंसा के बाद से अभी तक कम से कम 270 लोगों की जान जा चुकी है। लगातार गोलाबारी, तोप से हमलों और हवाई हमले ने सूडान की राजधानी खार्तूम और निकटवर्ती ओमडर्मन शहर को हिलाकर रख दिया है। स्थानीय लोगों ने सैन्य मुख्यालयों तथा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास झड़पों की जानकारी दी। मानवाधिकारों की वकालत करने वाले तहानी अब्बास ने कहा, रात में छिटपुट गोलाबारी के बाद सुबह संघर्ष बढ़ गया। तहानी सैन्य मुख्यालय के नजदीक रहती हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सूडान के सशस्त्र बल के प्रमुख जनरल अब्देल फत्ताह बुरहान, अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स के प्रमुख जनरल मोहम्मद हमदान से फोन पर बात की थी। दोनों प्रतिद्वंद्वी मंगलवार शाम से 24 घंटे के संघर्ष विराम के लिए सहमत हुए थे, हालांकि इसका पालन होता नजर नहीं आया। देश की सेना और उसके पूर्व साझेदार एवं अब प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्स समूह (आरएसएफ) के बीच महीनों के तनाव ने ही संघर्ष का रूप ले लिया है। अब्दुल फतह अल बुरहान के नेतृत्व वाली सेना ने एक बयान में आरएसएफ के साथ बातचीत से इनकार करते हुए इसे भंग करने की बात कही है और इसे बागी मिलिशिया करार दिया है। वहीं, अर्द्धसैनिक समूह आरएसएफ ने सशस्त्र बलों के प्रमुख को अपराधी बताया। सूडान की सेना ने अक्टूबर 2021 में तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था और तब से वह एक संप्रभु परिषद के माध्यम से देश चला रही है। सूडान पर नियंत्रण को लेकर देश की सेना तथा शक्तिशाली अर्द्धसैनिक बल के बीच लगातार खींचतान जारी है। मिस्र सूडानी सेना का समर्थन करता है वहीं सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के आरएसएफ से घनिष्ठ संबंध हैं। इन देशों ने भी सभी पक्षों से संघर्ष विराम करने की अपील की है। हालांकि दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम पर सहमति बनने के बाद भी मंगलवार को पूरी रात लड़ाई जारी रही। दोनों पक्ष ने विफलता के लिए एक-दूसरे पक्ष को दोषी ठहराया। सेना और आरएसएफ के बीच बुधवार सुबह खार्तूम में सेना मुख्यालय और पास के हवाई अड्डे के साथ ही सरकारी टेलीविजन भवन के आसपास भीषण लड़ाई हुई। शहर में बम विस्फोटों और तोपों की आवाज सुनी जा सकती थी। अल अरबिया चैनल के एक फुटेज के अनुसार, शहर के मध्य में एक ऊंची इमारत में आग लगी हुई थी और इसकी ऊपरी मंजिलों से जलता मलबा गिर रहा था। इस बीच, लड़ाई शुरू होने के बाद से ही खार्तूम विश्वविद्यालय के 89 छात्रों और कर्मचारियों को सेना ने मंगलवार को बचा लिया। वे लोग इंजीनियरिंग विभाग में फंसे हुए थे।

फंसे भारतीयों के चिंतित परिजनों की सरकार से अपील

दुबई। सूडान में सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच भीषण लड़ाई के कारण वहां फंसे कई भारतीयों के चिंतित परिजन अपने रिश्तेदारों के बारे में किसी जानकारी की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसके साथ ही चिंतित परिजनों ने सरकार से अपील की है कि संकटग्रस्त अफ्रीकी देश में फंसे लोगों को निकालने की व्यवस्था की जाए। सूडान में लड़ाई शनिवार को शुरू हुई और अब तक एक भारतीय सहित कम से कम 185 लोगों की मौत होने की खबर है, वहीं ।,800 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। सूडान में फंसे भारतीयों में मानसी सेठ के पिता भी शामिल हैं। मानसी ने कहा कि उनके पिता (65) एक व्यापारिक यात्रा पर सूडान गए थे और शनिवार को वापस मुंबई जाने वाले थे। मानसी के अनुसार वह हवाई अड्डे पर थे जब उन्हें सूचित किया गया कि उनकी उड़ान रद्द कर दी गई है और उन्हें अन्य यात्रियों के साथ हवाई अड्डे से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई। कुछ घंटों के बाद जब उन्हें हवाई अड्डे से बाहर जाने दिया गया तो उन्हें पैदल ही अपने होटल की ओर जाना पड़ा क्योंकि वहां यातायात का कोई साधन उपलब्ध नहीं था। मानसी ने पीटीआई से कहा, मैं अपने पिता को लेकर चिंतित हूं क्योंकि वह वरिष्ठ नागरिक हैं और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हैं। आज सुबह (बुधवार) थोड़ी देर के लिए उनसे बात हुई लेकिन उसके बाद कोई संपर्क नहीं हुआ। हम सिर्फ यह जानना चाहते हैं कि वह सुरक्षित हैं। शहर के कई इलाकों में बिजली नहीं है और मानसी के पिता जिस होटल में ठहरे हुए हैं, वहां जेनरेटर चल रहा है, जिसकी क्षमता भी सीमित है। उन्होंने कहा कि सूडान में उनके कुछ रिश्तेदार भी हैं जिन्होंने बताया कि देश में सुरक्षा की स्थिति बहुत खराब है और युद्धविराम की घोषणा के बावजूद हिंसा नहीं थमी है।

सरकार के सूत्रों ने बुधवार को नई दिल्ली में कहा कि सूडान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत विभिन्न देशों के साथ समन्वय कर रहा है। इन देशों में अमेरिका, ब्रिटेन और सऊदी अरब शामिल हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सूडान की स्थिति पर सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में अपने समकक्षों से बातचीत की है और उन्होंने उन्हें उस देश में भारतीयों की सुरक्षा के लिए व्यवहारिक समर्थन का आश्वासन दिया है। मानसी ने कहा कि उनके रिश्तेदारों ने बताया कि सूडान का अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) लूटपाट कर रहा है और लोगों की कारों को भी ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों से कहा गया है कि वे अपनी कारों के टायरों की हवा निकाल दें और अपने ईंधन टैंक खाली कर दें ताकि आरएसएफ कारों को नहीं ले जा सके। सरकार पर पूरा भरोसा जताते हुए उन्होंने सरकार से वहां फंसे सभी भारतीयों को जल्द निकालने की अपील की। सूडान में करीब 4,000 भारतीय हैं जिनमें करीब 1200 लोग सूडान में बस गए थे और वे वहां करीब 150 वर्षों से हैं। अन्य प्रवासी भारतीय सूडान में पेशेवरों के रूप में काम कर रहे हैं, वहीं कुछ भारतीय संयुक्त राष्ट्र मिशन और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में काम कर रहे हैं।

चीन अस्पताल आग में मृतक संख्या बढ़कर 29 हुई, 12 लोगों को हिरासत में लिया गया

बीजिंग। चीन की राजधानी में एक अस्पताल की इमारत में भीषण आग लगने से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है जिनमें से 26 मरीज थे। मामले में अस्पताल के प्रमुख, उनके कनिष्ठ सहित 12 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, बीजिंग चांगफेंग हॉस्पिटल में मंगलवार को लगी आग पर एक घंटे में काबू पा लिया गया था।आधिकारिक मीडिया ने मंगलवार को हादसे में 21 लोगों के मारे जाने की जानकारी दी थी। बीजिंग नगर स्वास्थ्य आयोग के उप निदेशक ली आंग ने पत्रकारों को बताया कि हादसे में 26 मरीजों, एक मरीज के परिजन, मरीजों की देखभाल करने वाले एक शख्स (केयरगिवर) और एक नर्स की मौत हो गई। ली ने बताया कि हादसे में घायल हुए 39 अन्य लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में हिरासत में लिए गए लोगों में अस्पताल के प्रमुख भी शामिल हैं। बीजिंग के फेंगताई जिले में स्थित इमारत में आग लगने से 70 से अधिक मरीज प्रभावित हुए, जिन्हें अस्पताल की एक अन्य इमारत में स्थानांतरित किया गया। शिन्हुआ के मुताबिक, प्राथमिक जांच के अनुसार निर्माण कार्य के दौरान एक चिंगारी से आग लगी। आग लगने के उचित कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है। बीजिंग चांगफेंग हॉस्पिटल एक निजी अस्पताल है जिसकी स्थापना 1985 में की गई थी। खबर के अनुसार, शहर प्रशासन ने आग लगने की वजह का पता लगाने के लिए एक विशेष कार्यकारी दल का गठन किया है। घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को कानून के तहत जवाबदेह ठहराया जाएगा।

अमेरिका ने चुनावी गड़बड़ी में चार अमेरिकी व तीन रूसी नागरिकों पर आरोप लगाए

सेंट पीटर्सबर्ग (अमेरिका)। अमेरिका में चुनाव को अवैध तरीके से प्रभावित करने, समाज में विद्वेष पैदा करने और रूसी दुष्प्रचार को गति देने के मामले में अश्वेत सशक्तिकरण और राजनीतिक संगठन से जुड़े चार अमेरिकियों के अलावा तीन रूसी नागरिकों पर आरोप लगाए गए हैं। मंगलवार को सामने आए आरोपपत्र से यह जानकारी मिली। चार अमेरिकी नागरिक अफ्रीकन पीपुल्स सोशलिस्ट पार्टी और उहुरू आंदोलन का हिस्सा हैं, जो सेंट पीटर्सबर्ग, फ्लोरिडा और सेंट लुइस में सक्रिय हैं। आरोपियों में शामिल ओमाली एशिटेला उस अमेरिकी संगठन के प्रमुख हैं, जिस पर पिछले साल गर्मियों में संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने छापेमारी की थी। न्याय विभाग में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभाग के सहायक अटॉर्नी जनरल मैथ्यू ऑलसेन ने कहा, रूस की विदेशी खुफिया सेवा ने कथित तौर पर हमारे अधिकारों को प्रभावित किया, अमेरिकियों को विभाजित करने और अमेरिका में चुनावों में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया।

रूस के विदेश मंत्री वेनेजुएला पहुंचे, पूर्ण समर्थन की पेशकश

काराकस (वेनेजुएला)। रूस और वेनेजुएला के शीर्ष राजनयिकों और अन्य उच्च स्तरीय अधिकारियों के बीच मंगलवार को हुई बातचीत के दौरान वित्त, ऊर्जा, कृषि और अन्य क्षेत्रों से संबंधित कुछ समझौतों की समीक्षा की गई। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव वेनेजुएला की यात्रा पर हैं। उन्होंने अपने वेनेजुएला के समक्ष यवन गिल के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता भी की। लावरोव चार लातिन अमेरिकी देशों के दौरे के दूसरे पड़ाव के तहत वेनेजुएला पहुंचे हैं। काराकस में सर्गेई और वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवन गिल ने संयुक्त प्रेस वार्ता भी की। लावरोव चार लातिन अमेरिकी देशों के दौरे के दूसरे पड़ाव के तहत वेनेजुएला पहुंचे हैं। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के देश को समर्थन जारी रखने का संकल्प लिया और उन पर अमेरिका की ओर से लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों की निंदा की। लावरोव ने कहा, हम वेनेजुएला के अपने मित्रों की स्थिति का पूर्ण समर्थन करते हैं। यह उनका देश है... और हम हर तरह से इसका समर्थन करेंगे, ताकि वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के दबाव से मुक्त होकर स्वतंत्र अर्थव्यवस्था बन सके। लावरोव वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोल्स मादुरो से भी मुलाकात कर सकते हैं।

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल श्री विकास कुमार पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश निवासी मकान नं. 18/163, गली नम्बर 1, ईस्ट मोती बाग, सराय रोहिल्ला, नई दिल्ली-110007, अपनी पुत्री तमन्ना उर्फ बुलबुल को अपनी सभी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। यदि कोई इससे किसी प्रकार का लेन देन करेगा तो इसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा, मेरे मुवक्किल कि इसमे कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

AMIT BATRA (Advocate)
26B/1, Desh Bandhu Gupta Road, Karol Bagh, New Delhi-110005, Contact No.: 9868066199

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that **Mr. Satender** who is owner of the **Property bearing No. SH-032, area measuring 248.75 Sq. Mtr in Sector- 63A, situated in the New Okhla Industrial Development area, District Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh**, vide **Mutation Letter dated 15-07-2021,** after demise of **his father i.e Mr. Mahesh** which was the Owner of said property vide Lease deed dated 27-07-2017 and same to be finance & mortgage by **Aditya Birla Housing Finance Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

Lucem Legal LLP
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301; Contact # 0120-4269379

Public Notice This is to inform general public that Mrs. Saroj is the owner of the Pvt. Flat bearing No. 406 and 407, on Third Floor (Rear side RHS Portion) and Third Floor (Front side LHS portion) both with roof rights, area measuring 75 sq. yds., built on plot area measuring 12 Biswas, i.e. 600 sq. yds., comprised in Khasra No. 849/1/2 (0-08) and 849/2/2 (0-04), situated within extended Lal Dora abadi of Village Mundka, Delhi-110041 vide Sale Deed dated 14.03.2013 (Doc. No. 1025). That, Mrs. Saroj has misplaced the below mentioned documents. a)Original Sale Deed dated 14.03.2013 Executed by Mr. Vikram Dhankar in favour of Mrs. Saroj in respect of vacant plot area measuring 12 Biswas, i.e. 600 sq. yds., comprised in Khasra No. 849/1/2 (0-08) and 849/2/2 (0-04) and the same was duly registered with SRO- II A Punjabi Bagh, as Document No. 1025, Book No. 1, Volume No. 2132, on Pages 15-21, on 15.03.2013. Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager of Fullerton India Home Finance Co. Ltd and Now, Mrs. Saroj is intending to sell the above said property to Mr. Suresh Chand Sharma and further Mr. Suresh Chand Sharma is mortgaging the above said property with Fullerton India Home Finance Co. Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

जर्मनी के जिम में चाकूबाजी चार लोग गंभीर रूप से घायल

बर्लिन। पश्चिमी जर्मनी के डुइसबर्ग शहर के एक जिम में हुई चाकूबाजी की घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार शाम को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है और वे संदिग्ध की तलाश में जुटे हैं। हमले की मंश भी तत्काल साफ नहीं हो सकी है। घटना डुइसबर्ग के पुराने शहर में हुई और पुलिस ने लोगों से घरों में ही रहने को कहा है। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस ने ट्विटर पर बताया कि घटना में घायल चारों लोग जर्मनी के नागरिक हैं, जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि चार घायलों में से तीन की हालत नाजुक है। पुलिस ने कहा कि हमले में चाकू या किसी अन्य धारदार हथियार का इस्तेमाल किया गया है। अधिकारियों ने इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी। जर्मनी की समाचार एजेंसी डीपीए ने खबर दी है कि हमलावर फरार है। पुलिस ने समाचार एजेंसी को बताया कि हमले की संभावित मंशा के बारे में अभी बात करना जल्दबाजी होगी। पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि उन्हें हमले के संबंध में पहला फोन कॉल स्थानीय समयनुसार शाम पांच बजकर 40 मिनट पर आया। जर्मनी की संसद के अध्यक्ष बेरबेल बास ने हमले पर हैरानी जताई है। वह डुइसबर्ग शहर से ही ताल्लुक रखते हैं। बास ने ट्वीट किया, भयानक। मेरी संवेदनाएं घायलों के साथ हैं। मुझे आशा है कि आपातकालीन सेवाएं जल्द ही खतरे की स्थिति को दूर करने में सफल होंगी।

पुत्रवधू की हत्या मे बंद ब्रिटिश सिख महिला 16 वर्ष बाद रिहा

लंदन। अपनी पुत्रवधू की 25 साल पहले कथित रूप से झूठी शान के नाम पर हत्या करने के मामले में 86 वर्षीय ब्रिटिश सिख महिला को 16 साल जेल में रहने के बाद रिहा कर दिया गया है। बचन कौर अटवाल को अपनी पुत्रवधू सुरजीत कौर अटवाल की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। बचन कौर ने 1998 में सुरजीत कौर को भारत बुलाकर इस घटना को अंजाम दिया था।

उत्तर कोरिया का पहला सैन्य जासूसी उपग्रह तैयार

किम जोंग उन ने कहा-उसे नियत तारीख को प्रक्षेपित करने की योजना है

सियोल (द.कोरिया)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि उनके देश ने अपना पहला सैन्य जासूसी उपग्रह तैयार कर लिया है और उसे नियत तारीख को प्रक्षेपित करने की योजना है। सरकारी मीडिया ने बुधवार को यह खबर दी। उत्तर कोरिया ने पूर्व में मिसाइल और रॉकेट का परीक्षण कर यह बताने की कोशिश की थी कि वह उपग्रह को कक्षा में भेज सकता है, लेकिन कई विशेषज्ञों ने उसकी अधिक जटिल प्रौद्योगिकी वाले सैन्य उपग्रह को प्रक्षेपित करने की क्षमता को लेकर आशंका जताई है। कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी (केसीएनए) ने कहा कि मंगलवार को उत्तर कोरिया की एयरोस्पेस एजेंसी के दौरे पर पहुंचे किम ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों से सुरक्षा के समक्ष मौजूद खतरे को देखते हुए अंतरिक्ष आधारित निगरानी प्रणाली हासिल करना अहम है ताकि वह प्रभावी तरीके से अपनी, परमाणु क्षमता वाली मिसाइलों का इस्तेमाल कर सके। किम को शायद उम्मीद है कि वह संयुक्त सैन्य अभ्यास और उनके देश पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध सहित अन्य मुद्दों को लेकर अपने प्रतिद्वंद्वियों पर दबाव बना सकेंगे। किम ने कहा, सैन्य टोही उपग्रह नंबर-। पहले ही तैयार हो चुका है और अधिकारियों को इसे प्रक्षेपित करने का आदेश दिया गया है। केसीएनए के मुताबिक, किम ने कहा कि उत्तर कोरिया कई उपग्रह प्रक्षेपित करेगा ताकि खुफिया जानकारी एकत्रित करने की क्षमता का विस्तार किया जा सके। उत्तर कोरिया ने कहा है कि उसने अमेरिका और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों-दक्षिण कोरिया व जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में बड़े पैमाने पर हथियारों का परीक्षण किया है, जिनमें ठोस ईंधन आधारित पहली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण भी शामिल है। इस मिसाइल को अमेरिका पर हमले के लिए डिजाइन किया गया है। उत्तर कोरिया ने पिछले साल से लेकर अबतक करीब 100 मिसाइलों का परीक्षण किया है जिनमें से करीब 30 मिसाइलों का परीक्षण इस साल किया गया। किम जोंग उन ने कहा कि उसके जासूसी उपग्रह के उद्देश्यों में से एक स्थिति की मांग होने पर हमले से पहले ही सैन्य बल का उपयोग करने की क्षमता हासिल करना है।

इस संबंध में पूछे जाने पर दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित किए जाने से क्षेत्रीय शांति को खतरा उत्पन्न होगा और वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करेगा जिसमें उत्तर कोरिया द्वारा किसी बैलिस्टिक परीक्षण पर रोक लगाई गई है।मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण कोरिया अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करेगा ताकि उत्तर कोरिया को उकसाने की कोशिश का माकूल जवाब दिया जा सके। सियोल स्थित उत्तर कोरिया अध्ययन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर किम डोंग यूब ने कहा कि उत्तर कोरिया मई से सितंबर के बीच प्रक्षेपण की जानकारी अंतरराष्ट्रीय समुद्री व दूरसंचार प्राधिकार को दे सकता है।

नेपाल के राष्ट्रपति पौडेल उपचार के लिए दिल्ली के एम्स पहुंचे

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल बुधवार को उपचार के लिए दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पहुंचे। राष्ट्रपति के मीडिया सलाहकार ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति पौडेल (78) को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद एक महीने के भीतर दूसरी बार मंगलवार को यहां के एक अस्पताल (टीयू टीचिंग अस्पताल) में भर्ती कराया गया था। काठमांडू पोस्ट ने राष्ट्रपति के मीडिया सलाहकार किरन पोखरेल के हवाले से बताया कि पौडेल नई दिल्ली स्थित एम्स में उपचार कराएंगे। खबर के मुताबिक, पौडेल को बुधवार सुबह एयर एम्बुलेंस के जरिए भारत ले जाया जाएगा।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Sana Sattar D/o Abdul Sattar R/o S-34/4 Jogabai Extn. Jamia Nagar New Delhi-110025 do hereby Declare that I have changed my name from Sana to Sana Sattar for all future purpose.

PD(017)C

यूक्रेन को मिली अमेरिका की पैट्रियट मिसाइल प्रणाली

कीव। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने बुधवार को कहा कि उनके देश को सतह से हवा में मार करने वाली अमेरिकी पैट्रियट मिसाइल प्रणाली प्राप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लंबे समय से इस प्रणाली की दरकार थी और उन्हें उम्मीद है कि इस प्रणाली से देश को युद्ध के दौरान रूसी हमलों से बचाने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्री ने ट्वीट किया, आज, हमारा खूबसूरत यूक्रेनी आकाश और सुरक्षित हो गया है क्योंकि पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली यूक्रेन पहुंच गई है। अमेरिका ने पिछले साल अक्टूबर में यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल प्रणाली देने पर सहमति जताई थी। वहीं यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा था कि पैट्रियट प्रणाली का मिलना रूस के हमले के खिलाफ मील का पत्थर होगा। अमेरिका की यह अत्याधुनिक मिसाइल विमान, क्रूज मिसाइलों और कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों को भी निशाना बना सकती है। रूस ने यूक्रेन में रिहायशी क्षेत्रों और नागरिक संबंधी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के लिए ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया है। यूक्रेन की वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने मंगलवार देर रात कहा कि पैट्रियट प्रणाली की आपूर्ति एक ऐतिहासिक घटना होगी और यूक्रेन अधिक दूरी तक रूसी लक्ष्यों को नष्ट कर सकेंगे। रेजनिकोव ने पैट्रियट प्रणाली के लिए अमेरिका, जर्मनी और नीदरलैंड के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने हालांकि न तो यह बताया कि कितनी प्रणालियां मिली हैं और न ही बताया कि इसकी आपूर्ति कब की गई।

पाकिस्तान में शीर्ष अदालत से पंजाब में 14 मई को चुनाव कराने के आदेश पर पुनर्विचार का आग्रह

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रक्षा और निर्वाचन अधिकारियों ने सुरक्षा तथा वित्तीय कारणों का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय से राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत में 14 मई को चुनाव कराने के अपने आदेश पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। प्रधान न्यायाधीश उमर अता बांदियाल के नेतृत्व में अदालत की तीन सदस्ईय पीठ ने चार अप्रैल को फैसला सुनाया था कि सबसे बड़े प्रांत में चुनाव समय पर होने चाहिए और इसके लिए सरकार को पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग (ईसीपी) को 21 अरब रुपए देने का निर्देश दिया था। सरकार ने सुरक्षा और वित्तीय कारणों का हवाला देते हुए इस फैसले को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, क्योंकि देश उग्रवाद का सामना कर रहा है और आर्थिक मंदी के कारण कर्ज चुकाने में चूक सकता है। निर्वाचन आयोग के लिए धन जारी करने की आखिरी तारीख 17 अप्रैल थी, जिसके समाप्त होने के बाद न्यायाधीशों को खुफिया तंत्र के प्रमुखों द्वारा जानकारी दी गई कि ईसीपी ने धन की अनुपलब्धता पर एक रिपोर्ट दी है। समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय से उसके चार अप्रैल के आदेश को वापस लेने का अनुरोध किया, जिसमें उसने पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए 14 मई की तारीख तय की थी। याचिका के जरिए अनुरोध किया गया, जिसके साथ एक रिपोर्ट भी संलग्न थी। उसे शीर्ष अदालत के समक्ष लाया गया, जिसने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) और अन्य विभागों को चुनाव कराने के लिए ईसीपी को 21 अरब रुपए जारी करने का निर्देश दिया था। पाकिस्तान की राजनीति में प्रांतीय चुनाव का काफी महत्व है क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में मध्यावधि चुनाव कराने पर जोर दे रहे हैं। तीन सदस्ईय पीठ के इन रिपोर्ट पर बुधवार को अपने कक्ष में विचार करने और बुधवार या बृहस्पतिवार को इस पर सुनवाई करने की संभावना है।

भारतीय राजदूत अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष से मिले

द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने को लेकर की मंत्रणा

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने मंगलवार को प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। अमेरिकी कैपिटल (संसद परिसर) में मैक्कार्थी से मुलाकात के बाद संधू ने ट्वीट किया, भारत-अमेरिका साझेदारी को और मजबूत करने तथा आपसी हितों से जुड़े अन्य मुद्दों पर हमारी उपयोगी चर्चा को आगे बढ़ाया। अमेरिका में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के बाद प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष का पद तीसरा सर्वोच्च पद है। संधू ने प्रतिनिधि सभा के रिपब्लिकन अध्यक्ष मैक्कार्थी से मुलाकात की तीन तस्वीरें ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा, कैपिटल में आज मैक्कार्थी से एक बार फिर मुलाकात कर बेहद खुशी हुई। इससे पहले, संधू ने पिछले साल 21 नवंबर को मैक्कार्थी से मुलाकात की थी, जो उस समय प्रतिनिधि सभा में विपक्ष के नेता थे। इस साल फरवरी में, कैलिफोर्निया में एक प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकी जोड़े द्वारा संधू के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मैक्कार्थी ने भारतीय राजदूत को अपनी शुभकामनाएं भेजी थीं। अपने शुभकामना संदेश में, मैक्कार्थी ने कहा था कि वह प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष के रूप में भारत की यात्रा करने को लेकर उत्सुक हैं और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना जारी रखना चाहते हैं।

श्रीलंका में स्थानीय निकाय चुनाव किए गए स्थगित

कोलंबो। नकदी संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने बुधवार को आधिकारिक रूप से निकाय चुनाव को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। पूर्व में घोषित कार्यक्रम के अनुसार 25 अप्रैल को ए चुनाव होने थे। जिला पीठासीन अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में गजट अधिसूचना जारी कर कहा कि मंगलवार को मतदान नहीं होगा क्योंकि राजकोष ने चुनाव संपन्न कराने के लिए जरूरी धन आवंटित नहीं किया है।

SBFC
SBFC FINANCE LIMITED
Unit No. 103, First Floor C & B Square, Sangam Complex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai -400059 |Telephone: +91 22 - 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

सार्वजनिक सूचना

एसबीएफसी फाइनेंस लि. की रोहिणी, दिल्ली की शाखा के स्थानांतरण के बारे में जनता को सूचित/अधिसूचित किया जाता है। **20.07.2023** से प्रभावी।
यहां से: एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड D-14/148, अयोध्या चौक गगन Pathology सेंटर, रोहिणी के पास, सेक्टर-3, दिल्ली-110084 Phone: 011- 46539241
के लिए:- एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड संपत्ति संख्या 1/10 और 1/12, पहली मंजिल, ललिता पार्क, मुख्य विकास रोड, लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन के पास, मेट्रो पिलर नंबर 27 के सामने, दिल्ली- 110092 Phone: 7208856923
अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें: 8667004673/ 8447983067

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्

एजेंसियां मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कठोर रवैया अपनाएं : शाह

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि मादक पदार्थ रोधी एजेंसियों को मादक पदार्थ तस्करों से कठोरता से निपटना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि मादक पदार्थ तस्कर असली गुनहगार हैं, जबकि जो नशीले पदार्थ का सेवन करते हैं वे पीड़ित हैं।

उन्होंने मादक पदार्थ के युवाओं के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था व सुरक्षा पर पड़ने वाले नकारात्मक असर का हवाला देते हुए सभी राज्यों से करीबी समन्वय से काम करने की अपील की। उन्होंने राज्यों से अपनी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सरकार की एक इकाई और टीम इंडिया के तौर पर मादक पदार्थ के खिलाफ लड़ाई में शामिल होने का आह्वान किया। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक पदार्थ रोधी कार्यबलों के प्रमुखों के पहले सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की आजादी के 100वें वर्ष यानी 2047 में भारत को नशे से मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया है।

उन्होंने कहा, मादक पदार्थ के कारोबारी मुख्य रूप से गुनहगार हैं जबकि इनका इस्तेमाल करने वाले पीड़ित हैं। हमें मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कठोर रुख अपनाना चाहिए और उनके खिलाफ यथासंभव मजबूत कदम उठाने चाहिए। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार मादक पदार्थ की बुराई को खत्म करने के लिए कृतसंकल्प है और (राज्यों को) इसके खिलाफ पूरी सरकार के तौर पर रुख अपनाना चाहिए क्योंकि यह आने वाली पीढ़ियों को भी नष्ट कर सकता है। उन्होंने कहा, मादक पदार्थ न केवल युवा पीढ़ी को खोखला बनाते हैं बल्कि इसके साथ ही देश की अर्थव्यवस्था पर भी इसके कई अन्य नकारात्मक असर हैं। इसके साथ ही मादक पदार्थ आतंकवाद, मादक पदार्थ की तस्करी के जरिए देश की सीमाओं की सुरक्षा को क्षति पहुंचाई जा सकती है...अगर 130 करोड़ भारतीय साथ मिलकर लड़े तो हम यह लड़ाई जीत जाएंगे। उन्होंने सभी से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करने की अपील करते हुए राज्य सरकारों से कहा कि वे राजनीतिक मदभेदों को अलग रखकर मादक पदार्थ के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होकर काम करें। शाह ने कहा, अगर हम मादक पदार्थ के खिलाफ लड़ाई के बारे में सोचे तो यह बहुत ही कठिन प्रतीत होती है लेकिन अगर हम योजना से लड़े तो जीत के रास्ते जल्द खुल जाते हैं। मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई के हालिया नतीजे उत्साहजनक हैं। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ के राज्यवार और जिलेवार नेटवर्क का मानचित्रण किया जाना चाहिए क्योंकि जबतक यह मानचित्र तैयार नहीं किया जाता तबतक जानकारी नहीं होगी कि समस्या कहां और कहां ध्यान देने की जरूरत है। गृहमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थ की लड़ाई अकेले सरकार नहीं लड़ सकती बल्कि इसे जनता की लड़ाई बनाकर जीता जा सकता है।

ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर तक रुख अपनाना होगा जिसमें मादक पदार्थ की छोटी मात्रा मिलने पर भी उसके स्रोत का पता लगाना होगा और उसके नेटवर्क की जांच करनी होगी तभी मादक पदार्थ के खिलाफ लड़ाई सफल होगी। शाह ने कहा कि कई देशों ने मादक पदार्थ के उपभोक्ताओं को निशाना बनाकर गलत रुख अपनाया है क्योंकि असली दोषी मादक पदार्थ के तस्कर हैं। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ की खेप जब्त होने पर और उसके पीछे आर्थिक कोण हो तो मामले को प्रवर्तन निदेशालय को दिया जाना चाहिए लेकिन अगर कोई अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से संबंध जुड़ता है तो मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को दिया जाना चाहिए क्योंकि उसे विदेश में जांच का अधिकार है जबकि कुछ मामले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को दिए जा सकते हैं।

मोदी सरकार में मादक पदार्थ के मामलों के पंजीकरण में 181% वृद्धि, जब्ती भी 145% बढ़ी

नई दिल्ली। मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल के दौरान उसकी पूर्ववर्ती सरकार के आठ साल के मुकाबले 181 प्रतिशत अधिक मामले मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ पंजीकृत हुए। यह जानकारी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़े में सामने आई है। शाह ने कहा, मोदी सरकार के बहु आयामी प्रयासों की वजह से मादक पदार्थों की जब्ती में 145 प्रतिशत वृद्धि हुई है जबकि एनसीबी (राष्ट्रीय स्वापक ब्यूरो) द्वारा मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ दर्ज मामलों में 181 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने शपथ ली थी। वर्ष 2014-22 के डाटा (वर्ष 2022 के लिए वैकल्पिक आंकड़े) के अनुसार इस अवधि में एनसीबी ने 3,544 मामले दर्ज किए और 3,408 लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं, गत नौ साल में 3,73,495 किलोग्राम मादक पदार्थों की जब्ती की गई जिसकी कीमत करीब 22,000 करोड़ रुपए थी। आंकड़ों के मुताबिक मोदी सरकार की पूर्ववर्ती सरकार के अंतिम आठ साल के मुकाबले यह राशि करीब 30 गुना अधिक है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सिनेमेटोग्राफी विधेयक 2023 को मंजूरी दी

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को सिनेमेटोग्राफी विधेयक 2023 को मंजूरी प्रदान की, जिसमें पायरेसी के जरिए फिल्मों को इंटरनेट पर प्रसारित किए जाने से रोकने का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने बताया कि संसद के अगले सत्र में सिनेमेटोग्राफी विधेयक 2023 को पेश किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में इस संबंध में एक विधेयक पेश किया गया था और उसे संसद की स्थाई समिति को भेजा गया था। स्थाई समिति ने इस पर सुझाव दिए थे। ठाकुर ने कहा कि इस बारे में सभी पक्षकारों के साथ चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि फिल्मों में साहित्यिकासामग्री की चोरी या पायरेसी से नुकसान नहीं हो, इसलिए यह विधेयक तैयार किया गया है। इससे पूरे फिल्म जगत को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक में फिल्मों को वर्तमान यू , ए और यूए की व्यवस्था की बजाए आयु वर्ग के हिसाब से वर्गीकरण करने का प्रावधान किया गया है। ज्ञात हो कि यू प्रमाणन बिना रोक के सार्वजनिक प्रदर्शन करने से संबंधित है, जबकि ए प्रमाणन वयस्क आयु वर्ग के दर्शकों के लिए, यूए प्रमाणन अभिभावकों की निगरानी में 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए तथा एस प्रमाणन चिकित्सकों, वैज्ञानिकों जैसे विशेष श्रेणी के दर्शकों के लिए है।

राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को स्वीकृति

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को मंजूरी प्रदान की, जिसपर अगले आठ वर्षों में करीब छह हजार करोड़ रुपए का व्यय आएगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और जितेन्द्र सिंह ने यह जानकारी दी। यह मिशन सटीक समय, संचार और नौवहन के लिए परमाणु प्रणालियों और परमाणु घड़ियों में उच्च संवेदनशीलता से लैस मैग्नेटोमीटर विकसित करने में मदद करेगा। ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने बताया कि इस राष्ट्रीय क्वांटम मिशन पर 6003 करोड़ रुपए की लागत आएगी और इसकी समयावधि वर्ष 2023-24 से 2030-31 तक होगी। एक सरकारी बयान के अनुसार, इस नए मिशन (राष्ट्रीय क्वांटम मिशन) के तहत सुपरकंडक्टिंग और फोटोनिक तकनीक जैसे विभिन्न प्लेटफार्म में आठ वर्षों में 50-1000 भौतिक क्यूबिट की क्षमता वाला मध्यवर्ती स्तर का क्वांटम कंप्यूटर विकसित करने की परिकल्पना की गई है।

कट्टरता सिखाने वाले मदरसों और संस्थानों की समीक्षा के आदेश दिए शिवराज सिंह ने

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कट्टरता सिखाने वाले प्रदेश के अवैध मदरसों और संस्थानों की समीक्षा करने का आदेश दिया है।मुख्यमंत्री ने त्योहारों से पहले कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के लिए अपने आधिकारिक आवास पर बैठक करने के बाद इस निर्णय के बारे में ट्वीट किया। बैठक में गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। चौहान ने बाद में ट्वीट किया, मध्यप्रदेश में अवैध मदरसे, संस्थान, जहां कट्टरता का पाठ पढ़ाया जा रहा है, उसकी समीक्षा की जाएगी। कट्टरता और अतिवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आनलाइन जुए को भी एक नई समस्या के तौर पर बताया। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ऑनलाइन गैंबलिंग बड़ी समस्या है। प्रदेश में वर्तमान में जुआ अधिनियम 1876 का है। इसमें ऑनलाइन गैंबलिंग के विरुद्ध कोई प्रावधान नहीं है। हमने फैसला किया है कि वर्तमान जुआ अधिनियम के स्थान पर मध्य प्रदेश जुआ अधिनियम 2023 बनाया जाएगा। बैठक के दौरान चौहान ने कहा कि राज्य पुलिस में कानून व्यवस्था के मामले में देश का नंबर एक राज्य बनाने की क्षमता है।

राकांपा नेता सुप्रिया सुले का दावा, अगले 15 दिनों में होंगे दो राजनीतिक धमाके

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने दावा किया है कि अगले 15 दिनों में दो धमाके (राजनीतिक) होंगे। उनके मुताबिक इन धमाकों में एक दिल्ली में और दूसरा महाराष्ट्र में होगा।

उन्होंने यह टिप्पणी तब की जब कुछ संवाददाताओं ने उनसे वंचित बहुजन आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर के उस बयान के बारे में मंगलवार को पूछा, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य में अगले 15 दिनों में (राजनीतिक) बम धमाके होंगे।

राकांपा प्रमुख शरद पवार की बेटी सुले ने विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा, एक दिल्ली में होगा और दूसरा राज्य में होगा। शरद पवार के भतीजे और राकांपा के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने मंगलवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया था कि वह और उनके वफादार विधायकों का एक समूह सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन कर सकता है।

चालू वित्त वर्ष में 12,500 किमी राजमार्गों के निर्माण की योजना

नई दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में 12,500 किलोमीटर राजमार्गों के विकास एवं निर्माण का लक्ष्य हासिल करने की योजना बनाई है। मंत्रालय में सचिव अलका उपाध्याय ने बुधवार को पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए मंत्रालय ने 12,500 किलोमीटर लंबे राजमार्गों के निर्माण और 12,000 किलोमीटर लंबे राजमार्गों के विकास की परियोजनाएं आवंटित करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राजमार्गों के विकास की रफ्तार को कायम रखने के लिए योजनाएं बनाई हैं। इस क्रम में वित्त वर्ष 2023-24 में बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट) के जरिए 10,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना भी शामिल है। मंत्रालय ने गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में बनाए गए राजमार्गों का अभी ब्योरा नहीं जारी किया है। इसके पहले वित्त वर्ष 2021-22 में उसने 10,457 किलोमीटर, वर्ष 2020-21 में 13,327 किलोमीटर और वर्ष 2019-20 में 10,237 किलोमीटर राजमार्ग बनाए थे। देश में राजमार्गों एवं एक्सप्रेसवे का विकास मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण (एनएचएआई) और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) के जरिए किया जाता है। उपाध्याय ने नई राजमार्ग परियोजनाओं के लिए वित्त जुटाने में इनविट के इस्तेमाल के बारे में पूछे जाने पर कहा, 28 फरवरी, 2023 तक दो चरणों में इनविट के जरिए 10,200 करोड़ रुपए जुटाए जा चुके हैं। अप्रैल में इनविट का तीसरा चरण लाया जाएगा जिससे 10,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना है।

क्विक न्यूज

केरल के पेयजल स्रोतों के दूषित होने का खतरा

तिरुवनंतपुरम। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के पास त्रिक्कन्नपुरम की रहने वाली अनीता कुमारी यह सुनिश्चित करती है कि उनके परिवार के सदस्य उबला हुआ पानी पिएं, भले ही यह पानी सीधे उनके घर के आंगन मे स्थित कुएं से लिया गया हो। करीब 26 साल पहले जब कुआं खोदा गया था, तब अनीता का परिवार और उसके आस-पड़ोस के लोग बिना उबाले पानी पीते थे। अनीता ने कहा, पहले हम इस कुएं से बहुत साफ पानी लिया करते थे। अब, हमारे चारो ओर प्रदूषण है और पानी दूषित है। इसलिए हमने पानी उबालकर पीने का फैसला किया। केरल जल प्राधिकरण (केडब्ल्यूए) के अधिकारियो ने विभिन्न अध्ययनो का हवाला देते हुए राज्य के जल संसाधनो के प्रदूषण के स्तर को लेकर अनीता कुमारी की बातो से सहमति जताई। अधिकारियो के अनुसार, 44 नदियो और हजारो झीलो के साथ अपने प्रचुर भूजल के लिए जाना जाने वाला केरल गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। उन्होने कहा कि 80 प्रतिशत से अधिक कुएं, जिन पर अधिकांश लोग पीने के पानी के लिए निर्भर है, और 90 प्रतिशत से अधिक नदियां एस्चेरिशिया कोलाई (ई. कोलाई) जीवाणु से दूषित है। अधिकारी तेजी से बढ़ते शहरीकरण को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते है। भूजल विभाग के निदेशक जॉन वी. सैमुअल ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारे लोग अभी भी अपने जल संसाधनो को प्रदूषण से मुक्त रखने के महत्व से अनभिज्ञ है। केरल मे, हमारे पास भूजल की कमी कोई बड़ा मुद्दा नही है, हालांकि, प्रदूषण एक बड़ी चिंता है। सेंटर फॉर वाटर रिसोर्सेज डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट (सीडब्ल्यूआरडीएम) के अलग अलग काल मे किए गए शोध मे, राज्य के विभिन्न जल स्रोतो के पानी मे ई कोलाई बैक्टीरिया की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस बैक्टीरिया की वजह से पेट मे मरोड़, अतिसार, उल्टी की शिकायत होती है।

तमिलनाडु में दलित ईसाइयों को अनुसूचित जाति का लाभ देने के समर्थन में विधानसभा में प्रस्ताव पारित

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से अनुरोध किया कि ईसाई धर्म अपनाने वाले अनुसूचित जाति (एससी) के लोगो को भी एससी को मिलने वाले लाभ दिए जाएं। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन द्वारा सदन मे रखे गए प्रस्ताव को काफी विरोध के बीच पारित कर दिया गया, लेकिन इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यो ने बर्हिगमन किया। प्रस्ताव मे केंद्र सरकार से यह मांग की गई है कि वह दलित ईसाइयो को शिक्षा और नौकरियो मे आरक्षण का लाभ प्रदान करने के लिए संविधान मे संशोधन करे। स्टालिन ने दलित ईसाइयो को एससी को मिलने वाले आरक्षण का लाभ प्रदान करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि आदि द्रविड़ो के ईसाई धर्म अपना लेने मात्र से उन्हे विशेषाधिकारो से वंचित नही किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर उन्हे शिक्षा और रोजगार मे आरक्षण का लाभ दिया जाता है तो उनका सामाजिक उत्थान होगा। महज, इसलिए कि उन्होने दूसरा धर्म अपना लिया है, उन्हे सभी लाभो से वंचित करना उचित नही है। यह हमारा रुख है। उन्होने तर्क दिया कि लोगो को अपनी पसंद के धर्म के पालन का अधिकार है, लेकिन उन्हे जाति के आधार पर अलग करना सामाजिक बुराई है। प्रस्ताव का विरोध करते हुए भाजपा की सदस्य वनथी श्रीनिवासन ने इस तरह का प्रस्ताव लाने के आधार पर सवाल उठाया, खासकर जब केंद्र ने इस मुद्दे पर एक आयोग का गठन किया हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु ने उनकी टिप्पणियो को कार्यवाही से हटा दिया और आगाह किया कि उन्हे किसी गुप्त मंशा के साथ विरोध करने की आवश्यकता नही है।

नई दिल्ली में एक बैठक में एप्पल के सीईओ टिम कुक से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

'हनुमान टिटहरी को 86 साल बाद प्रजाति के रूप में जगह मिली'

भाषा। नई दिल्ली

भारत और श्रीलंका में पाई जाने वाली टिटहरी (हनुमान प्लोवर) को 86 साल बाद एक बार फिर से प्रजाति का दर्जा बहाल किया गया है और शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि यह कदम जोखिम वाले पर्यावासों को संरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

हिन्दुओं के देवता- हनुमान- के नाम वाली और रोबिन के आकार की इस पक्षी को 1930 के दशक में केंटिस प्लोवर (केंट की ऐसी ही एक पक्षी) के साथ रखा गया था, क्योंकि दोनों प्रजातियों को एक समान समझा जाता था। हालांकि, डीएनए अनुक्रमण के परिणामों ने वैज्ञानिकों को उन समूहों के बीच सूक्ष्म अंतरों की पुष्टि करने का आधार प्रदान किया है, जो उन्हें एक-दूसरे से अलग करने के लिए पर्याप्त हैं।

शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि प्रजाति को फिर से बहाल करने से संरक्षण निधि का इस्तेमाल क्षेत्र की संकटग्रस्त आर्द्रभूमि को बचाने में मदद के लिए किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ए पर्यावास अत्यधिक जैव विविधता वाले हैं और प्रवासी पक्षियों को अत्यधिक सर्दियों के दिन काटने वाले स्थल (ओवरविंटरिंग साइट्स) प्रदान करते हैं। एक प्रजाति में वैसी आबादी शामिल होती है, जो किसी अन्य प्रजाति के साथ सफलतापूर्वक अंतर्संकरण नहीं कर सकती है। एक उप-प्रजाति में एक प्रजाति के भीतर एक ऐसा समूह होता है, जो आमतौर पर भौगोलिक रूप से अन्य उप-प्रजातियों से अलग होता है।

इस अध्ययन के सह-लेखक एलेक्स बॉण्ड ने कहा, हालांकि हम नहीं जानते कि इस समय हनुमान प्लोवर को खतरा है या नहीं, यह ऐसे क्षेत्र में रहता है जहां मानव जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है।

सूडान में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न देशों के साथ समन्वय कर रहा भारत

भाषा। नई दिल्ली

भारत हिंसा प्रभावित सूडान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब सहित विभिन्न देशों के साथ करीबी समन्वय कर रहा है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उस देश में जमीनी हालात गंभीर हैं और इस समय लोगों की आवाजाही जोखिम भरी होगी।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हिंसाग्रस्त सूडान की स्थिति पर सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्रियों के साथ चर्चा की और भारतीयों की सुरक्षा के लिए व्यावहारिक सहयोग देने का भरोसा दिया। सूडानी सेना और एक प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के बीच पिछले सप्ताहांत में शुरू हुए संघर्ष के बाद से वहां अभी तक कम से कम 270 लोगों की जान जा चुकी है।

भारत, सूडान में हिंसा की स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है, खास तौर पर ऐसी स्थिति में जब वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि भारत की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि आवाजाही सुरक्षित हो और लोग जहां कहीं भी हों, सुरक्षित हों तथा विदेश मंत्रालय और खार्तूम स्थित भारतीय दूतावास सतत रूप से स्थिति पर नजर रखे हुए है। एक सूत्र ने कहा, सुरक्षा कारणों के चलते हम विशिष्ट विवरण नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की सूडान में अहम भूमिका है और भारत उसी के अनुसार उनसे बातचीत कर रहा है।

सूत्रों ने बताया कि भारत संयुक्त राष्ट्र के साथ भी काम कर रहा है, जिसकी सूडान में उल्लेखनीय उपस्थिति है। उन्होंने बताया कि वाशिंगटन में भारतीय राजदूत और लंदन स्थित भारतीय उच्चायुक्त सूडान की स्थिति को लेकर संबंधित मेजबान सरकारों के साथ सम्पर्क में हैं। वहीं, नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने सूडान की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए सूचना एवं सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

सूत्रों ने बताया कि सूडान में भारतीय दूतावास व्हाट्सएप ग्रुप सहित कई माध्यमों से समुदायों एवं लोगों के सम्पर्क में हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और कहा कि उन्होंने यूएई के अपने समकक्ष के साथ सूडान की स्थिति को लेकर चर्चा की।

जयशंकर ने ट्वीट किया, यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जाएद अल नाहयान को सूडान की स्थिति पर विचारों का आदान प्रदान करने के लिए धन्यवाद। हमारा लगातार समन्वय मददगार है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से भी बातचीत की। उन्होंने ट्वीट किया, सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फहरान से अभी-अभी बात की। हम करीबी सम्पर्क कायम रखेंगे। गौरतलब है कि सूडान में पिछले छह दिन से देश की सेना और एक अर्धसैनिक समूह के बीच घातक संघर्ष जारी है। सूडान की राजधानी खार्तूम में जारी व्यापक हिंसा के बीच वहां भारतीय दूतावास ने सोमवार को जारी परामर्श में भारतीयों से घरों से बाहर नहीं निकलने व शांत रहने को कहा था। वहीं रविवार को दूतावास ने कहा था कि खार्तूम में गोली लगने से घायल हुए भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। खार्तूम में हिंसा शुरू होने के बाद जारी अपने दूसरे परामर्श में भारतीय मिशन ने कहा था, ताजा जानकारी के आधार पर दूसरे दिन भी संघर्ष कम नहीं हुआ है। हम भारतीयों से आग्रह करते हैं कि वे जहां हैं, वहीं पर रहें और बाहर न निकलें।

भाजपा के लिए काम करना चाहता हूं: मुकुल रॉय

भाषा। कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय ने बुधवार को कहा कि वह भगवा खेमे के सिपाही हैं और 2021 में तृणमूल कांग्रेस में फिर से शामिल होने के बाद वह मानसिक रूप से कभी उससे जुड़े ही नहीं, इसलिए उससे इस्तीफे का कोई सवाल ही नहीं है। रॉय इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के लिए भविष्य में काम करने की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं।

तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे रॉय 2017 में भाजपा में आ गए थे। वह 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीते। हालांकि, वह चुनाव परिणाम के फौरन बाद तृणमूल कांग्रेस में लौट गए। उन्होंने तब सदन की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया था और तकनीकी रूप से वह अब भी भाजपा विधायक हैं। नई दिल्ली से पीटीआई-भाषा को टेलीफोन पर दिए गए साक्षात्कार में रॉय ने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल में आगामी पंचायत चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी और 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पिछले सप्ताह रखे गए 35 से अधिक सीटों के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी। उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह दुरुस्त हूं। कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं कि मैं अस्वस्थ हूं, जो सही नहीं है। मैं भाजपा विधायक हूं और पार्टी के लिए यहां आया हूं। मैं अपनी पार्टी भाजपा के लिए काम करना चाहता हूं। मैं तृणमूल कांग्रेस के साथ मानसिक रूप से कभी नहीं था।

तृणमूल कांग्रेस से दोबारा जुड़ने के बाद पार्टी के साथ उनके तालमेल के बारे में पूछने पर 69 साल के रॉय ने कहा, मैं उस वक्त सही नहीं था और मानसिक रूप से कभी उसका हिस्सा नहीं रहा। तृणमूल कांग्रेस में लौटने के बाद से रॉय अपनी सेहत का हवाला देते हुए सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहे हैं। वहीं, रॉय के डॉक्टरों और उनके बेटे के मुताबिक वह डिमेंशिया और पार्किंसन रोग से जूझ रहे हैं। पिछले महीने उनका मस्तिष्क का एक ऑपरेशन भी हुआ था। डॉक्टरों ने बताया कि उनके शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है लेकिन उनकी मानसिक सेहत को लेकर वे भी अनिश्चित हैं।

उच्च शिक्षण संस्थान जल्द पेश कर सकते हैं पढ़ाई के साथ कमाई योजना

नई दिल्ली (भाषा)। उच्च शिक्षण संस्थान (एचईआई) जल्द ही सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों की मदद के लिए पढ़ाई के साथ कमाई योजना शुरू कर सकते है, ताकि ऐसे छात्रों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में सहूलियत हो। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने प्रस्ताव किया है कि उच्च शिक्षण संस्थान अपने परिसर में विभिन्न विभागों के पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के ऐसे अल्पकालिक अवसर प्रदान कर सकते हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों में सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को समान अवसर प्रदान करने के लिए आयोग ने दिशानिर्देश जारी किए हैं।

एलएसी पर स्थिति तनावपूर्ण, सेना को सतर्क रहने की जरूरत : राजनाथ

भाषा। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को थल सेना से कहा कि वह चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कड़ी निगरानी रखे क्योंकि चीनी सैनिकों की तैनाती को देखते हुए उत्तरी क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। सूत्रों ने बताया कि सेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने बिना किसी विशेष संदर्भ का जिक्र करते हुए, सशस्त्र बलों का आह्वान किया कि वे विश्व भर में हो रहे भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर गौर करें और अपनी योजना और रणनीतियों को उस अनुसार ढालने का प्रयास करें। सूत्रों के अनुसार, उनहोंने कहा, उत्तरी क्षेत्र में पीएलए (चीनी) सैनिकों की तैनाती के कारण स्थिति तनावपूर्ण है। हमारे सशस्त्र बलों, खासकर भारतीय थल सेना को एलएसी की सुरक्षा के लिए लगातार सतर्कता बरतनी होगी। रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में तीन साल से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकतौ है। उन्होंने कहा, मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार का भरसक प्रयास है कि सीमा पर तैनात हर जवान को अत्याधुनिक हथियार और सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। सेना के कमांडरों का पांच दिवसीय सम्मेलन सोमवार को दिल्ली में शुरू हुआ। इसमें चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर देश की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और बल की युद्धक क्षमता में वृद्धि के तौर-तरीकों पर विचार किया जा रहा है।

नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में ड्रोन हाथ में लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

जम्मू कश्मीर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि वहां शांति और स्थिरता है एवं केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवादी गतिविधियों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर राज्यों में भी, भारतीय थल सेना द्वारा चलाए गए अभियानों के बाद आंतरिक सुरक्षा स्थिति में काफी सुधार हुआ है। सिंह ने कहा, इसके बाद भी, हमें शांति के लिए सरकार के प्रयासों को चुनौती देने वाले राष्ट्र-विरोधी संगठनों को लेकर सतर्क रहना होगा। सिंह ने कहा कि विभिन्न अनिश्चितताओं के कारण भविष्य के युद्ध काफी अप्रत्याशित होंगे। उन्होंने कहा, आज के बदलते समय में, खतरों और हथियारों का दायरा काफी व्यापक हो गया है। इसे ध्यान में रखते हुए अपनी रक्षा तैयारियों का आकलन करने की आवश्यकता है।

मार्यस व गेंदबाजों ने दिलाई सुपरजाइंट्स को रॉयल्स पर जीत

भाषा। जयपुर

सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से लखनऊ सुपरजाइंट्स ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हरा दिया। सुपरजाइंट्स के 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल (35 गेंद में 44 रन, चार चौके, दो छक्के) और जोस बटलर (41 गेंद में 40 रन, चार चौके, एक छक्का) के बीच पहले विकेट की 87 रन की साझेदारी के बावजूद छह विकेट पर 144 रन ही बना सकी।

सुपरजाइंट्स की ओर से आवेश खान ने 25 रन पर तीन जबकि मार्कस स्टोइनिस ने 28 रन पर दो विकेट चटकाए। नवीन उल हक ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 19 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

सुपरजाइंट्स की टीम ने इससे पहले मायर्स (51) के अर्धशतक से सात विकेट पर 154 रन बनाए। मायर्स ने दो जीवनदान का फायदा उठाने वाले कप्तान लोकेश राहुल (39) के साथ पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़े। निकोलस पूरन (29) और मार्कस स्टोइनिस (21) ने पांचवें विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी करके स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया।

रॉयल्स की ओर से अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (23 रन पर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे जबकि ट्रेंट बोल्ट (16 रन पर एक विकेट) ने किफायती गेंदबाजी की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स को जायसवाल और बटलर की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने तेज गेंदबाज युद्धवीर सिंह को निशाना बनाया। जायसवाल ने इस तेज गेंदबाज पर दो चौके और एक छक्का जड़ा जबकि बटलर ने भी गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया।

जायसवाल ने छठे ओवर में आवेश पर भी लगातार दो चौके मारे। दूसरे चौके पर हालांकि वह भाग्यशाली रहे जब शॉर्ट थर्ड मैन पर नवीन कैच लपकने में नाकाम रहे। रॉयल्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 47 रन बनाए।

जायसवाल और बटलर ने बीच के ओवरों में स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी लेकिन खराब गेंदों को सबक भी सिखाया। बटलर ने इस बीच लेग स्पिनरों रवि बिश्नोई और अमित मिश्रा पर चौके मारे और जायसवाल के साथ मिलकर 10 ओवर में टीम का स्कोर 73 रन तक पहुंचाया। जायसवाल ने मार्कस स्टोइनिस पर छक्का मारा लेकिन इसी ओवर में शॉर्ट थर्ड मैन पर आवेश खान को कैच दे बैठे।

कप्तान संजू सैमसन सिर्फ दो रन बनाने के बाद बटलर के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए।

बटलर भी अगले ओवर में स्टोइनिस की गेंद को बाउंड्री पर सीधे बिश्नोई के हाथों में खेल गए जिससे

रॉयल्स का स्कोर बिना विकेट के 87 रन से तीन विकेट पर 97 रन हो गया।

रॉयल्स के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा हुआ। टीम को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 51 रन की दरकार थी। आवेश ने फॉर्म में चल रहे शिमरोन हेटमायर (02) को कप्तान राहुल के हाथों कैच कराके अपनी टीम को बड़ी सफलता दिलाई। देवदत्त पडिक्कल ने बिश्नोई पर चौके के साथ 31 गेंद के बाउंड्री के सूखे को खत्म किया। आवेश के ओवर में तीन जबकि बिश्नोई के ओवर में छह रन बने जिससे टीम को अंतिम तीन ओवर में 42 रन की जरूरत थी। पडिक्कल ने स्टोइनिस पर तीन चौकों से 13 रन जोड़े। रियान पराग ने अगले ओवर में नवीन पर छक्का जड़ा लेकिन ओवर में 10 रन ही बने।

अंतिम ओवर में रॉयल्स को 19 रन की जरूरत थी। पराग ने आवेश की पहली गेंद पर चौका मारा लेकिन तीसरी गेंद पर पडिक्कल ने विकेटकीपर पूरन को कैच थमा दिया जिससे टीम की जीत की रही सही उम्मीद भी खत्म हो गई। इससे पहले सैमसन ने सुपरजाइंट्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद टीम की शुरुआत धीमी रही। बोल्ट ने पहला ओवर मेडन डाला जबकि चार ओवर में सुपरजाइंट्स 18 रन ही बना सके। इस बीच संदीप शर्मा की गेंद पर यशस्वी जायसवाल ने एक्सट्रा कवर पर राहुल का आसान कैच टपकाया।

मायर्स ने बोल्ट पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन इसी ओवर में राहुल दूसरी बार भाग्यशाली रहे। इस बार मिड ऑफ पर जेसन होल्डर ने उनका कैच छोड़ा। सुपरजाइंट्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 37 रन बनाए। मायर्स ने होल्डर पर छक्के के साथ आठवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। युजवेंद्र चहल के अगले ओवर में मायर्स ने लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़ा जबकि राहुल ने भी गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया जिससे ओवर में 18 रन बने।

राहुल इसके बाद होल्डर की गेंद को लांग ऑन पर सीधे बटलर के हाथों में खेलकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 32 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का मारा। बोल्ट ने अगले ओवर में आयुष बडोनी (01) को बोल्ड करके सुपरजाइंट्स को दूसरा झटका दिया। मायर्स ने चहल पर लगातार दो चौके और फिर एक रन के साथ 40 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अश्विन के अगले ओवर में दीपक हुड्डा (02) बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप स्क्वायर लेग पर शिमरोन हेटमायर के हाथों लपके गए।

अश्विन ने इसी ओवर में मायर्स को बोल्ड करके सुपरजाइंट्स का स्कोर चार विकेट पर 104 रन किया। मायर्स ने 42 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और तीन छक्के मारे।

पूरन ने 19वें ओवर में होल्डर पर दो चौके और एक छक्के से 17 रन जुटाए। टीम ने संदीप शर्मा के अंतिम ओवर में पूरन और स्टोइनिस सहित तीन विकेट गंवाकर आठ रन जोड़े।

स्कोर बोर्ड

लखनऊ सुपरजाइंट्सः लोकेश राहुल का बटलर बो होल्डर 39, काइल मायर्स बो अश्विन 51, आयुष बडोनी बो बोल्ट 01, दीपक हुड्डा का हेटमायर बो अश्विन 02, मार्कस स्टोइनिस का सैमसन बो संदीप 21, निकोलस पूरन रन आउट 29, कृणाल पंड्या नाबाद 04, युद्धवीर सिंह रन आउट 01 **अतिरिक्तः** 06 **कुलः20 ओवर में सात विकेट परः** 154 रन **विकेट पतनः** 1-82, 2-85, 3-99, 4-104, 5-149, 6-153, 7-154 **गेंदबाजीः** बोल्ट 4-1-16-1, संदीप 4-0-32-1, अश्विन 4-0-23-2, चहल 4-0-41-0, होल्डर 4-0-38-1

राजस्थान रॉयल्सः यशस्वी जायसवाल का आवेश बो स्टोइनिस 44, जोस बटलर का बिश्नोई बो स्टोइनिस 40, संजू सैमसन रन आउट 02, देवदत्त पडिक्कल का पूरन बो आवेश 26, शिमरोन हेटमायर का राहुल बो आवेश 02, रियान पराग नाबाद 15, ध्रुव जुरेल का हुड्डा बो आवेश 00, रविचंद्रन अश्विन नाबाद 03, अतिरिक्तः 12 **कुलः20 ओवर में छह विकेट परः** 144 रन, **विकेट पतनः** 1-87, 2-93, 3-97, 4-104, 5-141, 6-141 **गेंदबाजीः** नवीन 4-0-19-0, युद्धवीर 2-0-27-0, आवेश 4-0-25-3, स्टोइनिस 4-0-28-2, बिश्नोई 4-0-25-0, मिश्रा 2-0-15-0

सूर्यकुमार आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

भाषा। दुबई

भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे सूर्यकुमार 906 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्हें दूसरे स्थान पर मौजूद पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (798) पर 100 से भी अधिक अंक की बढ़त हासिल है।

शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार ने 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। पूर्व कप्तान विराट कोहली 15वें स्थान के साथ बल्लेबाजों की सूची में अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। वह भी अपनी पिछली रैंकिंग पर बरकरार हैं।

गेंदबाजों में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 14वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार एक स्थान के नुकसान से 19वें पायदान पर हैं।

ऑलराउंडर की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

हारिस राउफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 10 विकेट के साथ शादाब खान को पछाड़कर पाकिस्तान के शीर्ष गेंदबाज बन गए हैं। उनके 906 अंक हैं। राउफ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 श्रृंखला में लगातार दो मैच में चार-चार विकेट चटकाए। राउफ को पांच स्थान का फायदा हुआ है और वह 11वें पायदान पर हैं। इस बीच ईश सोढी (620) और शाहीन शाह अफरीदी (624) भी गेंदबाजी रैंकिंग में आगे बढ़े हैं। टेस्ट प्रारूप में श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या ने 13 स्थान की लंबी छलांग लगाई है। आयरलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 10 विकेट की बदौलत वह शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। जयसूर्या के नाम करियर के सर्वश्रेष्ठ 669 अंक हैं और वह टेस्ट प्रारूप में श्रीलंका के शीर्ष गेंदबाज बन गए हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट चटकाने वाले स्पिनर रमेश मेंडिस (576) को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है और वह 32वें स्थान पर हैं।

भारतीय फिजियो की सेवाएं लेगी सीपीएल फ्रेंचाइजी

नई दिल्ली। कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) की फ्रेंचाइजी सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स अगस्त में होने वाली प्रतियोगिता में भारत की फिजियोथेरेपिस्ट मीनाक्षी नेगी की सेवाएं लेगी। मीनाक्षी नेगी घरेलू क्रिकेट में उत्तराखंड महिला टीम के सहयोगी स्टाफ की सदस्य है। उन्हे ड्वेन ब्रावो की अगुवाई वाली सीपीएल फ्रेंचाइजी ने अपना सहायक फिजियो नियुक्त किया है। उत्तराखंड क्रिकेट संघ ने बताया, उत्तराखंड क्रिकेट संघ को आपको यह जानकारी देते हुए खुशी हो रही है कि हमारी सीनियर महिला टीम की फिजियोथेरेपिस्ट मीनाक्षी नेगी को सीपीएल टीम सेंट किट्स एंड नेविस का सहायक फिजियो नियुक्त किया गया है।

शमीम खान को अहमदाबाद ओपन में शुरूआती बढ़त

अहमदाबाद। दिल्ली के शमीम खान ने बुधवार को यहां पांच अंडर 31 का कार्ड खेलकर एक करोड़ रुपए इनामी अहमदाबाद ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में शुरुआती बढ़त हासिल की। श्रीलंका के मिथुन परेरा, बांग्लादेश के जमाल हुसैन, दिल्ली के क्षितिज नवीद कौल, फरीदाबाद के अभिनव लोहान और ग्रेटर नोएडा के अर्जुन भाटी तीन अंडर 33 के समान स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के पहले दो दौर नौ-नौ होल के है। इस तरह से 18 होल के बाद कट लागू होगा। तीसरा और चौथा दौर 18-18 होल का होगा। इस तरह से इस टूर्नामेंट में कुल 54 होल का खेल होगा। पहले दो दौर में पार स्कोर 36 है।

ओस्टापेंको ने स्टटगार्ट के पहले दौर में राडूकानू को हराया

स्टटगार्ट। पूर्व ग्रैंडस्लैम चैम्पियन एलेना ओस्टापेंको ने पोर्शे ग्रां प्री इंडोर क्लेकोर्ट टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में एम्मा राडूकानू को 6 . 2, 6 .1 से हरा दिया। फ्रेंच ओपन 2017 चैम्पियन लाटविया की ओस्टापेंको ने पहले ही सेट में अमेरिकी ओपन 2021 चैम्पियन राडूकानू की सर्विस दो बार तोड़कर उसे दबाव में ला दिया। एक अन्य मैच में पाउला बाडोसा ने सातवी वरीयता प्राप्त डारिया कासात्किना को 6 .1, 6 .1 से हराया। अब उनका सामना क्वालीफायर क्रिस्टिना बुक्सा से होगा। बारबरा क्रेइसिकोवा ने लियुडमिला सैमसोनोवा को 6 . 2, 6 . 0 से शिकस्त दी और अब वह एरिना सबालेंका से खेलेगी।

वैश्विक शतरंज लीग (जीसीएल) ने अपना लोगो जारी किया

नई दिल्ली। विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे और टेक महिंद्रा के संयुक्त प्रयासों से शुरू किए जा रहे वैश्विक शतरंज लीग (जीसीएल) का आधिकारिक लोगो बुधवार को जारी किया गया जो इस खेल के 64 खानों जैसा दिखता है। अपनी तरह की इस विशिष्ट लीग के शुरू होने के 64 दिन पहले लोगो जारी किया गया। शतरंज के बोर्ड में कुल 64 खाने होते है। जीसीएल विश्व की सबसे बड़ी और शतरंज की पहली लीग है जिसका आयोजन 21 जून से दो जुलाई के बीच किया जाएगा। जीसीएल में पहली बार कुल छह टीमें भाग लेंगी। प्रत्येक टीम में छह खिलाड़ी होंगे जिनमें दो महिला खिलाड़ी और एक आइकन खिलाड़ी भी शामिल है। पांच बार के विश्व चैंपियन और जीसीएल के मेंटोर (मार्गदर्शक) विश्वनाथन आनंद ने कहा, हम जैसे जैसे टूर्नामेंट की शुरुआत के करीब जा रहे है, हम देख रहे है कि हमारी सभी

पावरप्ले में बहुत विकेट गंवा रहे हैं, मध्यक्रम अभी परिपक्व नहीं : लारा

भाषा। हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में पावरप्ले में कई विकेट गंवाना उनकी टीम की परेशानी बनी हुई है और उन्हें मध्यक्रम में लंबी पारी खेलकर फिनिशर की भूमिका निभाने वाला बल्लेबाज चाहिए।

लारा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , विकेट गंवाने से हमेशा आप दबाव में आ जाते हैं। हमने जब भी जीत दर्ज की है , तब सलामी बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपकी बल्लेबाजी में कितनी गहराई है। आपको यह सुनिश्चित करना होता है कि सही बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका मिले और इस मैच में वह मौका नहीं लिया। मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स को मंगलवार को 14 रन से हराया। लारा ने कहा , हमारा मध्यक्रम अभी परिपक्व नहीं है। हमें ऐसे खिलाड़ी चाहिए जो आखिर तक खेलकर जीत दिलाएं। आईपीएल में राहुल तेवतिया, डेविड मिलर जैसे उदाहरण है। हमें भी वैसे ही बल्लेबाज चाहिए। हम उस पर काम कर रहे हैं लेकिन इस मैच में हम बेहतर टीम नहीं थे। इसे स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा , हमने पांचों मैचों में पावरप्ले में काफी विकेट गंवाए। इससे हम शुरू ही से दबाव में आ गए। हमें इसमें सुधार करना होगा। वहीं 17 गेंद में 37 रन बनाने वाले मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि वह टीम के लिए किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने को तैयार है। उन्होंने कहा , मैं किसी भी क्रम पर खेलने को तैयार हूं। मैने हालात के अनुरूप बल्लेबाजी के लिए खुद को तैयार किया है। मैने टीम प्रबंधन को भी बता दिया है कि मैं किसी भी क्रम पर खेल सकता हूं।

वॉर्नर आस्ट्रेलिया की एशेज टीम में

मेलबर्न। अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को इंग्लैंड में होने वाली एशेज श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया की टीम में रखा गया है जबकि भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के संभावित खिलाड़ियों में भी वह हैं। भारत दौरे पर चोटिल होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में 36 वर्ष के वॉर्नर के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। वह भारत में टेस्ट श्रृंखला के अधिकांश मैच नहीं खेल सके लेकिन सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए लौटे। पांच टेस्ट मैचों के लिए आस्ट्रेलिया की 17 सदस्ईय टीम में वॉर्नर के अलावा सलामी बल्लेबाजों में मार्कस हैरिस और मैट रेनशॉ भी है जबकि उस्मान ख्वाजा को भी टीम में जगह मिली है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि सात जून से ओवल पर होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए 28 मई को 15 सदस्ईय टीम चुनी जाएगी।

आस्ट्रेलियाई टीम : पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कारी , कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, टॉड मरफी, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, डेविड वॉर्नर।

चार टीम का इंटरकॉन्टिनेंटल कप नौ से 18 जून तक भुवनेश्वर में

भाषा। नई दिल्ली

इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का तीसरा सत्र भुवनेश्वर में नौ से 18 जून तक खेला जाएगा जिसमें मेजबान भारत की राष्ट्रीय पुरुष टीम के अलावा तीन अन्य टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली अन्य तीन अन्य टीमें लेबनान, मंगोलिया और वनुआतु हैं। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों में लेबनान नवीनतम फीफा रैंकिंग में 99वें जबकि भारत 101वें स्थान पर है। वनुआतु (164) और मंगोलिया (183) रैंकिंग में भारत से नीचे हैं।

भारत ने 2018 में मुंबई में आयोजित टूर्नामेंट का पहला सत्र जीता था लेकिन 2019 में अहमदाबाद में पिछले टूर्नामेंट में निराशाजनक चौथे और आखिरी स्थान पर रहा था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने विज्ञप्ति में कहा, चार टीमों का हीरो इंटरकॉन्टिनेंटल कप 9 से 18 जून तक फीफा के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के समय के दौरान खेला जाएगा जिसमें मेजबान भारत के साथ लेबनान, मंगोलिया और वनुआतु भी शामिल होंगे।

महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा, इम्फाल ने मार्च में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के आनंद का अनुभव किया

था और अब भुवनेश्वर की बारी है कि वह पुरुषों के फुटबॉल के लिए देश के अंतरराष्ट्रीय स्थलों की बढ़ती संख्या में शामिल हो। उन्होंने कहा, भुवनेश्वर फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के आयोजन स्थलों में से एक था और इसके साथ ही हमने ओडिशा सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे कुछ उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे को देखा है।

प्रभाकरन ने कहा, यह अंडर-17 महिला विश्व कप की विरासत है और इसने सीनियर पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के इतिहास में पहली बार शहर में खेलने का मार्ग प्रशस्त किया है।

भारतीय पुरुषों की राष्ट्रीय टीम ने इससे पहले मंगोलिया और वनुआतु के खिलाफ कभी नहीं खेला है। भारत ने इससे पहले लेबनान के खिलाफ छह मैच खेले हैं।

भारतीय टीम घरेलू सरजमीं पर पिछले पांच मुकाबलों से अजेय है जिसकी शुरुआत पिछले साल आठ जून को कोलकाता में एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर राउंड तीन में कंबोडिया पर 2-0 की जीत के साथ हुई थी। इसके बाद इगोर स्टिमक की टीम ने त्रिकोणीय टूर्नामेंट में इम्फाल में म्यांमार (1-0) और किर्गिस्तान (2-0) पर जीत से पहले अफगानिस्तान (2-1) और हांगकांग (4-0) को भी हराया था।

भारत में खेलों में निजी क्षेत्र की भागीदारी की अब भी काफी गुंजाइशः सरकारी अधिकारी

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव पीके झा का मानना है कि भारत में खेलों के विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी की अब भी काफी गुंजाइश है। खेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव (विकास) ने मंगलवार को फिक्की के कार्यक्रम में कहा, खेल विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए बहुत सुधार और गुंजाइश है।

फिलहाल खेल में ज्यादातर चीजें सरकार द्वारा समर्थित हैं और निजी क्षेत्र को कदम बढ़ाने की जरूरत है। वे मदद के लिए खेल विकास को भी अपना सकते हैं। यह जमीनी स्तर के विकास के लिए सीएसआर समर्थन का आधार हो सकता है। वर्तमान में प्रमुख पहलू जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है वह प्रतिभा की पहचान और जमीनी स्तर पर प्रतिभा खोज है।

भारत के पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान में बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्य अशोक मल्होत्रा ने कहा कि कोई भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड से सीख सकता है कि अन्य खेलों को लोकप्रिय और आर्थिक रूप से स्वस्थ कैसे बनाया जाए। उन्होंने कहा, बीसीसीआई से सीख लेनी चाहिए कि वे किस तरह से खेल का विपणन करते हैं।

सिराज ने आस्ट्रेलिया के दौरे से पहले अज्ञात व्यक्ति द्वारा संपर्क किए जाने की जानकारी दी थी : सूत्र

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बीसीसीआई की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई (एसीयू) को बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने इस साल फरवरी में आस्ट्रेलिया टीम के दौरे से पहले टीम की अंदरूनी जानकारी पाने के लिए उनसे संपर्क किया था। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए खेलने वाले सिराज ने बीसीसीआई की एसीयू को इसकी जानकारी दी थी।

समझा जाता है कि सटोरिए ने भारत के मैचों के दौरान काफी पैसा गंवा दिया था और हताशा में सिराज को मैसेज भेजा था। भारत ने जनवरी फरवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला खेली जिसके बाद आस्ट्रेलियाई टीम यहां आई। भारत ने श्रीलंका को टी20 श्रृंखला में 2 .1 से हराया और वनडे श्रृंखला 3 . 0 से जीती।

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत ने वनडे श्रृंखला 3 . 0 से जीती और टी20 श्रृंखला में 2 .1 से जीत दर्ज की। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया , जिसने सिराज से संपर्क किया वह सटोरिया नहीं था। वह मैचों पर सट्टा लगाने का आदी हैदराबाद का एक ड्राइवर था। उसने काफी पैसा गंवा दिया था इसलिए उसने अंदरूनी जानकारी के लिए सिराज से वाट्सअप पर संपर्क किया।

उन्होंने कहा , सिराज ने तुरंत इसकी सूचना दी। आंध्र पुलिस ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया है। बीसीसीआई ने 2013 के स्पॉट फिक्सिंग मामले के बाद एसीयू नेटवर्क में विस्तार किया था।

सीएफआई के अध्यक्ष बनेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे पंकज

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के नोएडा से विधायक पंकज सिंह का शनिवार को भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) का अध्यक्ष घोषित होना तय है क्योंकि वह इस शीर्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार हैं। पंकज ही नहीं बल्कि सीएफआई की कार्यकारी परिषद के अन्य सभी 24 सदस्य भी शनिवार को उत्तराखंड के नैनीताल में चुनाव बैठक के दौरान निर्विरोध चुने जाएंगे।

पंकज पंजाब के पूर्व मंत्री परमिंदर सिंह ढींढसा की जगह लेंगे जो सीएफआई के अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल (2011 से 12 साल तक) के बाद खेल संहिता के तहत चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे पंकज कुछ समय के लिए भारतीय तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं लेकिन पिछले साल अप्रैल में उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने इसके लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायक के रूप में अपनी प्रतिबद्धताओं का हवाला दिया था।

निवर्तमान महासचिव मनिंदर पाल सिंह को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुना जाएगा क्योंकि वह इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार हैं। केरल के सुदेश कुमार कोषाध्यक्ष होंगे।

भारत ने अंडर-17 एएफसी महिला एशियाई कप क्वालीफायर्स के लिए टीम घोषित की

नई दिल्ली। भारत ने किर्गिस्तान के बिश्केक में 24 अप्रैल से शुरू होने वाले महिला अंडर-17 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दौर के लिए बुधवार को 23 सदस्ईय टीम की घोषणा की। भारत ग्रुप एफ में है जिसमें मेजबान किर्गिस्तान और म्यांमार भी हैं। भारतीय टीम अपना पहला मैच 26 अप्रैल को मेजबान टीम के खिलाफ खेलेगी और फिर 28 अप्रैल को म्यांमार के से भिड़ेगी। भारतीय टीम को पिछली बार ढाका में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में खेली थी जहां टीम तीसरे स्थान पर रही थी। तब से टीम इंदौर शिविर में हिस्सा ले रही है।

टीम इस प्रकार है: गोलकीपर: सारंगथेम खंबी चानू, अनीशा उरांव, खुशी कुमारी। डिफेंडर: एंद्रेमबम थोई थोई देवी, तोइजाम थोईबिसाना चानू, हीना खातून, विक्षित बारा, जूही सिंह, अखिला राजन, आर्य अनिलकुमार, इरोम सोनिबिया देवी। मिडफील्डर: नोंगमेइकापम शिबानी देवी, लोरेम्बम मेनका देवी, शिवानी टोप्पो, बबीता कुमारी, सिंडी रेमरुतपुई कोलनी, श्वेता रानी, सुलंजना राउल, रेमी थोकचोम, ललिता बोयपाई। फारवर्ड: काजल कुमारी, शिलजी शाजी, पूजा।

सुदीरमन कप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे प्रणय व सिंधू

भाषा। नई दिल्ली

विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय और ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू चीन के सुजोऊ में 14 से 21 मई के बीच होने वाले सुदीरमन कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ की सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति की मंगलवार को यहां बैठक हुई जिसमें टीम का चयन किया गया। टीम का लक्ष्य इस मिश्रित टीम चैंपियनशिप में पहली बार पदक हासिल करना होगा।भारतीय पुरुष टीम ने पिछले साल प्रतिष्ठित थॉमस कप जीतकर इतिहास रचा था जिससे भारतीय टीम की सुदीरमन कप में पदक जीतने की संभावना बढ़ गई है। भारत ने इस साल के शुरू में एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, सुदीरमन कप प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है और चयनकर्ताओं ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का अध्ययन करने के बाद सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन किया है। हमें विश्वास है इस साल यह टीम पदक के लिए चुनौती पेश करेगी। भारत को मलेशिया, चीनी ताइपे और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप सी में रखा गया है और उसका पहला लक्ष्य नॉकआउट चरण में जगह बनाना होगा। चोट के कारण एशियाई मिश्रित टीम प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाने वाले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की वापसी से पुरुष युगल टीम को मजबूती मिली है जबकि महिला युगल में ऑल इंग्लैंड की सेमीफाइनलिस्ट गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली के अलावा अश्विनी पोनप्पा और उनकी नई जोड़ीदार तनीषा क्रैस्टो को भी शामिल किया गया है।किदांबी श्रीकांत और मौजूदा सीनियर राष्ट्रीय महिला एकल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय एकल में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं।

भारतीय टीम इस प्रकार हैः

पुरुष एकलः एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत (रिजर्वः लक्ष्य सेन) **महिला एकलः** पीवी सिंधू, अनुपमा उपाध्याय (रिजर्वः आकर्षी कश्यप) **पुरुष युगलः** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डीचिराग शेट्टी, एमआर अर्जुनाध्रुव कपिला **महिला युगलः** गायत्री गोपीचंदात्रीसा जॉली, अश्विनी पोनप्पातनीषा क्रैस्टो **मिश्रित युगलः** तनीषा क्रैस्टोसाई प्रतीक।

भारत में खेलों में निजी क्षेत्र की भागीदारी की अब भी काफी गुंजाइशः सरकारी अधिकारी

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव पीके झा का मानना है कि भारत में खेलों के विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी की अब भी काफी गुंजाइश है।

खेल मंत्रालय में संयुक्त सचिव (विकास) ने मंगलवार को फिक्की के कार्यक्रम में कहा, खेल विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए बहुत सुधार और गुंजाइश है। फिलहाल खेल में ज्यादातर चीजें सरकार द्वारा समर्थित हैं और निजी क्षेत्र को कदम बढ़ाने की जरूरत है। वे मदद के लिए खेल विकास को भी अपना सकते हैं।

उन्होंने कहा, यह जमीनी स्तर के विकास के लिए सीएसआर समर्थन का आधार हो सकता है। वर्तमान में प्रमुख पहलू जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है वह प्रतिभा की पहचान और जमीनी स्तर पर प्रतिभा खोज है।

अंतर संस्थानिक टेबल टेनिसः ओएनजीसी को पुरुष और आईओसीएल को महिला वर्ग का खिताब

नई दिल्ली। ओएनजीसी और आईओसीएल ने 41वें पीएसपीबी अंतरसंस्थानिक टेबल टेनिस टूर्नामेंट में बुधवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब बरकरार रखा। ओएनजीसी ने पुरुष वर्ग में आईओसीएल को 3-1 से पराजित किया जबकि महिला वर्ग में आईओसीएल ने ओआईएल को इसी अंतर से हराया।ओएनजीसी की तरफ से हरमीत देसाई ने शानदार प्रदर्शन करके अनुभवी शरत कमल को 3-1 (11-2, 10-12, 11-7, 11-2) से हराकर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मानव ठक्कर ने हालांकि मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन जी साथियान को 3-0 (11-7, 11-7, 12-10) से पराजित करके आइओसीएल को बराबरी पर ला दिया। ओएनजीसी ने अगले दोनों में जीते। ए अमलराज ने प्रियांशु भट्टाचार्य को 3-0 (12-10, 11-8,